जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक
डाक पंजियन संख्याः JPCITY/004/2023-2025

# हुक्मनामा समाचार

जयपुर शनिवार, 13 सितम्बर, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926 :: वर्ष 22 :: अंक 340
www.hukmnamasamachar.com

## संक्षिप्त खबरें

### मणिपुर में लंबे समय से हिंसा हो रही,अच्छी बात है अब मोदी जा रहे-राहुल

**जूनागढ़।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी की मणिपुर यात्रा पर सवाल उठाया। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर में लंबे समय से हिंसा हो रही है। अच्छा है कि प्रधानमंत्री वहां जा रहे हैं। गुजरात के जूनागढ़ में मीडिया से बात करते हुए राहुल ने कहा कि मणिपुर का मुद्दा लंबे समय से चल रहा है। लेकिन अब देश का बड़ा मुद्दा वोट चोरी है। हरियाणा और महाराष्ट्र में जनादेश छीना गया। लोग अब हर जगह पीएम को 'वोट चोर' कहने लगे हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि चुनावों में धांधली कर सरकारें बनाई जा रही हैं और जनता का विश्वास टूट रहा है। दरअसल, मई 2023 से शुरू हुई मणिपुर हिंसा के बाद से प्रधानमंत्री शनिवार को पहली बार वहां जा रहे हैं। मोदी यहां करीब 7300 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और 1200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। राहुल गांधी ने शुक्रवार को जूनागढ़ में संगठन सृजन के तहत जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जिला अध्यक्षों के साथ संवाद कर, संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

### कांग्रेस का एआई-वीडियो, दिखाया-पीएम के सपने में उनकी मां आईं

**पटना।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी को मां की गाली देने पर मचे बवाल के बाद बिहार कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर एक एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो के बाद बिहार में सियासी पारा चढ़ गया है। 36 सेकेंड के एआई जनरेटेड वीडियो में पीएम मोदी से मिलते शख्स और उनकी दिवंगत मां हीराबेन से मिलती जुलती महिला को दिखाया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है- साहब के सपनों में आईं मां। देखिए रोचक संवाद। गुरुवार रात शेयर हुए इस वीडियो में दिखाया गया है, प्रधानमंत्री के सपने में उनकी मां आकर कह रही है कि राजनीति के लिए कितना गिरोगे? भाजपा ने इस वीडियो को प्रधानमंत्री और उनकी मां के खिलाफ आपत्तिजनक बताते हुए कांग्रेस पर हमला किया है। बीजेपी का आरोप है कि कांग्रेस ने राजनीतिक बहस का स्तर गिरा कर सारी हदें पार कर दी हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, राहुल गांधी अब इतना नीचे गिर गए हैं।

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

घूसखोरों की पकडा धकड़ी , मतलब चल रहा है खेल
सरकार के ईमानदार शासन का, दावा समझो अब फेल
आमजन ने भ्रष्टाचार को, स्वीकार कर लिया हैं अब मन
फाइल कागज नहीं सरकते, पर खिसके देखकर धन

..मुखिया जी

# नेपाल की पहली महिला पीएम बनीं सुशीला कार्की

## राष्ट्रपति का ऐलान- 6 महीने में होंगे चुनाव





**काठमांडू।** सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम पीएम बन गई हैं। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार रात राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई। फिलहाल किसी और को मंत्री नहीं बनाया गया है।

राष्ट्रपति ने ऐलान किया है कि अगले छह महीनों के भीतर संसद का नया चुनाव कराया जाएगा। वहीं, Gen-Z नेताओं ने इस सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि वे सरकार में शामिल नहीं होंगे, लेकिन सरकार के कामकाज की निगरानी करेंगे। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस भी रह चुकीं हैं। उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। नए संविधान के लागू होने के बाद सभी सरकारें अनुच्छेद 76 के तहत बनाई जाती थीं। लेकिन सुशीला कार्की को अनुच्छेद 61 के अनुसार प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

### नेपाल में कोई जज दूसरी बार पीएम बना

सुशीला कार्की पहली ऐसी शख्स नहीं हैं जो न्यायधीश बनने के बाद अंतरिम पीएम बनी हैं। पहली बार ऐसा 2013 को हुआ था, जब मुख्य न्यायाधीश खिलराज रेग्मी के नेतृत्व में चुनावी सरकार बनाई गई थी। पहली संविधान सभा के विघटन के बाद देश में राजनीतिक गतिरोध (रुकावट) पैदा हो गया था। इसे हल करने के लिए सभी राजनीतिक दलों ने समझौता किया और रेग्मी को सरकार बनाने का जिम्मा दिया। उनकी सरकार ने चुनाव कराए और इसके बाद दूसरी संविधान सभा का गठन हुआ।

अनुच्छेद 61 में सीधे प्रधानमंत्री के पद या शक्तियों का कोई जिक्र नहीं है। इसमें मुख्य रूप से राष्ट्रपति का काम और जिम्मेदारियां बताई गई हैं। राष्ट्रपति अनुच्छेद 61 के मुताबिक संविधान की रक्षा का काम करते हैं। इसलिए, राष्ट्रपति ने उसी अनुच्छेद के अनुसार पीएम की नियुक्ति की है।

**नेपाल में भारतीय राजदूत ने सुशीला कार्की को बधाई दी** नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने शपथ ग्रहण समारोह में सुशीला कार्की से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी।

**शपथ ग्रहण में उपराष्ट्रपति और चीफ जस्टिस भी मौजूद थे** लंबी रस्साकशी के बाद राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति राम सहाय प्रसाद यादव, चीफ जस्टिस, नेपाल सरकार के कई बड़े अधिकारी और डिप्लोमैट मौजूद थे।

## खाने-पीने का सामान महंगा होने का असर

# अगस्त में रिटेल महंगाई बढ़कर 2.07 प्रतिशत पर पहुंची



**नई दिल्ली।** अगस्त में रिटेल महंगाई दर जुलाई के 1.61 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर 2.7 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी है। रिटेल महंगाई के आधिकारिक आंकड़े सरकार ने आज (12 सितंबर) जारी किए हैं। रिजर्व बैंक का लक्ष्य महंगाई को 4प्रतिशत ±2 प्रतिशत की सीमा में रखने का है।

**अगस्त में खाने-पीने के सामानों की कीमत बढ़ी** महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 1.76 प्रतिशत से बढ़कर माइनस 0.69 हो गई है। अगस्त महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.18 प्रतिशत से बढ़कर 1.69 प्रतिशत हो गई है। वहीं शहरी महंगाई 2.10 प्रतिशत से बढ़कर 2.47 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

4 से 6 अगस्त तक हुई आरबीआई मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में भी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई का अनुमान 3.7प्रतिशत से घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया था। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।

# सिक्किम में लैंडस्लाइड, 4 की मौत

## आगरा में 40 गांव डूबे

**नई दिल्ली।** वेस्ट सिक्किम के यांगथांग के अपर रिंबी इलाके में शुक्रवार रात लैंडस्लाइड हुई। इसमें 4 लोगों की मौत हुई है। 3 लोग लापता हैं। यूपी के आगरा में यमुना में बाढ़ है। यहां 25 कॉलोनियां और 40 गांव में 2-5 फीट तक बाढ़ का पानी भरा है। ताजमहल के पीछे बना पार्क पूरी तरह से डूब गया। 5 हजार से ज्यादा लोग रिलीफ कैंप में हैं। हिमाचल प्रदेश में 20 जून से अब तक बारिश-बाढ़ के कारण 380 लोगों की मौत हो चुकी है, 40 लापता हैं।



# सीपी राधाकृष्णन ने ली 15वें उपराष्ट्रपति पद की शपथ

## सितंबर 2030 तक होगा कार्यकाल





**नई दिल्ली।** नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने 15वें उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। राधाकृष्णन का कार्यकाल 11 सितंबर 2030 तक होगा। इस दौरान पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए।पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी और वेंकैया नायडू भी समारोह में पहुंचे। इस्तीफा देने के 53 दिन बाद पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आए। धनखड़ ने 21 जुलाई को हेल्थ इश्यू के कारण इस्तीफा दिया था। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन को 9 सितंबर को भारत का 15वां उपराष्ट्रपति चुना गया। उन्हें विपक्षी उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के मुकाबले 452 वोट मिले। राधाकृष्णन ने रेड्डी को 152 वोटों के अंतर से हराया है। अपनी नई जिम्मेदारी की तैयारी में राधाकृष्णन ने गुरुवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से औपचारिक रूप से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी आधिकारिक बयान में इसकी पुष्टि की गई है। उनके इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। राज्यसभा के महासचिव और निर्वाचन अधिकारी पीसी मोदी के मुताबिक 781 में से 767 सांसदों ने वोट डाले, वोटिंग 98.2 प्रतिशत हुई। इनमें से 752 मत वैलिड और 15 इनवैलिड थे। एनडीए को 427 सांसदों का समर्थन प्राप्त था, लेकिन वाईएसआरसीपी के 11 सांसदों ने भी राधाकृष्णन का समर्थन किया।

13 सांसदों ने चुनाव में मतदान से परहेज किया। इनमें बीजू जनता दल के सात सांसद, भारत राष्ट्र समिति के चार, शिरोमणि अकाली दल का एक सांसद और एक निर्दलीय सांसद शामिल हैं।

# स्पाइसजेट फ्लाइट का टायर टेकऑफ के दौरान रनवे पर गिरा

## सभी 75 यात्री सुरक्षित

**मुंबई ।** गुजरात के कांडला से मुंबई आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में बड़ा हादसा टल गया। शुक्रवार को कांडला एयरपोर्ट पर टेकऑफ के दौरान बॉम्बार्डियर क्यू 400 प्लेन का एक टायर रनवे पर गिर गया। इसके बावजूद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए उड़ान जारी रखी। मुंबई एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग से पहले फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। हालांकि विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और खुद टर्मिनल तक पहुंचा। सभी 75 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। एयरलाइन ने घटना की पुष्टि की है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है और तकनीकी कारणों का पता लगाया जा रहा है।



# पूरे देश को साफ हवा का हक

## दिल्ली-एनसीआर ही क्यों, देशभर में पटाखे बैन होने चाहिए-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली में पटाखों को बैन करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि अगर दिल्ली-एनसीआर के शहरों को साफ हवा का हक है तो दूसरे शहरों के लोगों को क्यों नहीं? प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सीजेआई गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है तो पूरे देश में बैन करना चाहिए। साफ हवा का अधिकार सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि पूरे देश के नागरिकों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संबंधी जो भी नीति हो वह पूरे भारत में होनी चाहिए। हम सिर्फ दिल्ली के लिए इसलिए नीति नहीं बना सकते, क्योंकि यहां देश का एलीट क्लास हैं। अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के 3 अप्रैल 2025 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री, स्टोरेज, परिवहन और निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश को संशोधित करने की मांग की गई है। बेंच ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को इस मामले में नोटिस जारी किया और दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा। न्यायमित्र सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह ने कहा कि कुलीन वर्ग अपना ध्यान रखता है।



## स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का महाअभियान

# प्रधानमंत्री मोदी ने ज्ञान भारतम पोर्टल का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ज्ञान भारतम पोर्टल का शुभारंभ किया, जो एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुंच में तेजी लाना है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने कुछ दिन पहले ज्ञान भारतम मिशन की घोषणा की थी और आज हम ज्ञान भारतम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई सरकारी या अकादमिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, साहित्य और चेतना का उद्घोष है। मैं ज्ञान भारतम मिशन के शुभारंभ के लिए देश के सभी नागरिकों को बधाई देता हूं।



मोदी ने कहा कि आज विज्ञान भवन, भारत के स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का साक्षी बन रहा है। कुछ ही दिन पहले मैंने ज्ञान भारतम् मिशन की घोषणा की थी, और इतने कम समय में आज हम ज्ञान भारतम् इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर रहे हैं। इससे जुड़ा पोर्टल भी लॉन्च किया गया है। उन्होंने कहा कि ये एक सरकारी या एकेडेमिक इवेंट नहीं है। ज्ञान भारतम् मिशन, भारत की संस्कृति, साहित्य और चेतना का उद्घोष बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हजारों पीढ़ियों का चिंतन मनन, भारत के महान आचार्यों और विद्वानों का बोध और शोध, हमारी ज्ञान परंपराएं, हमारे वैज्ञानिक धरोहरें— ज्ञान भारतम् मिशन के जरिए हम उन्हें डिजिटाइज्ड करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा हस्तलिपि संग्रह है। करीब 1 करोड़ हस्तलिपि हमारे पास हैं। इतिहास के क्रूर थपेड़ों में लाखों हस्तलिपि जल गईं, लुप्त हो गईं, लेकिन जो बची हैं, वे इसका साक्षी हैं कि ज्ञान और विज्ञान पठन पाठन के लिए हमारे पूर्वजों की निष्ठा कितनी गहरी और व्यापक थी।

# ऑपरेशन सिंदूर सेना के लिए रियलिटी चेक बना, हमें अपनी ताकत बढ़ाने की जरूरत-रक्षा सचिव

**पुणे।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सशस्त्र बलों के लिए एक रियलिटी चेक साबित हुआ है। इससे पता चला कि हमें भविष्य के लिए कई क्षेत्रों में अपनी ताकत को और मजबूत करने की जरूरत है। सिंह पुणे में हुए सदर्न कमांड डिफेंस टेक सेमिनार में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर से पता चला कि हमारे पास इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, एंटी ड्रोन सिस्टम, लो-लेवल रडार और बिना त्र्क्क वाले मिलिट्री-ग्रेड ड्रोन्स की कमी है। उन्होंने कहा, गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर 7 मई को पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किया गया था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इसका मकसद एलओसी पर और उसके पार मौजूद आतंकी बुनियादी ढांचे को सटीक और रणनीतिक तरीके से खत्म करना था।

**सिंह ने मल्टी-लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ की** सिंह ने मल्टी-लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम की भी तारीफ की। उनके कहा कि ऑपरेशन के दौरान यह सिस्टम दुश्मन के ड्रोन और मिसाइल हमलों को रोकने में बेहद प्रभावी रहा और बड़े नुकसान से देश को बचा लिया।

**9 सितंबर- सेना प्रमुख बोले-जमीन पर कब्जा भारत में जीत का पैमाना** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 9 सितंबर को कहा कि युद्ध के दौरान जमीन पर कब्जा ही भारत में जीत की असली 'करेंसी' या पैमाना है। इस वजह से थल सेना की भूमिका हमेशा सबसे अहम रहेगी।

CMYK

### 1962-एमवीयू राजस्थान चैटबॉट की देशभर में सराहना

# केंद्रीय पशुपालन राज्यमंत्री ने स्वयं ली टेली कंसलटेंसी
# अब देश के अन्य प्रदेश भी इस मॉडल को अपनाएंगे

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल और पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के निर्देशन में पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा संचालित 1962-एमवीयू राजस्थान चैटबॉट को देशभर में सराहना मिल रही है। 22 अप्रेल 2025 से देश में प्रथम बार नवाचार के रूप में 1962-मोबाईल वैटेरीनरी यूनिट कॉल सेंटर के साथ संचालित व्हाट्सएप चैटबॉट '1962-एमवीयू राजस्थान' में वीडियो काल द्वारा केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने टेली कंसलटेंसी सेवा संबंधी जानकारी प्राप्त की। 08 सितंबर-2025 को केंद्रीय



राज्यमंत्री बघेल ने आकस्मिक रूप से एमवीयू राजस्थान चैटबॉट पर संपर्क किया। उन्होंने वीडियो कॉल द्वारा टेली कंसलटेंसी सेवा संबंधी जानकारी प्राप्त की। केंद्रीय राज्यमंत्री बघेल ने पशुपालन विभाग राजस्थान के इस नवाचार की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों में विस्तारित करने योग्य बताया। बघेल ने राजस्थान सरकार के इस नवाचार के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के अभिनव प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य राज्यों के लिए भी चैटबॉट मॉडल को अपनाने की बात कही है। महाराष्ट्र सरकार अपनाएगी चैटबॉल मॉडल इससे पूर्व महाराष्ट्र सरकार ने भी राजस्थान के 1962 चैटबॉट मॉडल की सराहना करते हुए इस मॉडल को अपने प्रदेश में अपनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में 4 सितंबर-2025 को कृषि, पशुपालन, डेयरी डवलपमेंट एवं मत्स्य विभाग के उप सचिव एम.बी. माराले ने महाराष्ट्र में संचालित 1962 महापशुधन संजीवनी एप के माध्यम से राजस्थान की तर्ज पर वाटसएप चैटबॉट की सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए हैं। क्या है वाट्सएप चैटबॉट सुविधा पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि घर आकर पशुओं का इलाज करने वाली '1962-एमवीयू राजस्थान' से संबंधित वाट्सएप चैटबॉट की सुविधा शुरू की गई है। इस चैटबॉट का नंबर 9063475027 है। इसके माध्यम से लोग तुरंत वैटनरी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसकी मदद से पशुपालक घर बैठे ही मोबाइल पर चैट कर पशु की बीमारी का इलाज जान सकते हैं।

इस चैटबॉट द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी, विभागीय संस्थाओं की सूची एवं गूगल मैप पर संस्था की स्थिति के साथ ही टेलीकंसलटेंसी के माध्यम से पशुपालकों को पशु चिकित्सा संबंधी सलाह भी प्रदान की जाती है। दूरस्थ स्थानों पर निवास करने वाले पशुपालक वीडियो काल के माध्यम से काल सेंटर पर नियोजित पशु चिकित्सक से सलाह प्राप्त करते हैं तथा व्हाट्सएप पर ही प्रिस्क्रिपशन भी जारी कर दिया जाता है। 48 हजार पशुपालक चैटबॉट से लाभान्वित सप्ताह के प्रत्येक दिन सुबह 6 से षाम 6 बजे तक संचालित इस चैटबॉट के कॉल सेंटर पर सात पशु चिकित्सकों की टीम पशुपालकों को अपनी सेवाएं प्रदान करती है। इसी का परिणाम है कि इस चैटबॉट सेवा के प्रारंभ होने से अब तक 48 हजार से अधिक पशुपालक इसका लाभ प्राप्त कर चुके हैं। साथ ही 8600 से अधिक पशुपालकों ने वीडियो टेलीकंसलटेंसी के माध्यम से विशेषज्ञ पशु चिकित्सा सलाह प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि "1962-एमवीयू राजस्थान" चैटबॉट को बीएफआईएल, इंडसइंड बैंक तथा पशुपालन विभाग, राजस्थान के सामूहिक प्रयासों द्वारा विकसित किया गया है।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांवली में से जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता का शुभारंभ कल

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** शारीरिक शिक्षक प्रमोद बैरागी ने जानकारी देते हुए बताया की निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के निर्देशानुसार दिनांक 14 सितंबर रविवार को आंधी ब्लाक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांवली में 17 व 19 बर्षीय आयु वर्ग की 69 वीं जिला स्तरीय वुशू खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रधानाचार्या संगीता वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षक प्रमोद बैरागी के सानिध्य में प्रतियोगिता के लिए समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शारीरिक शिक्षक प्रमोद बैरागी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए आयोजित समिति, प्रतिवाद समिति, उद्घाटन,समापन समिति का गठन किया जा चुका है, प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जमवारामगढ़ विधायक महेंद्रपाल मीणा होंगे, प्रतियोगिता में जिले भर से वुशू खेल के अलग अलग भार वर्गों में जिले के माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों से लगभग 200 खिलाड़ियों के भाग लेने का अनुमान है।

### पंचायत समिति परिसर में एक दिवसीय महिला कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## सरकार की कृषि योजनाओं का लाभ उठाएं किसान : कलावती वैष्णव

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जमवारामगढ़ पंचायत समिति के किसान सेवा केन्द्र पर शुक्रवार दिनांक 12 सितंबर को एक दिवसीय महिला कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सहायक कृषि अधिकारी कलावती वैष्णव ने बताया की शिविर में किसानों को कृषि विभाग की खेती संबंधी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कलावती वैष्णव ने बताया की बारिश के पानी को खेत में रोककर फार्म पोंड बनाकर वर्षा जल का खेती में सदुउपयोग करके फसल पैदा कर सकते हैं। आवारा पशुओ से फसलों को सुरक्षित रखने के लिए सरकार द्वारा तारबंदी पर देय अनुदान का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

मोहित कुमार वर्मा ने अतिवृष्टि के कारण फसलों में हुए नुकसान को लेकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिक से अधिक आवेदन करके लाभ उठाने अपील की। प्रशिक्षण पश्चात शिविर में कृषि योजनाओं को लेकर महिला कृषकों का ज्ञानार्जन टैस्ट लिया गया।



ज्ञानार्जन टैस्ट में सफल प्रथम तीन महिला कृषकों को पारितोषिक वितरण किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर ममता वर्मा, द्वितीय स्थान पर सुमन वर्मा और तृतीय स्थान पर मनीषा वर्मा रहीं। प्रशिक्षण में महिला कृषकों को अल्पाहार दिया गया।

# कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा पहुंचे सवाई माधोपुर, गुर्जर नेता कर्नल बैंसला की जयंती समारोह में की शिरकत

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार और प्रदेश के कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा अपने विधानसभा क्षेत्र सवाई माधोपुर के दौरे पर पहुंचे । जहाँ उन्होंने गुर्जर आंदोलन के प्रणेता रहे स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की । इस दौरान डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किये और ईश्वर से उनकी आत्मशांति की प्रार्थना की । इस अवसर पर डॉक्टर किरोडी ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुवे कर्नल बैंसला से जुड़े कई रोचक किस्से साझा किये । उन्होंने कहा कि कर्नल बैंसला से उनकी नजदीकियां कितनी थी इस बारे में बहुत कम लोग जानते है। डॉक्टर किरोडी ने कहा कि उनका कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला से बहुत ही गहरा ओर नजदीकी रिश्ता था । जिसे शब्दो में बयां करना भी मुश्किल है। डॉक्टर किरोडी ने कहा कि उनका कर्नल बैंसला के साथ रिश्ता इतना गहरा था कि तबियत खराब होने के बावजूद भी वे सुनीता बैंसला के एक आग्रह पर कर्नल बैंसला की जयंती महोत्सव में शामिल होने के लिए आ गये । डॉक्टर किरोडी ने कहा कि हर तरह से सम्पन्न होने के बावजूद कर्नल बैंसला ने समाज के उत्थान के लिए



अपने बेटे बेटियों के साथ रहने की बजाये गांव में रहना पसंद किया । कर्नल बैंसला का व्यक्तित्व बेहद प्रभावशाली ओर आकर्षक था , उनके व्यक्तित्व में सेना का अनुशासन होने के साथ ही पराक्रम ओर वीरता से ओतप्रोत था । डॉक्टर किरोडी ने कहा कि कर्नल बैंसला के इन्हीं गुणों से वे उनसे खासा प्रभावित थे और उनके द्वारा कर्नल बैंसला को भाजपा ने लाने का उन्होंने प्रयास भी किया था ओर बड़े आग्रह के बाद कर्नल बैंसला उनकी पार्टी के सदस्य बने और चुनाव भी लड़ा ,डॉक्टर किरोडी ने कहा कि कर्नल बैंसला स्वतंत्र विचार के थे और उनके दिल और दिमाग में हमेशा कुछ कर गुजरने का जुनून रहता था।

### अतिवृष्टि के कारण बाजरे की फसलों में भारी नुक़सान

## सरकार खराबे की गिरदावरी करवाकर किसानों शीघ्र मुआवजा दे : नीरज मीणा



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** आंधी क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण खरीफ की फसलों में भारी नुक़सान हुआ है। आंधी तहसील की ग्राम पंचायत रायपुर के जारूंडा गांव में अतिवृष्टि के कारण खेतों में बाजरे की फसल नष्ट हो गई है जिसको लेकर किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें है। अतिवृष्टि को लेकर रायपुर सरपंच नीरज मीणा ने बताया की अतिवृष्टि के कारण खरीफ की फसलों में भारी नुक़सान हुआ है जिस कारण किसान बर्बाद हो गये है। नीरज मीणा ने बताया की अतिवृष्टि के कारण बाजरे के भुट्टे खेतों में ही पुनः अंकुरित हो गये है। इसके अलावा मक्का एवं तिलहन व दलहन सहित अन्य फसलों में भी भारी नुक़सान हुआ है। जिसके कारण किसान पूरी तरह से टूट चुके हैं और उनके उपर भारी कर्जा हो गया है। सरपंच नीरज मीणा ने राजस्थान सरकार से मांग करते हुए कहा है की पीड़ित किसानों की फसलों की गिरदावरी करवाकर किसानों को शीघ्र मुआवजा देकर राहत देने की मांग की है।

# सेवा पखवाड़ा के जरिये समाज के बीच जाकर अधिक से अधिक सेवा कार्यों करेंगे भाजपाई : अशोक परनामी

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा, नेस्ट जेनरेशन, आत्मनिर्भर भारत की कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने भाग लिया। 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के तहत जिलेभर में सेवा, संगठन एवं समाजहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, नमो मैराथन सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। कार्यशाला में पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएंगे। सेवा पखवाड़ा के जरिये हमें समाज के बीच जाकर अधिक से अधिक अपने सेवा कार्यों का विस्तार करना हैं। इस पखवाड़े में हमें तय कार्यक्रमों के माध्यम से जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए तथा अधिक प्रयास करने का अभियान चलाना होगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा पखवाड़ा अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोडना होगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बने, यही हमारी सामूहिक संकल्पना है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज एवं राष्ट्र के उत्थान का माध्यम है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जब सेवा भाव से कार्य करेगा तो उसका सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ रहा है। आज भारत को अमेरिका भी टेरिफ की धमकी से डरा नहीं पा रहा है। जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि 17 सितम्बर को जिले में और 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडलों में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। 17 सितम्बर एवं 2 अक्टूबर को विशेष रूप से कुछ सार्वजनिक स्थानों को चिन्हित करके स्वच्छता अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से 24 सितंबर तक सामुदायिक केंद्रों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर होंगे। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के निमित इसके अलावा भी अनेक कार्यक्रम होंगे। कार्यशाला में देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अपना एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं। इस कार्यक्रम में हमें अपनी सहभागिता अधिक से अधिक सुनिश्चित करवानी होगी। इस समय हम एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहे है, जब भारत विश्व गुरू बनने के रास्ते पर है। ऐसे पखवाड़े हमारे लिए एक संकल्प का अवसर हो सकता है। उन्होंने कहा कि सभी को पूरे पखवाड़े में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होना है। निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत सभी भाजपा कार्यकर्ताओ को सेवा कार्य करना है। उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन की भाव को हमें अपने जीवन में उतारना है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा तय कार्यक्रम के मुताबिक पूरे एक पखवाड़े तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है,




जिसमें आपकी सहभागिता जरूरी है। कार्यशाला में जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, सतीश चंदेल, गणेश माहुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनिवास गुर्जर, जिला महामंत्री संतकुमार जैन, प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, प्रधान बनवारी जाट, रामचन्द्र गुर्जर, सत्यनारायण चंदेल, नरेश बंसल, राजेन्द्र सैनी उर्फ बबलू टैंकर, ममता जाट, राजेश शर्मा, प्रधान काबरा, राजेन्द्र राणावत, जिला मंत्री हरिराम यादव, शकुंतला वर्मा, नीलिमा आमेरा, बीना छामुनिया, तरुण टिक्किवाल, राधेश्याम चावला, जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा, मोनिका जैन, कार्यालय मंत्री ओमप्रकाश पांडे, सह-मंत्री शम्भू शर्मा, प्रवक्ता विजय मालवानी, रत्तीराम पहाडिया, जुली शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, सह-प्रभारी हेमंत सैनी, आई टी संयोजक लोकेश गुप्ता, बलवंत मराठा, सोशल मीडिया संयोजक गणेश सैनी, आरव सिसोदिया, राजेश मंगल, मंडल अध्यक्ष धोलू गुर्जर, नन्दलाल छान, महावीर गुर्जर, महावीर पालीवाल, अंकित डाबर, सीताराम चावला, केदार चौधरी, बद्री विजय, नितिन जैन, भगवान सैनी, शिवराज गुर्जर, सुनील भारत, अतुल पारासर, पुरुषोत्तम शर्मा, विष्णु चावला, सुरेश काचरिया, पंकज शर्मा, दशरथ भाटी एवं सीमा गौत्तम आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### गुर्जर नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की जयंती पर हुआ रक्तदान एवं विचार गोष्ठी का आयोजन





**सावाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय के आलनपुर एक गार्डन में शुक्रवार को गुर्जर आरक्षण आंदोलन के प्रणेता रहे स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के जन्मदिवस के अवसर पर कर्नल बैंसला जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के आलनपुर स्थित एक मैरिज गार्डन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, रक्तदान शिविर में गुर्जर समाज के युवाओं के साथ ही बडी संख्या में सर्वसमाज के युवाओं ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के साथ ही एक मेडिकल कैम्प भी लगाया गया, जिसमें चिकित्सा परामर्श के साथ ही विभिन्न बीमारियों से संबंधित निःशुल्क जाँच भी की गई। इस दौरान यहाँ कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के आचार विचारों को लेकर एक विचार संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमे प्रबुद्धजनों के साथ ही बड़ी संख्या में कर्नल बैंसला के साथ काम कर चुके लोगो सहीत गुर्जर समाज सहित सर्वसमाज के लोग मौजूद रहे । विचार संगोष्ठी में वक्ताओं ने कर्नल बैंसला द्वारा समाज हित में किये गए कार्यो एंव उनके आचार विचार आदर्शों सहित उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला । जयंती महोत्सव कार्यक्रम के दौरान कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला की सुपुत्री सुनीता बैंसला ने कहा कि कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला ने समाज हित मे एक बहुत बडी सामाजिक लड़ाई लड़ी थी । कर्नल बैंसला ना सिर्फ गुर्जर समाज अपितु सर्वसमाज के नेता रहे है । सुनीता बैंसला ने कहा कि कर्नल बैंसला के जयंती महोत्सव के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने के साथ ही कर्नल बैंसला के विचारों ओर आदर्शों से अवगत करवाना है। सुनीता बैसला ने कहा कि वे भी कर्नल बैंसला के आदर्शों ओर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने का प्रयास कर रही है र समाज के उत्थान कार्यों के लिये कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज को नई ऊंचाइयां प्रदान करने वाले कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला ना सिर्फ गुर्जर समाज बल्कि सर्वसमाज के लिये प्रेरणादायक रहे है ।

### स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की 86 वीं जयंती प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की 86 वीं जयंती प्रेरणा दिवस के रूप में देवनारायण गुर्जर छात्रावास टोंक में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष रामलाल गुर्जर संडीला के नेतृत्व में मनाई गई। कर्नल का सपना था कि गुर्जर समाज को भी आरक्षण का लाभ मिले इसके लिए कर्नल साहब ने काफी आंदोलन किए, आज कर्नल की वजह से ही गुर्जर सहित पांच जातियों को एमबीसी में गुर्जर समाज को 5 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिला, जिससे आज समाज के हजारों बच्चे राजकीय सेवाओं में सेवारत हैं। कर्नल ने सामाजिक जागृति लाने के लिए भी काफी कार्य किया। समाज में अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, पढ़ी-लिखी मां, कर्ज मुक्त समाज एवं नशे की पर्वती से समाज को दूर रहने की सलाह दी, जिससे कि समाज का भला हो सके। इस मौके पर आरक्षण संघर्ष समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहनलाल गुर्जर उस्ताद, समाज सेवी डॉ. जगदीश गुर्जर, महासचिव मुकेश गुर्जर घांस, उपाध्यक्ष मोहनलाल गुर्जर सूंथड़ा, उपाध्यक्ष सुरेश हरसल, महासचिव हरिराम गुर्जर, प्रवक्ता अनुज गुर्जर, महासचिव विनोद बोकण, महासचिव हेमराज असवार, सचिव धनराज गुर्जर, कृष्णा गुर्जर, सुनील भाटी, आजाद कोली, हेमराज फागणा, गणेश गुर्जर, इंद्रजीत गुर्जर सहित सैकड़ो समाज बंधुओ ने कर्नल को पुष्पांजलि अर्पित की।

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में मालपुरा जेल में कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में मालपुरा जेल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सभी कैदियों की स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिन कैदियों में टीबी या अन्य संक्रामक बीमारी जैसे लक्षण पाए गए, उनका बलगम सैंपल लिया गया एवं जांच के लिए भेजा गया। डीटीओ डॉ. हिमांशु मित्तल ने बताया कि स्क्रीनिंग का मुख्य उद्देश्य जेल में संक्रामक बीमारियों की पहचान कर समय रहते उनका इलाज सुनिश्चित करना है। जेल प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित करता है, जिससे कैदियों की स्वास्थ्य सुरक्षा बनी रहे। डॉक्टर एवं नर्सिंग ऑफिसर ने मरीजों का प्रारंभिक परीक्षण किया। एचआईवी काउंसलर एवं एसटीएस ने जरूरी काउंसलिंग तथा सैंपल कलेक्शन का कार्य संभाला।

### 69 वीं जिला स्तरीय तीरंदाजी एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन कल से

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** सत्र 2025-26 की 69 वीं जिला स्तरीय तीरंदाजी एवं शतरंज प्रीतियोगिताए आयु वर्ग 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा का आयोजन जिला मुख्यालय पर स्थित आलोक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 14 से 17 सितम्बर तक किया जाएगा। आयोजन समिति के प्रमुख आशीष चौधरी ने बताया कि उक्त दोनों प्रतियोगिताओं में पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने वाले टोंक जिले की सरकारी व निजी स्कूलों में नियमित रूप से अध्ययरत पात्र छात्र-छात्राऐं ही भाग ले सकेंगे।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, केकड़ी (अजमेर) - राजस्थान**
Email ID - npkekri2011@gmail.com (O) : 01467-220002, 220019 web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri
क्रमांक : नपाके / विकास / 2025-26 / 2423 दिनांक : 10.09.2025
-: ई निविदा (54/2025-26)(NIB NUMBER - DLB2526A5684) :-
एतद्द्वारा यह है कि राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में अधोलिखित 04 कार्यों के लिए ई प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है। निविदा के कुल कार्य - 04 (चार)
UBN NO. - 1. DLB2526WSOB17360, 2. DLB2526WLOB17364, 3. DLB2526WLOB17366 4. DLB2526WLOB17368
राज.संवाद / सी / 25 / 9823 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल बगरू, (जयपुर)**
टेलिफोन नं. - 0141-2865360 ई-मेल - bagruulb.jaipur@gmail.com
क्रमांक :-एफ( )न.पा.ब. / निर्माण / 2025-26 / 519 दिनांक :- 11.09.2025
-: निविदा सूचना : -
नगर पालिक बगरू द्वारा उपयुक्त श्रेणी में पंजिकृत सवेदको से मोहर बन्द निविदाये आमत्रिंत कि जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है साथ ही sppp.rajasthan.gov.in के NIB Code DLB2526A5752 पर भी देख सकते है।

| | |
|---|---|
| निविदा के कार्य | कुल 01 कार्य |
| पोर्टल पर निविदा पब्लिस करने की दिनांक | 11 / 09 / 2025 |
| टेण्डर कॉपी मिलने की दिनांक एवं समय | 17 / 09 / 2025 1.00 PM |
| टेण्डर कॉपी जमा करने की अन्तिम दिनांक एवं समय | 17 / 09 / 2025 03.00 PM |
| टेण्डर खोलने की दिनांक | 17 / 09 / 2025 04.00 PM |
| Unique Bid Number | DLB2526WSOB17595 |

राज.संवाद / सी / 25 / 9945 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बगरू

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत राजस्थान में 9 हजार 763 नये आवासों को मिली मंजूरी



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबको पक्का मकान उपलब्ध कराने के विजन को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है. प्रदेश सरकार ने 9 हजार 763 नये आवासों को केंद्र सरकार से स्वीकृति के लिए मंजूरी प्रदान की है। इससे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत राजस्थान को आज बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को सम्पन्न हुई राज्य स्तरीय सैंक्शनिंग एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एसएलएसएमसी) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इन आवासों के लिए प्रत्येक पात्र लाभार्थी को कुल 2.50 लाख रुपए का अनुदान मिलेगा, जिसमें 1.50 लाख रुपए केन्द्र सरकार और एक लाख रुपए राज्य सरकार की ओर से प्रदान किया जायेगा। इस निर्णय से कुल 244.07 करोड़ रुपए की सब्सिडी पात्र परिवारों को उपलब्ध होगी। इन आवासों की अंतिम स्वीकृति केन्द्र सरकार की 17 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली सीएसएमसी की बैठक में प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में किये जा रहे प्रयास न केवल शहरी गरीबों के जीवन स्तर में सुधार लाएंगे बल्कि उन्हें गरिमामय जीवन जीने का अवसर भी प्रदान करेंगे। बैठक में प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा विभाग अजिताभ शर्मा, प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास विभाग डॉ. देबाशीष पृष्टि, शासन सचिव वित्त (व्यय) विभाग नवीन जैन, शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग रवि जैन सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रदेश कांग्रेस के बीएलए नियुक्ति अभियान की समीक्षा

## 7 दिन में सभी 52,000 बूथों पर नियुक्तियां पूरी होंगी : डोटासरा




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा और एआईसीसी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) नियुक्ति कार्य की समीक्षा की। बैठक में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, एआईसीसी सचिव एवं सह प्रभारी चिरंजीव राव और ऋत्विक मकवाना भी मौजूद रहे। डोटासरा ने बताया कि कांग्रेस ने भाजपा से अधिक बीएलए नियुक्त कर लिए हैं और अगले 7 दिन में शेष विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्तियां पूरी कर सभी 52,000 बूथों पर बीएलए तैनात कर दिए जाएंगे। इस दौरान अभियान की दिशा-निर्देशिका, दस्तावेज और फार्मेट वितरित किए जाएंगे। अभियान का पहला चरण कांग्रेस पदाधिकारियों के हस्ताक्षर से शुरू होगा और उसके बाद कार्यकर्ता घर-घर जाकर आमजन के हस्ताक्षर लेंगे जिन्हें राष्ट्रपति और चुनाव आयोग को सौंपा जाएगा। डोटासरा ने कहा कि जैसे संगठन सृजन अभियान में राजस्थान पूरे देश में अव्वल रहा, वैसे ही यह हस्ताक्षर अभियान भी प्रदेश को अग्रणी बनाएगा। उन्होंने बताया कि जिन निकायों में ब्लॉक अध्यक्ष नहीं हैं वहां नगर कांग्रेस कमेटियां गठित की जा रही हैं और परिसीमन का गजट नोटिफिकेशन आने के 7 दिन के भीतर वार्ड कमेटियां भी बना दी जाएंगी। साथ ही, निर्वाचन आयोग की एसआईआर कार्यवाही को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए जल्द ट्रेनिंग कैम्प आयोजित किए जाएंगे।

### राष्ट्रीय हिन्दी दिवस कल

## स्वर्गीय त्रिवेद भास्कर काव्य प्रतियोगिता में कविता के सुरों से सजेगा मंच



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) के अवसर पर स्वर्गीय त्रिवेद भास्कर स्मृति द्वितीय काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को केशव विद्यापीठ, जामडोली, जयपुर में प्रातः 11.30 से किया जाएगा। केशव विद्यापीठ समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि समिति के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में प्रतिवर्ष काव्य पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, जिनका फाइनल हिन्दी दिवस पर सम्पन्न होता है। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध कवयित्रि मनु वैशाली का काव्य पाठ रहेगा। मनु वैशाली ने अपने विद्यार्थीकाल में ही काव्य-जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और वे अपने सशक्त छन्दों व प्रभावी अभिव्यक्ति के लिए जानी जाती हैं। कार्यक्रम का आयोजन संत दुलाराम कुलरिया योग सभागार में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी होंगे। कार्यक्रम में राजस्थान पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. नंद किशोर पांडे तथा राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष इन्दुशेखर तत्पुरुष का सान्निध्य भी प्राप्त होगा।

### 17 सितम्बर से शुरू होगा ग्रामीण सेवा शिविर अभियान

## गांव स्तर पर प्रशासनिक सेवाओं और योजनाओं का लाभ पहुंचाने की व्यापक पहल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर जिले में 17 सितंबर से ग्रामीण सेवा शिविर अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। पूर्व निर्धारित गांव चलो अभियान का नाम परिवर्तित कर इसे ग्रामीण सेवा शिविर रखा गया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार जैन ने बताया कि अभियान के प्रथम सप्ताह में 17, 18 और 19 सितम्बर को प्रतिदिन दो-दो ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे। इसके बाद शेष अवधि में प्रत्येक सप्ताह गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को दो-दो ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही 2 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले सहकार सदस्यता अभियान के शिविर भी इन्हीं ग्रामीण सेवा शिविरों के साथ एक ही स्थल पर आयोजित होंगे। ग्रामीण सेवा शिविरों का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक सेवाओं को गांव स्तर तक पहुंचाना और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इन शिविरों में राजस्व विभाग लंबित फार्मर रजिस्ट्री का निस्तारण, किसान गिरदावरी ऐप डाउनलोड, न्यायालयों के लंबित नोटिसों की तामीली, कुरेजात रिपोर्ट तैयार करना, आपसी सहमति से विभाजन, नामांतरण तथा मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने और वितरित करने जैसी सेवाएँ प्रदान करेगा। ग्रामीण विकास विभाग बीपीएल परिवारों का सर्वे करेगा तथा सांसद और विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम से विद्यालयों एवं अन्य भवनों की मरम्मत के कार्य करवाएगा। पंचायती राज विभाग द्वारा स्वामित्व योजना अंतर्गत पट्टा वितरण, मिशन हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण एवं स्वीकृतियां, आरआरसी केन्द्रों के लिए भूमि आवंटन तथा क्षतिग्रस्त स्कूलों, आंगनवाड़ी और सड़कों के सुधार के प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। वन विभाग वृक्षारोपण करेगा, वहीं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जांच, कैंसर और सिकल सेल स्क्रीनिंग, बच्चों का टीकाकरण, टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्क्रीनिंग व पोषण किट वितरण और पीएमजेवाई कार्ड जारी करेगा। पशुपालन विभाग पशु स्वास्थ्य शिविर एवं टीकाकरण करेगा और ऊर्जा विभाग बिजली के झूलते तारों को खिंचवाने तथा बिल संबंधी शिकायतों का निस्तारण करेगा। कृषि विभाग बीज मिनी किट वितरित करेगा, जबकि राजस्व विभाग प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से संबंधित कार्य करेगा। जनजातीय एवं क्षेत्रीय विकास विभाग आदि कर्मयोगी अभियान के बिंदुओं का क्रियान्वयन करेगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग एनएफएसए अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण, नए पात्र परिवारों की आधार सीडिंग और ई-केवाईसी सुनिश्चित करेगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री घुमंतु आवास योजना, छात्रावास रखरखाव और यूडीआईडी कार्ड जारी करने का कार्य करेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग मातृत्व पोषण योजना लागू करेगा और श्रम विभाग टूलकिट एवं औजार सहायता योजना संचालित करेगा।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने यूनिग्लोब सूत्र सम्मेलन 2025 में साझा किए विचार



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में आयोजित यूनिग्लोब ट्रैवल साउथ एशिया के यूनिग्लोब सूत्र सम्मेलन 2025 कल, आज और कल में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि रहीं। विशेष सत्र में उन्होंने राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर, लोककलाओं और पर्यटन की संभावनाओं पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन राजस्थान को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पर्यटन विकास और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सतत कार्य कर रही है। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान की अनूठी संस्कृति, खानपान, लोकजीवन और ऐतिहासिक स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं और राज्य को विश्व पर्यटन का केंद्र बनाने की क्षमता रखते हैं।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध चलाया गया विशेष अभियान

## 1 सितंबर 2025 से 10 सितंबर 2025 तक 11 लाख 25 हजार 200 रूपये का किया कैरिंग चार्ज

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत 1 से 10 सितंबर 2025 तक मात्र 10 दिनों में जोनवार चालानी कार्रवाई की गई जिसके तहत सभी जोनों से कुल 11 लाख 25 हजार रुपए वसूले गए। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि 1 सितंबर 2025 से 10 सितंबर 2025 तक सिंगल यूज प्लास्टिक विशेष अभियान के तहत नगर निगम ग्रेटर की टीमों एवं स्वच्छता प्रहरी टीम द्वारा दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की समझाइश की गई।

## स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जयपुर जिले में आयोजित होंगे स्वास्थ्य शिविर

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत सरकार के निर्देशानुसार आगामी दिनांक 17 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जाएगा। 17 सितम्बर को राष्ट्रीय स्तर पर माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा इन्दौर (मध्यप्रदेश) से अभियान का उद्घाटन किया जाएगा, जिसका वेबकास्ट जिला एवं ब्लॉक स्तर पर भी किया जाएगा।

जयपुर जिले में जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर इस अभियान की गतिविधियों का शुभारम्भ किया जाएगा। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी रहेगी।

### न्यूज विंडो

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी त्रिवेणी धाम पहुंचीं, साधु-संतों से लिया आशीर्वाद



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शाहपुरा स्थित पावन त्रिवेणी धाम में चल रहे दो दिवसीय संत अमृत समागम महोत्सव में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शिरकत की। उन्होंने सीताराम जी के दर्शन किए और साधु-संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव में देशभर से साधु-संत पहुंचे, जहां धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन और भागवत कथा से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संस्कार और अध्यात्म की जड़ों को मजबूत करते हैं। उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा और प्रसार के लिए एकजुटता पर बल दिया।

## कॉन्स्टेबल भर्ती 2025: उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए आवेदन अब 15 सितंबर से

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल (उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा) भर्ती 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब उत्कृष्ट खिलाड़ी 12 सितंबर की जगह 15 सितंबर, 2025 से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसी बदलाव को देखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि को भी 1 अक्टूबर से बढ़ाकर 4 अक्टूबर, 2025 कर दिया गया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि कुल 167 पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञप्ति में संशोधन किया गया है। यह निर्णय खिलाड़ियों को आवेदन के लिए पर्याप्त समय देने के लिए लिया गया है। इच्छुक उम्मीदवार इस भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए पुलिस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर विज्ञप्ति क्रमांक 4457 दिनांक 04 सितम्बर, 2025 और 4595 दिनांक 10 सितम्बर, 2025 देख सकते हैं।

## नगर निगम ग्रेटर ने किया 15 सितंबर से लग रहे शहरी सेवा शिविर 2025 (मुख्य शिविर) के शिविरों का कार्यक्रम जारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 15.09.2025 से 02.10.2025 तक शहरी सेवा शिविर 2025 मुख्य शिविर का आयोजन किया जावेगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व 4 सितंबर 2025 से 13 सितंबर 2025 तक प्री-कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ? गौरव सैनी ने बताया कि ''शहरी सेवा शिविर-2025'' मुख्य शिविर के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जायेगा। अभियान के तहत साफ-सफाई स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पेच वर्क, सार्वजनिक पार्कों की साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेन्डिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्राण्ट, कच्ची बस्ती 69ए, कृषि भूमि), भू-उपयोग परिवर्तन, खाँचा भूमि, नामान्तरण, भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाईसेन्स, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेण्डर रजिस्ट्रेशन, उप-विभाजन-एकीकरण, लीज़ मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना/प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन, एसबीएम 2.0 के अन्तर्गत घरेलू शौचालय निर्माण हेतु आवेदन से संबंधित आदि कार्य किये जायेंगे। अभियान के तहत नगर निगम ग्रेटर के स्तर पर अभियान की तैयारी, क्रियान्वयन मॉनिटरिंग एवं समीक्षा हेतु नोडल अधिकारी अतिरिक्त आयुक्त श्रीमती सीमा कुमार एवं सहायक नोडल अधिकारी उपायुक्त मुख्यालय श्री मुकुट सिंह को नियुक्त किया गया है।

## शहरी सेवा शिविर - 2025 के तहत वार्डवार प्री-कैम्प किये जा रहे आयोजित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा शहरी सेवा अभियान - 2025 के तहत वार्डवार प्री-कैम्प लगाये जा रहे हैं। 13 सितंबर 2025 तक प्री-कैम्प आयोजित किए जायेंगे। वार्डवार प्री-कैम्प में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। आयुक्त डॉ गौरव सैनी ने बताया कि ये अभियान दो चरणों में आयोजित होंगे। प्रथम चरण के तहत 14 सितंबर 2025 तक प्री-कैम्प आयोजित किए जायेंगे तथा द्वितीय चरण के अंतर्गत 15 सितंबर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक शिविर आयोजित किए जायेंगे। प्री कैम्प का समय सुबह 9.30 बजे से 6.00 बजे तक रहेगा। **शिविरों में मिल रही आमजन को तत्काल राहत** मानसरोवर जोन में शिविर में आये हुये।

### मिलेट आउटलेट्स खोलने की दिशा में सहकारिता विभाग की अहम उपलब्धि

## निर्धारित लक्ष्य की तुलना में खोले जा चुके 4 गुना से अधिक आउटलेट्स

**आमजन में लोकप्रिय हो रहे मिलेट आउटलेट्स, सहकारी समितियों की बढ़ रही आय**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य में सहकारी संस्थाओं द्वारा मिलेट आउटलेट्स खोलने की दिशा में सहकारिता विभाग अहम उपलब्धियां हासिल कर रहा है। राज्य में अब तक 152 मिलेट आउटलेट्स खोले जा चुके हैं जो निर्धारित लक्ष्य की तुलना में लगभग साढ़े चार गुना अधिक हैं। ग्राम सेवा सहकारी समिति स्तर तक खोले जा रहे ये मिलेट आउटलेट्स आमजन के बीच खास लोकप्रिय हो रहे हैं और बड़ी संख्या में लोग अन्न को अपना रहे हैं। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने बताया कि सितम्बर माह के अंत तक कॉनफेड एवं जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के माध्यम से 34 मिलेट आउटलेट्स खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन सहकारी समितियों की दिलचस्पी और आमजन के रूझान के चलते आदिनांक तक ही 152 मिलेट आउटलेट्स खोले जा चुके हैं। कॉनफेड और जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के साथ ही क्रय-विक्रय सहकारी समितियों एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियों के स्तर पर तेजी से मिलेट आउटलेट्स खोले जा रहे हैं। श्रीमती राजपाल ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा की अनुपालना में अन्न उत्पादों की आमजन तक पहुंच बढ़ाने, प्रचलन में लाने तथा सहकारिता एवं राजीविका के स्वयं सहायता समूहों के मिलेट उत्पादों की बिक्री से रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए राज्य भर में ये मिलेट आउटलेट्स खोले जा रहे हैं। विगत 17 जुलाई को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा सहकार एवं रोजगार उत्सव के दौरान 64 मिलेट आउटलेट्स का शुभारम्भ किया गया था। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि इन आउटलेट्स पर आमजन को अन्न तथा अन्न से बने उत्पाद उचित दामों पर उपलब्ध हो रहे हैं। सहकारी संस्थाओं के साथ-साथ राजीविका की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित मिलेट्स उत्पादों को भी इन मिलेट विक्रय केन्द्रों पर बिक्री हेतु रखा जा रहा है। मिलेट आउटलेट्स पर उपलब्ध उत्पादों में सावां, कुटकी, कोदो, कांगनी और छोटी कांगनी के साथ ही मिलेट मिक्स, रोस्टेड ज्वार, रोस्टेड बाजरा, रागी के बिस्किट, ओट्स बिस्किट, कुकीज, अन्न का दलिया, रागी के फ्लेक्स, सावां के रोस्टेड फ्लेक्स आदि प्रमुख है। उन्होंने बताया कि 'सहकार से समृद्धि' परिकल्पना के अंतर्गत राज्य का यह नवाचार निरन्तर सफलता की ओर अग्रसर है और इससे सहकारी समितियों की आय में वृद्धि हो रही है। कॉनफेड के मैनेजर (मार्केटिंग) हनुमान अग्रवाल ने बताया कि नेहरू सहकार भवन स्थित कॉनफेड स्टोर में संचालित मिलेट आउटलेट में विगत दिनों में बिक्री में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। यहां प्रतिमाह लगभग 1.50 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री हो रही है। स्टोर पर अन्न उत्पाद बिक्री के लिए रखे जाने के बाद से खरीददारों की आवाजाही बढ़ी है। उन्होंने बताया कि अन्न से बने उत्पाद यथा- मिलेट्स बिस्किट, मिलेट्स की रोस्टेड नमकीन, मिलेट्स से बने नूडल्स और पोहा आदि की विशेष मांग है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग अन्न के उत्पादों को अपनी थाली में शामिल कर रहे हैं। श्रीगंगानगर सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डार लि. के सुपर बाजार प्रभारी अभितेष मिगलानी ने बताया कि मिलेट आउटलेट की शुरूआत से ही लोगों का अन्न उत्पादों के प्रति अच्छा रूझाने देखने को मिल रहा है और उत्पादों की बिक्री में निरन्तर वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एक आउटलेट से औसतन 10 हजार रुपये प्रतिमाह की बिक्री हो रही है। विशेष रूप से रोस्टेड उत्पाद जैसे रोस्टेड ज्वार, रोस्टेड बाजरा, रोस्टेड रागी आदि पसंद किए जा रहे हैं। साथ ही, कुकीज और मल्टी ग्रेन आटे की भी अच्छी डिमांड है।




उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में लोगों की डिमांड के अनुसार प्रोडक्ट्स बढ़ाए जाएंगे। अलवर जिले की रामगढ़ आदर्श ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक अंशुल चौधरी ने बताया कि समिति द्वारा लगभग दो माह पूर्व मिलेट आउटलेट्स की शुरूआत की गई थी और अब तक लगभग 30 हजार रुपये के उत्पादों की बिक्री हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पहले लोगों को अन्न के उत्पाद खरीदने अलवर जाना पड़ता था, लेकिन अब समिति के आउटलेट पर ही उपलब्ध हो रहे हैं। सहकारिता से जुड़े होने के कारण लोग इन उत्पादों की शुद्धता पर भी विश्वास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति कार्यालय में जो भी लोग आते हैं, उन्हें इन उत्पादों के फायदों के बारे में जानकारी दी जाती है, जिससे

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 4373125,8824399949 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### कायाकल्प करने वाला अभियान



राज्य सरकार द्वारा 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक राज्य के शहरी क्षेत्र में चलाए जाने वाले शहरी सेवा शिविर के जरिए राज्य सरकार अपनी योजनाओं का जन-जन तक लाभ पहुंचाने के साथ आमजन की समस्याओं का निवारण और शहरी क्षेत्र का कायाकल्प करने की तैयारी में लगी है यदि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप यह कार्यक्रम चला तो राजस्थान को आने वाले समय में इसका बहुत सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक लाभ होगा। मुख्यमंत्री अपनी मंशा के अनुरूप कह चुके हैं कि प्रदेश के हर शहर और कस्बे में इसका व्यापक असर दिखना चाहिए, तथा इनको स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के साथ ही शिविरों में जन समस्याओं का निस्तारण भी प्राथमिकता के साथ किया जाना है। अभियान के दौरान शहरों में व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, नालियों, सीवर लाइन, फेरों कवर और मेंन हाल की मरम्मत की जाएगी एवं प्रमुख चौराहे, पार्कों, सामुदायिक केदो और सार्वजनिक स्थलों को सौंदर्य कारण होगा इसी तरह सड़कों की मरम्मत होगी सीसी और डामर सड़क पर पेच का कार्य किया जाएगा, स्ट्रीट लाइटों को सुधारने के साथ ही अंधेरी और सुनसान सड़कों पर नई लाइट लगाई जाएगी ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके अभियान में राज्य सरकार के स्वास्थ्य शासन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, ऊर्जा, सार्वजनिक निर्माण ,राजस्व, महिला एवं बाल विकास तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त भागीदारी रहेगी जिससे नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस ,साइनेज लाइसेंस सीवर कनेक्शन, ओ एफसी एवं मोबाइल टावर एन ओ सी, ई डब्लू एस प्रमाण पत्र अनुमोदित योजना के पट्टे , उप विभाजित पुनर्गठन, उपयोग परिवर्तन नामांतरण भवन निर्माण स्वीकृति लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी करना तथा यूडी टैक्स जमा करवाने की सुगम व्यवस्था की जाएगी।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1948 – उप प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने सेना को हैदराबाद में घुस कर कार्रवाई करने और उसे भारतीय संघ के साथ एकीकृत करने का आदेश दिया।
2000 – भारत के विश्वनाथन आनन्द ने शेनयांन में पहला फ़िडे शतरंज विश्व कप जीता।
2006 – इब्सा का पहला शिखर सम्मेलन ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में शुरू।
2009 – चन्द्रमा पर बर्फ़ खोजने का इसरो-नासा का अभियान असफल हुआ।

*-धर्म चंद मेहता*


### क्रॉस फायर

❑ नेपाल में अंतरिम प्रधानमंत्री के लिए प्रदर्शनकारियो में झड़प।
◆ झगड़ा कुर्सी का।
❑ प्रधानमंत्री मोदी बोले भारत मॉरीशस पार्टनर नहीं परिवार।
◆ पार्टनरशिप तो बराबर में होती है।
❑ केंद्र बोला राष्ट्रपति राज्यपाल पर डेडलाइन लागू करना गलत।
◆ पर संविधान से कोई ऊपर नहीं।
❑ सीआरपीएफ ने कहा राहुल गांधी सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं मानते।
◆ मांनेंगे तो सरकार के बैंड कैसे बजेंगे।
❑ सीआरपीएफ की राहुल को लेकर जारी रिपोर्ट पर कांग्रेस बोली विपक्ष के नेता को डराने की छिपी हुई कोशिश।
◆ राजनीति में सब जायज।
❑ वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले भारत अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण नवंबर तक फाइनल।
◆ ख्याल सोचने में क्या बुरा है।
❑ राज्य में 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित होगा शहरी सेवा शिविर।
◆ जनता को राहत मिलेगी।
❑ प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं।
◆ हनन करेंगे भी तो क्या कर लोगे।


*.............अंजू लोढ़ा*

### आज का राशिफल

**शनिवार 13 सितम्बर, 2025**



**मेष राशि:** आज के दिन आपका स्वभाव थोड़ा चिड़चिड़ा रह सकता है। आज परिवार की किसी बुजुर्ग व्यक्ति से धनलाभ के योग आपकी राशि में दिखाई दे रहे हैं। आज वाणी में मधुरता बनाए रखें।



**वृषभ राशि:** आज दिनभर आपका मन चंचल बना रहेगा। एक जगह आपका मन नहीं रुकेगा। मन को एकाग्र करने के लिए मधुर संगीत सुनें। आज भाग्य आपके साथ है।



**मिथुन राशि:** आज दिन सामान्य रहेगा लेकिन आज छोटे छोटे कार्यों के लिए बड़ी बड़ी मेहनत आपको करनी पड़ सकती है। आज दैनिक कार्यों में व्यवधान भी आ सकते हैं। इसलिए अपने कार्यों पर ध्यान दें।



**कर्क राशि:** कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य है लेकिन आज आपको धैर्य बनाकर रखना होगा। अपने मन को काबू में रखना होगा। आज आपका मन ऐसे कार्यों की ओर दौडने की कोशिश करेगा।



**सिंह राशि:** आज भाग्य आपके साथ है। धन लाभ के योग दिखाई दे रहे हैं लेकिन आज आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है। खाने पीने की वस्तुओं मैं सावधानी बरतनी जरूरी है।



**कन्या राशि:** आज का दिन धन लाभ वाला है। आज रुका हुआ धन आपके पास लौटेगा। अगर आप व्यापारी है तो सामान्य लाभ आपको होगा अगर आप बिजनेस करते हैं।



**तुला राशि:** आज आर्थिक लाभ के योग आपकी राशि में दिखाई दे रहे हैं। आज आय के स्रोत बनेंगे और ऐसे मौके आपको मिलेंगे जो भविष्य तक आपको धन लाभ देते रहेंगे।



**वृश्चिक राशि:** आप पिछले कुछ दिनों से जिन चिंताओं में घिरे हुए थे आज उनमें कमी आएगी। आज अपने लिए वस्त्र आप खरीदेंगे। खर्च की अधिकता आपकी राशि में आज दिखाई दे रही है।



**धनु राशि:** आज का दिन सामान्य से थोड़ा कम बेहतर है। अगर आप नौकरी करते हैं तो आज सीनियर से विवाद हो सकता है। अपने कार्यों को अच्छी तरह से पूर्ण करें। सहकर्मियों पर किसी भी कार्य को छोडना आज उचित नहीं है।



**मकर राशि:** आज परिवार में किसी बुजुर्ग का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ सकता है। विशेषकर माता के स्वास्थ्य के प्रति आपको सचेत रहने की आवश्यकता है। आज छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आपको आ सकता है।



**कुम्भ राशि:** आज आपकी जिम्मेदारी बढ़ेगी। परिवार में किसी व्यक्ति से अपका विवाद हो सकता है। छोटी-छोटी बातों पर बहस करना आपके लिए आज उचित नहीं है। पिता का भरपूर सहयोग आज आपको मिलने वाला है।



**मीन राशि:** आज दैनिक कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। रोजमर्रा के कार्यों के लिए आज आपको सामान्य से अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। आज जीवन साथी से भी मतभेद होने की आशंका भी आपकी राशि में दिखाई दे रही है।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

## न्यूज़ चैनलों पर नफरती बयान

# प्रिंट मीडिया की साख आज भी कायम



बाल मुकुन्द ओझा

हमारा पड़ोसी देश नेपाल सोशल मीडिया से उत्पन्न हिंसक क्रांति की आग से सुलग रहा है। नेपाल में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और हिंसा को लेकर भारत का सियासी पारा भी हाई है। वहीं हमारे यहां के बयानवीर नेता भारत में भी अपने बयानों के जरिये आग लगाने का कुत्सित प्रयास कर रहे है। रही सही कसर टीवी चैनलों की बहस पूरी कर रहे है। विभिन्न न्यूज़ चैनलों पर बहस के दौरान कांग्रेस सहित इंडिया ब्लॉक के नेता भारत में भी ऐसी घटनाओं के घटित होने पर अपनी आग उगलने लगे है। संजय राउत और उदित राज जैसे नेता कहां पीछे रहने वाले है। सोशल मीडिया को कुछ लोगों ने अपना हथियार बनाकर नेपाल के हालात की भारत से तुलना करने लगे हैं। सोशल मीडिया पर कह दिया कि लोग चर्चा कर रहे हैं जिस तरह से नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश में सत्ता को जनता ने उखाड़ फेंका है, क्या भारत में ऐसा नहीं हो सकता। देश के नामी गिरामी न्यूज़ चैनलों पर अभद्रता, गाली गलौज और मारपीट की घटनाएं अब आम हो गई है। न्यूज चैनल्स की डिबेट्स की भाषाई मर्यादाएं और गरिमा तार तार हो रही है। ऐसा लगता है डिबेट्स में झूठ और नफरत का खुला खेल खेला जा रहा है। डिबेट्स और चैनलों का ये गिरता स्तर लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। प्रमुख पार्टियों के प्रवक्ता जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रहे है वह निश्चय ही निंदनीय और शर्मनाक है। देश में कुकुरमुत्तों की तरह न्यूज़ चैनलों की बाढ़ सी आ गई है। इन चैनलों पर प्रतिदिन देश में घटित मुख्य घटनाओं और नेताओं की बयानबाजी पर टीका टिप्पणियों को देखा और सुना जा सकता है। राजनीतिक पार्टियों के चयनित प्रवक्ता और कथित विशेषज्ञ इन सियासी बहसों में अपनी अपनी पार्टियों का पक्ष रखते है। न्यूज़ चैनलों पर इन दिनों जिस प्रकार के आरोप प्रत्यारोप और नफरती बोल सुने जा रहे है उससे लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ते देखा जा सकता है। बड़े बड़े और धमाकेदार शीर्षकों वाली इन बहसों को सुनकर किसी मारधाड़ वाली फिल्मों की यादें जाग्रत हो उठती है। एंकर भी इनके आगे असहाय नज़र आते है। कई बार छीना झपटी, गाली गलौज और मारपीट की नौबत आ जाती है। सच तो यह है जब से टीवी न्यूज चैनलों ने हमारी जिंदगी में दखल दिया है तब से हम एक दूसरे के दोस्त कम दुश्मन अधिक बन रहे है। समाज में भाईचारे के स्थान पर घृणा का वातावरण ज्यादा व्याप्त हो रहा है। बहुत से लोगों ने मारधाड़ वाली और डरावनी बहसों को न केवल देखना बंद कर दिया है अपितु टीवी देखने से ही तौबा कर लिया है। लोगों ने एक बार फिर इलेक्ट्रॉनिक के स्थान पर प्रिंट मीडिया की ओर लौटना शुरू कर दिया है। आज भी अखबार की साख और विश्वसनीयता अधिक प्रामाणिक समझी जा रही है। डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की अपेक्षा आज भी प्रिंट मीडिया पर लोगों की विश्वसनीयता बरकरार है। आज भी लोग सुबह सवेरे टीवी न्यूज़ नहीं अपितु अखबार पढ़ना पसंद करते है। प्रबुद्ध वर्ग का कहना है प्रिंट मीडिया आज भी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहा है। इस समय देश के न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया पर नफरत और घृणा के बादल मंडरा रहे है। देश में हर तीसरे महीने कहीं न कहीं चुनावी नगाड़े बजने शुरू हो जाते है। इस साल बिहार में चुनाव होने वाले है। चुनावों के आते ही न्यूज़ चैनलों की बांछें खिल जाती है। चुनावों पर गर्मागरम बहस शुरू हो जाती है। राजनीतिक दलों के नुमाइंदे अपने अपने पक्ष में दावे प्रतिदावे शुरू करने लग जाते है। इसी के साथ ऐसे ऐसे आरोप और नफरत पैदा करने वाली दलीले दी जाने लगती है कि कई बार देखने वालों का सिर शर्म से झुक जाता है। यही नहीं देश में दुर्भाग्य से कहीं कोई घटना दुर्घटना घट जाती है तो न्यूज़ चैनलों पर बढ़चढ़कर ऐसी ऐसी बातों की झड़ी लग जाती है जिन पर विश्वास करना नामुमकिन हो जाता है। इसीलिए लोग इलेक्ट्रॉनिक के स्थान पर प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता को अधिक प्रमाणिक मानते है। इसी कारण लोगों ने टीवी चैनलों पर होने वाली नफरती बहस को देखनी न केवल बंद कर दी अपितु बहुत से लोगों ने टीवी देखने से ही तौबा कर ली। गंगा जमुनी तहजीब से निकले भारतीय घृणा के इस तूफान में बह रहे हैं। विशेषकर नरेंद्र मोदी के प्रधान मंत्री बनने के बाद घृणा और नफरत के तूफानी बादल गहराने लगे है। हमारे नेताओं के भाषणों, वक्तव्यों और फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सुचिता के स्थान पर नफरत, झूठ, अपशब्द, तथ्यों में तोड़-मरोड़ और असंसदीय भाषा का प्रयोग धड़ल्ले से होता देखा जा सकता हैं। हमारे नेता अब आए दिन सामाजिक संस्कारों और मूल्यों को शर्मसार करते रहते हैं। स्वस्थ आलोचना से लोकतंत्र सशक्त, परंतु नफरत भरे बोल से कमजोर होता है, यह सर्व विदित है। आलोचना का जवाब दिया जा सकता है, मगर नफरत के आरोपों का नहीं। आज पक्ष और विपक्ष में मतभेद और मनभेद की गहरी खाई है। यह अंधी खाई हमारी लोकतान्त्रिक परम्पराओं को नष्ट भ्रष्ट करने को आतुर है। देश में व्याप्त नफरत के इस माहौल को खत्म कर लोकतंत्र की ज्वाला को पुर्नस्थापित करने की महती जरूरत है और यह तभी संभव है जब हम खुद अनुशासित होंगे और मर्यादा की लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन नहीं करेंगे।

# जीवित्पुत्रिका व्रत–संतान की लंबी उम्र का पर्व

\- महेन्द्र तिवारी

हिंदू संस्कृति में मातृत्व का स्थान सर्वोच्च माना गया है। संतान की रक्षा, स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए किए जाने वाले अनेक व्रतों और उत्सवों में जीवित्पुत्रिका व्रत (जितिया व्रत) का विशेष महत्व है। यह पर्व मातृत्व की अटूट आस्था और संतान के प्रति समर्पण का प्रतीक है। विशेषकर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल के कुछ हिस्सों में यह व्रत बड़े श्रद्धा भाव और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। व्रत की तिथि और अवधि जीवित्पुत्रिका व्रत हर साल आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इसके ठीक एक दिन पहले सप्तमी को नहाय-खाय की परंपरा होती है। वर्ष 2025 में नहाय-खाय 13 सितंबर को और जीवित्पुत्रिका व्रत 14 सितंबर को रखा जाएगा। अष्टमी तिथि का समापन 15 सितंबर की देर रात होगा, इसलिए पारण (व्रत खोलना) 15 सितंबर को सूर्योदय के बाद किया जाएगा। इस प्रकार व्रत की शुरुआत सप्तमी से होती है और नवमी को पूर्ण होती है। कई बार तिथि के अनुसार यह व्रत 36 घंटे तक भी चल सकता है। **नहाय-खाय की परंपरा** नहाय-खाय के दिन व्रती महिलाएं स्नान-ध्यान कर शुद्धता और संकल्प के साथ जीमूतवाहन देव की पूजा करती हैं। इसके बाद वे सात्विक भोजन करती हैं, जो अगले दिन के कठोर निर्जला उपवास की तैयारी मानी जाती है। इस अवसर पर विशेष रूप से मडुआ की रोटी, नोनी की साग, दही और चूड़ा (पोहा) खाने की परंपरा है। यह भोजन ऊर्जा देने वाला और पचने में हल्का होता है।

**जितिया व्रत का पालन** अष्टमी तिथि के दिन विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं, अर्थात पूरे दिन और रात बिना भोजन और पानी के उपवास करती हैं। सूर्योदय से पहले वे केवल सात्विक आहार और जल ग्रहण कर सकती हैं। दिनभर वे जीमूतवाहन की पूजा करती हैं और संतान के कल्याण के लिए कथा सुनती या पढ़ती हैं। शाम को महिलाएं पीपल के पेड़ के नीचे एकत्र होकर कथा का पाठ करती हैं। पीपल के वृक्ष को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास स्थल माना जाता है, अतः उसकी पूजा से सभी कष्ट दूर होने की मान्यता है। **जीमूतवाहन की कथा और महत्व** जितिया व्रत का आधार जीमूतवाहन की प्रेरणादायक कथा है। जीमूतवाहन गंधर्व राजकुमार थे, जिन्होंने एक नागिन के पुत्र को गरुड़ के आक्रमण से बचाने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनके इस त्याग और निस्वार्थ प्रेम ने उन्हें संतान-सुरक्षा के प्रतीक के रूप में स्थापित कर दिया। यही कारण है कि जितिया व्रत में उनकी पूजा कर माताएं अपनी संतान की रक्षा और दीर्घायु की कामना करती हैं।

**व्रत कथा का पाठ और दान** व्रत का पूरा फल प्राप्त करने के लिए कथा का पाठ करना अथवा सुनना आवश्यक माना गया है। कथा सुनने से मन और विचार शुद्ध होते हैं तथा मातृत्व की शक्ति और प्रेम का महत्व स्मरण होता है। नवमी तिथि को व्रत खोलते समय व्रती महिलाएं गरीबों, ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र और दान प्रदान करती हैं। यह दान-पुण्य पितरों के आशीर्वाद और शुभ फल दिलाने वाला माना जाता है। जितिया का धागा इस पर्व का एक प्रमुख प्रतीक जितिया का धागा है। यह धागा मां और संतान के बीच के अटूट रिश्ते और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। व्रत के दौरान मां और बच्चे दोनों इस धागे को पहनते हैं। व्रत पूर्ण होने के बाद इस धागे को लापरवाही से फेंकना अशुभ माना जाता है। इसे या तो जल में विसर्जित, तुलसी या पीपल पर चढ़ाना, या पूजा स्थल पर सुरक्षित रखना चाहिए। यह माना जाता है कि ऐसा करने से मां का आशीर्वाद हमेशा संतान के साथ बना रहता है। **धार्मिक और सामाजिक महत्व** जीवित्पुत्रिका व्रत केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह मां और संतान के रिश्ते की गहराई, परिवार की एकता, और सामुदायिक जुड़ाव को भी प्रकट करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं सामूहिक रूप से यह व्रत करती हैं, जिससे सामाजिक एकजुटता और परंपरागत मूल्य सुदृढ़ होते हैं। यह पर्व मातृत्व के त्याग, धैर्य और शक्ति की याद दिलाता है। **निष्कर्ष** जीवित्पुत्रिका व्रत मातृत्व के प्रेम, समर्पण और त्याग का अनोखा पर्व है। यह सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक विरासत है, जो माताओं के संकल्प और संतान के प्रति अटूट प्रेम को जीवंत करती है। संतान की सुरक्षा और दीर्घायु के लिए किया जाने वाला यह व्रत, समाज में पारिवारिक मूल्यों, आस्था और सामूहिकता की भावना को भी मजबूत बनाता है। इसलिए जितिया व्रत को मातृत्व के उत्सव के रूप में देखना और इसकी परंपराओं का सम्मान करना हमारे सांस्कृतिक जीवन को और समृद्ध बनाता है।

## गर्व से कहो–हिंदी हैं हम

*डॉ.हरीश सुवासिया*

वर्तमान विश्व में भारत की पहचान हिंदी जुबान से है। हिंदी भाषा स्वतंत्रता से पहले, स्वतंत्रता के दौरान और स्वतंत्रता के बाद से लोकप्रिय भाषा बनी हुई है। हिंदी नाम फारसी के शब्द हिंद से आया है जिसका अर्थ है सिंधु नदी की भूमि। हिंदी भाषा इंडो-यूरोपियन परिवार के इंडो-आर्यन भाषाओं के सदस्यों में एक है किंतु इस भाषा में कोई भी लेख मौजूद नहीं है। हिंदी के कई शब्द ऐसे हैं, जो संस्कृत भाषा से प्रेरित हैं। हिंदी भाषा मूलतः ध्वन्यात्मक लिपि में लिखी गयी है। इस भाषा के शब्दों को हम उसी तरह स्पष्ट करते हैं जिस तरह से इन्हें लिखा गया है। ऐसे कई शब्द हैं जिन्हें पढ़कर लगता है कि ये अंग्रेजी के शब्द हैं लेकिन वस्तुतः ये शब्द हिंदी भाषा के हैं, जैसे- जंगल, लूट, बंगला, योग, कर्म, अवतार, गुरु आदि। हिंदी भाषा में सभी संज्ञाओं में लिंग हैं। यह या तो स्त्रीलिंग हैं या पुल्लिंग हैं। इसमें विशेषण और क्रियाएँ लिंग के आधार पर अलग-अलग होती हैं। हिंदी उन सात भाषाओं में से एक है जिसका इस्तेमाल वेब एड्रेस बनाने के लिए भी किया जाता है। दुनिया में हर ध्वनि को हिंदी भाषा में लिखा जा सकता है। हिंदी भाषा का प्रयोग केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अन्य देशों- पाकिस्तान, फिजी, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, न्यूजीलैंड, यूनाइटेड अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया आदि में भी किया जाता है। वैश्विक भाषा बनने की पहली शर्त यह है कि अधिक से अधिक लोग उस भाषा में संवाद करें,उसमें दूसरी भाषाओं के शब्दों को आत्मसात करने की क्षमता हो, उसका साहित्य समृद्ध हो इत्यादि। इन सभी कसौटियों पर हिंदी भाषा खरी उतरती है। आज विश्व के अनेक देशों के करोड़ों लोग हिंदी लिखते एवं बोलते हैं। चीन की भाषा मंदारिन दुनिया में सबसे अधिक बोली जाती है। इसे बोलने वालों की संख्या लगभग 1.3 अरब है। इस क्रम में दूसरे स्थान पर स्पेनिश, तीसरे स्थान पर हिंदी है। विश्व में हिंदी बोलने वालों की संख्या लगभग साठ करोड़ से अधिक है। वर्तमान में लगभग तीन दर्जन से अधिक देशों में हिंदी भाषा का बोलचाल की भाषा के रूप में प्रयोग करते है। हिंदी भाषा पूरी दुनिया में तीसरी व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है दूसरे देश जहाँ पर व्यापक रूप से हिंदी बोली जाती है उनमें पाकिस्तान, नेपाल, मॉरीशस, फिजी, गुयाना, सूरीनाम आदि शामिल हैं। दुनिया भर के लोग हिंदी गीतों और हिंदी फिल्मों को पसंद करते हैं! यह उन लोगों का हिंदी भाषा के प्रति स्नेह और अपनापन है इधर भूमंडलीकरण और बजारवाद की वजह से हिंदी की लोकप्रियता दिनोंदिन बढ़ रही है। आज दुनिया एक गाँव बन गयी है। विश्व के लिए भारत का बाजार बहुत ही बड़ा है और इसके विस्तार की अपार संभावना है। भारत की बहुसंख्यक आबादी हिंदी भाषी है। इसलिये, भारतीय बाजार में घुसने का रास्ता हिंदी भाषा के सहारे से गुजरता है। बहुराष्ट्रीय उत्पादों का विज्ञापन हो या प्रचार प्रसार की भाषा हो, जब तक वह हिंदी में नहीं होगी, किसी उत्पाद को भारत में बेचना मुश्किल है। बड़ा बाजार होने के कारण ही अंग्रेजी व दूसरी विदेशी भाषाई फिल्मों को हिंदी में डब किया जा रहा है। इतना ही नहीं दक्षिण भारत एवं पंजाबी फिल्मों को भी हिंदी में डब किया जा रहा है। जाहिर है, हिंदी के विस्तार में भारतीय बाजार बड़ी भूमिका निभा रहा है ! यह सब हिंदी को व्यापक और विशाल भाषा बनाते है! इधर एक कटु सत्य यह है कि हिंदी भाषा दुनिया की चौथी व्यापक बोली जाने वाली भाषा बन गई लेकिन इसके अपने देश के लोग इसके महत्व को भूलते जा रहे हैं। अब तो जहाँ देखो वहाँ लोग अंग्रेजी को ही अधिक महत्व दे रहे हैं। स्कूल, कॉलेज, कॉर्पोरेट, कार्यालयों आदि हर जगह अंग्रेजी को हिंदी से ज़्यादा प्राथमिकता दी जा रही है। यही कारण है कि हिंदी अंग्रेजी से पिछड़ती जा रही है। हमें सरकारी और वैयक्तिक स्तर पर माता-पिता और शिक्षको को अपने बच्चों को अंग्रेजी के बजाय हिंदी सीखने पर प्रेरित करना हैं क्योंकि अब हिंदी भाषा का वैश्विक दायरा बढा है वह ज्ञान और रोजगार पाने में बेहतर मददगार बन रही है। हिंदी हमारे देश की सबसे प्रमुख भाषाओं और सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। देश में हिंदी भाषा को हर कोई आसानी से समझ सकता है और बोल सकता है। कई लोगों के मन में यह प्रश्न उठता है कि भारत की राष्ट्र भाषा कौन सी है? तो आपको जानकारी के लिए बता दें कि हिंदी भारत की राष्ट्र भाषा नहीं हैं बल्कि हिंदी भारत की 'राजभाषा' है, जिसे 14 सितंबर, सन् 1949 को भारतीय संविधान से संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था। संविधान सभा ने देवनागरी लिपी में लिखी हिंदी को भारत की भाषा के तौर पर अपना लिया और 14 सितंबर, सन् 1949 के दिन हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिल गया। हमारे देश के सबसे पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा- इस दिन के महत्व को देखते हुए हर साल 14 सितंबर का दिन हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। अगर देखा जाये तो हिंदी भाषा का इतिहास 12वीं शताब्दी का है जिसका उदय आज से लगभग 300 साल पहले हुआ था। हिंदी भाषा पूरे विश्व में सबसे पुरानी, प्राचीन और प्रभावशाली भाषाओं में से एक है। हमें हमारी मातृभाषा हिंदी को बोलने में सदैव गौरवान्वित महसूस करना चाहिए।

## महागठबंधनो की बढ़ती महिला



कांतिलाल मांडोत

भारतीय लोकतंत्र 1977 के बाद से ही एक पार्टी के प्रभुत्व और कई पार्टियों के महा गठजोड़ के बीच झूलता आ रहा है।पहले कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था तो मई 2014 के बाद से भारतीय जनता पार्टी इस हैसियत में पहुंच गई । वैसे, राज्यों में तो गठबंधन का दौर काफी पहले 1967 में ही आ गया था, जब कांग्रेस 16 विधानसभा चुनावों में से आठ में हार गई थी।उत्तर के इन सात राज्यों और दक्षिण के तमिलनाडु में गठबंधन सरकारों और वैचारिक रूप से व्यापक गठबंधनों का प्रयोग हुआ था। ये तमाम गठबंधन भले नाजुक, अस्थायी और परेशानी वाले रहे हों, अगर इनमें मतदाताओं का व्यापक प्रतिनिधित्व हुआ करता था। फिर 1977 में इंदिरा गांधी की निरंकुश इमरजेंसी और जेपी आंदोलन की परिणति जनता पार्टी के रूप में एक महागठबंधन में हुई, जिसमें वैचारिक रूप से विपरीत ध्रुव की पार्टियां शामिल थीं-जनसंघ से लेकर वाम मोर्चे तक. जयप्रकाश नारायण कांग्रेस विरोधी विपक्ष के मसीहा बन गए।1977 के इसी प्रयोग के आधार पर विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 1989 में राजीव गांधी को सरकार के खिलाफ गठबंधन बनाने का कामचलाऊ प्रयोग किया जिसमें बीजेपी और वाम मोर्चे को सहयोगी के रूप में शामिल किया गया। आगे चलकर 1996 में दिल्ली में दो और अल्पमत संयुक्त मोर्चा सरकारों के प्रयोग हुए-एक एच.डी. देवेगौड़ा के नेतृत्व में और दूसरा इंदर कुमार गुजराल के नेतृत्व में।

उस समय तक क्षेत्रीय पार्टियों और राज्यों के क्षत्रपों की महत्वाकांक्षाओं का उभार इतना हो चुका था कि चुनावी नजरिए से राष्ट्रीय पार्टियों के लिए उन्हें नजरअंदाज करना लगभग नामुमकिन हो गया। लिहाजा, दो प्रमुख राष्ट्रीय गठबंधनों की नींव पड़ी, जो भारतीय राजनीति की नई हकीकत बन गए। कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) और बोजेपी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पिछले दो दशकों से क्षेत्रीय दलों ने इन्हीं में से किसी एक के साथ अपनी निष्ठाओं और अपने चुनावी भविष्य को बांध रखा है।हालांकि पिछले दौर में इस तरह के गठबंधन नाजुक रहे और कोई भी सरकार में कार्यकाल पूरा करने में कामयाब नहीं हो पाया। लेकिन 1998 के बाद से केंद्र में सत्ता में आए गठबंधन टिकाऊ रहे और सभी ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। 2014 के आम चुनावों में मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को बहुमत मिला लेकिन उसने फिर भी एनडीए की छतरी तले ही बने रहना पसंद किया और जिन राज्यों में वह सत्ता में नहीं थी।वहां भी उसने एनडीए के नाम से ही चुनाव लड़ा। यह भाजपा की साफ नीतियों का ही परिणाम है कि जनसंघ से निकले रास्ट्रीय फलक के नेता विश्वास संपादन करने में ही अपनी योग्यता समझते है।इनकी कथनी और करनी समान होती है। हालांकि कांग्रेस को जब यह लगने लगा कि बीजेपी का रथ रोकना असंभव सा है। बिहार में चतुर लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी और राहुल गांधी ने मिलकर बिहार में वोटनीति को लेकर और भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाकर शहर शहर वोट अधिकार यात्रा निकाली।उसके पूर्व इंडिया गठबंधन का पूरा सहयोग माना जा रहा था।लेकिन इंडिया गठबंधन के कई दल वोट चोरी के इस आरोप में शामिल नही हुए।उसकी बड़ी वजह थी कि वे साख खराब नही करना चाहते है। अब सवाल है कि 2025 में कौन जीतेगा ? एनडीए ताकतवर बना रहेगा या फिर बिहार की तर्ज पर किसी महागठबंधन से मात खा जाएगा ? यकीनन, इस वर्ष बिहार में विधानसभा चुनाव होने है। नरेंद्र मोदी लोकप्रिय बने हुए हैं और ये गरीबों के हक की लड़ाईलड़ते है।देश को फायदे में तब्दील कर लिया है। दूसरे, कांग्रेस के राहुल गांधी से मिलने वाली चुनौती भले ही पिछले कई साल में कमजोर पड़ी हो लेकिन वे अब भी मोदी को टारगेट करना नही छोड़ते है।

वे सबसे प्रमुख प्रतिद्वंद्वी बने हुए हैं। तीसरे, अन्य% की श्रेणी में बताए जाने वालों की चुनौती बढ़ी है। क्या ये सभी मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर जेपी की शैली का एक महागठबंधन बनाकर 2025 में बीजेपी के सामने तगड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं? बिहार में नीतीश और लालू का महागठबंधन व्यापक गठजोड़ विचारो के नए स्वरूप की बेहतरीन मिसाल पेश नही कर सका। दोनो नेता जेपी के शिष्य रहे है।जो महागठबंधन की राजनीति के जनक माने जाते हैं।अब सवाल यहीं है कि क्या राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह के किसी गठबंधित में कांग्रेस को पार्टी के तौर पर स्वीकार किया जा सकता है जो लंबे समय तक मुख्य देश में अकेली सबसे बड़ी पार्टी रही है। कांग्रेस बिहार में 2015 के महागठबंधन का भी हिस्सा थी।

## राजस्थान पुलिस द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर से लोगों को मिली राहत

# लोगों ने की राजस्थान पुलिस की तहे दिल से प्रशंसा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव शर्मा के निर्देशानुसार नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों और उनके परिजनों के लिए जारी राजस्थान पुलिस की हेल्पलाइन नंबर मददगार साबित हो रहा है, जिससे काफी लोगों को राहत मिली है। इस पहल की काफी सराहना की गई और राजस्थान पुलिस को धन्यवाद दिया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए महानिरीक्षक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था, अनिल कुमार टांक ने बताया कि बुधवार को इन हेल्पलाइन नंबरों पर कुल 43 व्यक्तियों ने सहायता मांगी, जिन्हें ना केवल गंभीरता से सुना गया अपित कुछ ही समय पर उनके द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देकर संतुष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे अभी काठमांडू न आएं। भारतीय दूतावास ने बताया है कि वह संबंधित नागरिकों के साथ निरंतर संपर्क में है तथा सभी को सुरक्षित रूप से स्वदेश लौटने के प्रयास जारी हैं। मंगलवार को 23, बुधवार को 12, एवं गुरुवार को 8 व्यक्तियों ने सूचनाएं दीं।

सूचनाकर्ताओं ने बताया कि उनके परिजन पशुपतिनाथ मंदिर के आसपास स्थित गेस्ट हाउस पर कंपनी की बसों से गए थे, जहां आंदोलनकारियों ने बसों में तोड़फोड़ की। इस स्थिति में फंसे पर्यटकों को हेल्पलाइनों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। राज्य सरकार को सूचनाकर्ताओं की समस्याओं से अवगत करवाकर प्रभावित पर्यटकों को बसों व हवाई जहाज द्वारा सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयासों की जानकारी दी गई। भारतीय दूतावास ने पर्यटकों को होटल में ठहराया तथा एयरपोर्ट पर सुरक्षा प्रदान की गई।

जो यात्री बसों से गए थे, वे स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सीमा पार कर भारत लौट रहे हैं। अधिकांश पर्यटकों की वापसी हवाई जहाज और बसों द्वारा सुनिश्चित की जा रही है। सूचनाकर्ताओं से उनकी समस्याओं बाबत फीडबैक लिया जा रहा है, जिसमें वे पुलिस व सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा कर रहे हैं। सूचनाकर्ताओं ने बताया कि उनका परिजनों से सम्पर्क हो रहा है तथा वे सुरक्षित तरीके से हवाई जहाज अथवा बस द्वारा वापस लौटट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नेपाल में विभिन्न कारणों से फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए राजस्थान पुलिस के मुखिया पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय में एक विशेष सेल स्थापित किया गया है। इसके लिए 24×7 हेल्पलाइन और व्हाट्सएप नंबर जारी किए गए। सेल की जिम्मेदारी एसपी कानून एवं व्यवस्था गोवर्धनलाल सोकरिया को सौंपी गई, वहीं तीन अनुभवी पुलिस अधिकारियों को राउंड द क्लॉक ड्यूटी पर लगाया गया है।

इस पहल से नेपाल में फंसे भारतीय नागरिक और उनके परिजन अब राजस्थान पुलिस को मदद के लिए सीधे संपर्क कर सकते हैं। किसी भी परेशानी, सूचना या शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 0141-2740832 तथा 0141-2741807 पर कॉल के जरिये और व्हाट्सएप नंबर 97849-42702 पर मैसेज कर मदद मांग सकते है।

### ऋण राहत के लिए एकमुश्त समाधान योजना 2025-26 लागू

**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा सामाचार)।** राज्य सरकार ने ऋणियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एकमुश्त समाधान योजना 2025-26 को मंजूरी दी है। इस योजना में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाई कर्मचारी, दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगमों की ऋण योजनाओं के लाभार्थियों को शामिल किया गया है। इयोजना के तहत 31 मार्च, 2024 तक अतिदेय मूलधन जमा कराने वाले ऋणियों को बकाया साधारण ब्याज एवं दंडनीय ब्याज में छूट मिलेगी। वहीं 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर, 2025 तक मूलधन व ब्याज जमा कराने वाले ऋणियों की केवल दंडात्मक राशि माफ की जाएगी। यह योजना 1 मई, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक लागू रहेगी। पहले चरण (1 मई से 30 सितंबर 2025) में मूलधन जमा कराने वालों को ब्याज व शास्ति दोनों से राहत मिलेगी, जबकि दूसरे चरण (1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025) में केवल शास्ति की छूट दी जाएगी। अतिदेय मूलधन पर किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी।

# शहीद वीरांगना के खाते से अनाधिकृत रूप से बैंक ने की एक लाख की कटौती

**भरतपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** सीमा प्रहरी कल्याण संस्था ने शहीद वीरांगना सुमन को संस्था के संस्थापक अध्यक्ष ओमवीर सिंह को बताया पीएनबी बैंक ररह की ओर से बिना किसी पूर्व सूचना मेरे पेन्शन खाते से अचानक अनाधिकृत रूप से एक लाख छः हजार सात सौ तिरयासी रुपए काट लिए, मेरे खाते में मात्र तीन हज़ार नौ सौ तिरयासी रुपए बचे है जिससे पूरे माह का घर का खर्च कैसे चलेगा। शहीद वीरांगना सुमन देवी के पति स्व. शहीद वीरेंद्र सिंह सिपाही बीएसएफ को राष्ट्र की सुरक्षा में उनके अदम्य साहस और वीरता एवं उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए राष्ट्रपति भारत सरकार के द्वारा मरणोपरांत पुलिस मैडल फार गैलनटरी से सम्मानित किया गया परन्तु उनकी विधवा की पेंशन से जोकि उनके व दो बच्चों के पालन पोषण के लिए दी जा रही है उनकी पेन्शन खाता संख्या पीएनबी शाखा ररह की ओर से अनाधिकृत रूप से एक लाख छः हजार सात सौ तिरयासी काट लिए गए। इस सम्बंध में सम्बन्धित शाखा प्रबंधक पीएनबी ररह एंव सर्किल ऑफिसर पीएनबी सुपर मार्केट से वीरांगना के साथ सीमा प्रहरी कल्याण संस्था का प्रतिनिधिमंडल न्याय दिलाने के लिए जब सर्किल ऑफिसर से मिलने के लिए अनुरोध किया तो विधवा एंव प्रतिनिधिमंडल के साथ उपस्थित स्टाफ की ओर से अशोभनीय एंव असंवैधानिक तरीके से अक्षम्य व्यवहार कर अपमानित किया गया।

### सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत कार्यशाला आज

**भरतपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती 2 अक्टूबर तक सम्पूर्ण देशभर में सेवा कार्यों का महासंकल्प लेते हुए भारतीय जनता पार्टी की ओर से सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जाएगा जिसके तहत शनिवार को दोपहर 1 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

## सामूकि विवाह सम्मेलन 2 नवम्बर को

**भरतपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** जन जागृति सामाजिक विकास समिति की ओर से आगामी 2 नवम्बर को दसवां सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। संस्थापक गजेन्द्र सिंह ने बताया कि जनजागृति सामाजिक विकास समिति की ओर से 10वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 2 नवम्बर को होगा जिसमें गरीब वर वधूओं की शादी होगी। समिति की ओर से विवाह सम्मेलन अम्बेडकर सामुदायिक भवन जवाहर नगर में सम्पन्न कराया जाएगा। विवाह में एक बाईक, फ्रीज, वाशिंग मशीन, अलमारी व अन्य घरेलू सामान दिया जाएगा।

# एक से सात अक्टूबर तक मनाया जायेगा समाज कल्याण सप्ताह

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा सामाचार)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से एक से 7 अक्टूबर 2025 तक समाज कल्याण सप्ताह मनाया जायेगा। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार समाज कल्याण सप्ताह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विशेष योग्यजन, महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिये संचालित योजनाओं के माध्यम से उन्हें लाभान्वित करने के साथ-साथ सामाजिक बुराईयों एवं कुरीतियों के विरूद्ध जनजागृति पैदा करना है। उन्होंने बताया कि सप्ताह के तहत 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस, 2 अक्टूबर को अनुसूचित जातियों का कल्याण दिवस, 3 अक्टूबर को अपराधी सुधार दिवस, 4 अक्टूबर को बाल दिवस, 5 अक्टूबर को महिला एवं बालिका कल्याण दिवस, 6 अक्टूबर को जनचेतना दिवस और 7 अक्टूबर को विशेष योग्यजन कल्याण दिवस एवं समाज कल्याण सप्ताह का समापन किया जायेगा।

# उचित मूल्य दुकानों के आवंटन हेतु साक्षात्कार 15 से 24 सितम्बर तक

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा सामाचार)।** जिला कलक्टर गंगानगर के निर्देशानुसार उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिये 15 सितम्बर से 24 सितम्बर तक साक्षात्कार लिये जायेंगे। जिला रसद अधिकारी श्रीमती कविता ने बताया कि श्रीगंगानगर ग्रामीण क्षेत्र के लिये 15 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तथा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक, श्रीगंगानगर शहरी क्षेत्र के लिये 16 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक, घडसाना व रावला क्षेत्र के लिये 17 सितम्बर को 11 बजे से 2 बजे तक, इसी दिन पदमपुर क्षेत्र के लिये सायं 3 बजे से 5 बजे तक, अनूपगढ़ क्षेत्र के लिये 19 सितम्बर को 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं विजयनगर क्षेत्र के लिये सायं 3 बजे से 5 बजे तक, रायसिंहनगर क्षेत्र के लिये 23 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से 1 बजे व दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक तथा करणपुर क्षेत्र के लिये 24 सितम्बर को 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक साक्षात्कार लिये जायेंगे। साक्षात्कार जिला रसद अधिकारी कार्यालय श्रीगंगानगर में लिया जायेगा। साक्षात्कार के लिये आवेदन पत्र के साथ लगाये गये दस्तावेजों की मूल प्रतियां मिलान के लिये लानी होगी। अनुपस्थित रहने वाले आवेदकों का आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माना जायेगा।

## जिला स्तरीय वन्दना प्रतियोगिता सम्पन्न



**भरतपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** आदर्श विद्या मन्दिर समिति की ओर से संचालित आदर्श विद्या मन्दिरों से संकुल स्तर के विजेता वन्दना प्रतियोगिता के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय वन्दना प्रतियोगिता के आयोजन में भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल छः दलों ने भाग लिया। प्रथम स्थान रणजीत नगर भरतपुर संकुल व द्वितीय स्थान उचचैन संकुल ने प्राप्त किया। प्रथम स्थान वाले दल पुरस्कार एवं सभी दलों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्य्रकम की अध्यक्षता डॉ योगेन्द्र भानु ने विद्यालय में सरस्वती वन्दना का महत्व बताया। मुख्य अतिथि श्याम कटारा, हेमराज गोयल ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

# कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की जयंती मनाई



**भरतपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की ओर से गुर्जर छात्रावास पर राजवीर घसौला की अध्यक्षता में स्व.कर्नल किरोडी सिंह बैंसला का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश सिंह सिरांधना, उदयसिंह पार्षद थे।

विशिष्ट अतिथि जसवंत दारापुरिया, दिव्यांश मलाह, जनक विधूडी, गिर्राज खटाना थे। कार्यक्रम की शुरूआत स्व.कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। जिलाध्यक्ष राजवीर घसौला ने कहा कि कर्नल किरोडीसिंह बैंसला ने गुर्जर आरक्षण के साथ-2 समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने के लिए एवं समाज में शिक्षा के प्रति अलख जगाने का काम भी किया था। उन्होंने पूरे प्रदेश ही नहीं पूरे देश के अंदर एम.बी.सी समाज से प्रतिभाएँ निकलकर आ रही हैं और एक शिक्षित समाज उभर कर आ रहा है। उन्होंने युवाओं को विशेष कर शिक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य किया था।

जसवंत दारापुरिया ने कहा कि कर्नल स्व. किरोडी सिंह बैंसला ने एक नारा लगाया था कि समाज में अचच्छी शिक्षा, अचच्छा स्वास्थ्य, कर्जमुक्त समाज, पढी लिखी माँ, फिजूलखर्ची पर रोक, सामाजिक कुरीतियों उन्मूलन व समाजहित की सोच के बारे में बताया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये एवं गाडिया लुहारों को फल वितरित किए गए। इस मौके पर बबली धाऊ, शिवचरन जिंदपुरा, जगवीर मलाह, यदुनाथ घसौला, सिया चौकीपुरा, विष्णु बुरावई, नाथ आढतिया, जसमत लुहारा, लाखन सिंह, राजेन्द्र सरपंच, राजपाल, शिवसिंह दायमा, नरेन्द्र सिंह, आदि लोग उपस्थित थे। संचालन शिवसिंह दायमा ने किया व आभार व्यक्त वीरेन्द्र बैरखो ने किया।

## वायु और स्वस्थ जीवन के लिए पौधारोपण जरूरी



**भरतपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** क्रीडा भारती एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पीपल, नीम, शीशम, जामुन, बबूल एवं करंज सहित अनेक उपयोगी पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कुन्तल ने पौधारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि शुद्ध वायु और स्वस्थ जीवन के लिए वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधारोपण को प्राथमिकता देनी चाहिए। पौधारोपण कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने और भविष्य की पीढियों को स्वचछ व स्वस्थ वातावरण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। इस मौके पर रनवीर सिंह, वेद कुमार,, धनंजय कुन्तल, जल सिंह फौजदार मौजूद रहे।

# बारिश से पुलिया क्षतिग्रस्त, हो सकता है हादसा



**भरतपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** जिले में हुई जोरदार बारिश के कारण बाणगंगा नदी में पानी की जबरदस्त आवक हुई है। तेज बहाव के चलते नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिले के उचचैन तहसील के गांव नगला तेराहियां को जाने वाले रास्ते में बाढ का पानी भर गया है, जिसके कारण गांव के लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। भारी बारिश के कारण नगला तेराहियां को जाने वाली पुलिया डूबने के साथ साथ क्षतिग्रस्त भी हो गई है। स्थानीय निवासी राहुल विजय मदेरणा ने बताया कि अगस्त माह में हुई जोरदार बारिश के बाद बाणगंगा नदी के बढ़ते जलस्तर से पुलिया जलमग्न स्थिति में है। गांव नगला तेराहियां व नगला बीजा को जाने वाले मार्ग में स्थित सेरी गांव में बाणगंगा नदी पर पुल बना हुआ है जिसका आकर बहुत छोटा और नीचा है। गांवों को जाने के लिए एकमात्र यही रास्ता है जो इस पुल से होकर जाता है।

उक्त पुलिया ऊंची ना होने के कारण डूब गई। ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर नीची पुलिया पर से ही पानी में से आने जाने को मजबूर हैं। इस पुलिया के ऊपर पानी होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। आसपास कोई संकेतक नहीं है। इस कारण रात के समय अंधेरे में हादसे का डर बना रहता है। गांव को जाने वाले रास्ते में पुल की खस्ता हालत से स्थानीय ग्रामीण परेशान हैं। मदेरणा के अनुसार यह पुल कई महीनों से क्षतिग्रस्त अवस्था में है। पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण पुल पर स्थित पीने के पानी की पाइप लाइन भी जगह जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है। मदेरणा ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पुल की मरम्मत की जाए। इस मौके पर ओमवीर मदेरणा, पिंटू तेराहियां, पदम सिंह, भंवर सिंह, बाबू तेराहियां, धीरेन्द्र सिंह, रौनक, शिवा आदि लोग मौजूद रहे।

# 12 परिवारों को पालनहार योजना एवं विधवा पेंशन योजना से जोड़ा

**भरतपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** स्वास्थ्य मंदिर रणजीत नगर पर बाल अधिकारिता विभाग की ओर से कच्ची बस्ती के लोगों के लिए पालनहार योजना, विधवा पेंशन योजना एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए शिविर लगाया गया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अमित अवस्थी के निर्देशन में संरक्षण अधिकारी योगेश पाठक, आउट रिच वर्कर विकास चतुर्वेदी, चाइल्ड लाइन कोऑर्डिनेटर प्रेमराज परनामी की ओर से 12 परिवारों को पालनहार योजना एवं विधवा पेंशन योजना से जोड़ा गया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अमित अवस्थी ने बताया कि जिन बचचों के पिता नहीं है माता पर निर्भर है और जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है वह पालनहार योजना का लाभ ले सकते हैं और जिन महिलाओं के पति की मृत्यु हो चुकी है उन महिलाओ को विधवा पेंसन योजना का लाभ मिल सकता है इसके लिए भी किसी ई मित्र पर जाकर या बाल अधिकारिता विभाग जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। स्वास्थ्य मंदिर के कोऑर्डिनेटर संदीप वास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य मंदिर पर समय-समय पर कचची बस्ती के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शिविर लगाए जाते रहे हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंदिर के डॉ दिगंबर सिंह, गिरीश शर्मा इत्यादि ने सहयोग प्रदान किया।

# बगों को साइबर सुरक्षा एवं उपभोक्ता जागरुकता की दी जानकारी

**भरतपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** हरिदत्त डिग्री कॉलेज टैक्नोलॉजी पार्क सेवर में नवजीवन सोसाइटी जयपुर की ओर से भारतीय दूर संचार विनियामक प्राधिकरण के तत्वाधान में साइबर सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दूर संचार सेवाओं के संबंध में एक दिवसीय उपभोक्ता जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संजू शर्मा ने की। कार्यक्रम का आरंभ द्वीप प्रगवलन एवं अतिथि स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम में नवजीवन सोसाइटी जयपुर के उपाध्यक्ष आरके शर्मा ने साइबर सुरक्षा एवं उपभोक्ता जागरुकता से संबंधित विषयों पर पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को जानकारी दी। उन्होने बड़े ही तथ्यात्मक एवं सारगर्भित रूप में भारतीय दूर संचार एवं नियामक प्राधिकरण के कार्य एवं शक्तियों को समझाते हुए साइबर हाइजीन, साइबर फ्रॉड, राचय एवं राष्ट्रीय टेलीकॉम सेक्टर तथा साइबर फ्रॉड से कैसे बचाव किया जाए।

# विद्यार्थियों को समझाया सीवरेज स्वचछता का महत्व

**भरतपुर (हुक्मनामा सामाचार)।** आरयूआईडीप की सामुदायिक जागरुकता एवं जन सहभागिता इकाई (कैप) द्वारा विद्यार्थी जागरुकता कार्यक्रम अन्तर्गत अधिशाषी अभियन्ता राजुल कुमार के मार्गदर्षन में रनजीत नगर स्थित किंग्स सैकण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें भरतपुर शहर में आरयूआईडीपी द्वारा सम्पादित किये जा रहे सीवरेज परियोजना कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर इनके लाभों के साथ-साथ रख-रखाव के विषय में चर्चा की। इस मौके पर सोशलल एक्सपर्ट मनीष कटारा ने उपस्थित छात्र- छात्राओं को भरतपुर शहर में आरयूआईडीपी द्वारा सम्पादित किये जा रहे सीवरेज परियोजना कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर इसके लाभों के साथ-साथ रख-रखाव के विषय में विस्तार से बताया।

## केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कम्पनी बाग का भ्रमण कर शहरवासियों से किया संवाद

# अलवर शहर को स्वचछ व हरा बनाने में सहयोग करने का किया आह्वान



**अलवर (हुक्मनामा सामाचार)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने शुक्रवार को कम्पनी बाग का अलसुबह भ्रमण कर शहरवासियों से संवाद किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने शहरवासियों से अलवर शहर को स्वचछ व हरा-भरा बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने आमजन से संवाद करते हुए कहा कि अरावली की सुरम्य पहाडियों के नजदीक बसा अलवर शहर बाबा भर्तृहरि की तपोस्थली है। इसको साफ-सुथरा व हरा-भरा शहर बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सांसद होने के नाते अलवर को स्वचछ शहर बनाने, यहां के ट्यूरिचम को बढाने व जिले का सम्पूर्ण विकास करने की दिशा में पूर्ण मनोयोग से निरन्तर काम किया जा रहा है। उन्होंने अलवर की स्वचछता रैंकिंग 366वें स्थान से 54वें स्थान पर आने एवं स्वचछ वायु सर्वेक्षण में देश में तीसरी रैंकिंग प्राप्त करने पर अलवरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इसे और बेहतर बनाने की दिशा में सामूहिक जनसहभागिता के साथ निरन्तर सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 17 सितम्बर से महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर तक पूरे देश में स्वचछता पखवाडा आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्वचछता संबंधी गतिविधियां आयोजित कराई जाएंगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि अलवर शहर को स्वचछ शहर बनाने में प्रशासन का सहयोग करें, अपने घरों के बाहर कचरा पात्र अवश्य रखे तथा कचरे का घर से ही सेरीग्रेशन कर ऑटो टिपर में डाले। उन्होंने कहा कि सरिस्का अभयारण्य में टाइगरों की संख्या 48 हो गई जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। अलवर के चहुंमुखी विकास एवं पर्यटन को गति देने हेतु बाबा भर्तृहरि धाम को विकसित करने, सेन्चुरी बनाने, नए डेयरी प्लांट को शुरू करने आदि कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी को अलवर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की टाइगर मैराथन होगी, इस दौरान देश-विदेश से लोग यहां आएंगे, जिससे अलवर के पर्यटन को बढावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने अलवर में फाटक की अनुमति देने के साथ 120 करोड लागत से नए रेलवे स्टेशन बनाने की सौगात दी है, जिसका भूमि पूजन नवम्बर माह तक कराने का पूरा प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि कम्पनी बाग समिति के समन्वय से यहां की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

**अधिशाषी अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड, सुमेरपुर (पाली)**

**ई-निविदा सूचना संख्या-11/2025-26 NIB No. : AGM2526A0148**

विभिन्न निर्माण कार्यो की UBN No:- AGM2526WSOB00550 to AGM2526WSOB00553 ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्योरमेन्ट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से बोर्ड एवं अन्य राजकीय विभागो में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb व www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/25/9901 अ.अ. - सुमेरपुर

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज 17684382 दिनांक :- 10/09/2025

**ई-बिड सूचना संख्या:- जोन विद्युत-प्रथम/11/2025-26**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से विद्युत के कार्यो हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से विद्युत कार्यों हेतु ऑन लाईन बिड आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE :- JOD2526A0142
UBN No. :- JOD2526WSOB00287

राज.संवाद/सी/25/9848 अधिशाषी अभियंता (विद्युत-I)

# प्रवासी राजस्थानी दिवस-2025, मुख्य सचिव ने विभिन्न देशों व राज्यों के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक को लेकर दिए दिशा-निर्देश



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आगामी 10 दिसम्बर को आयोजित होने वाले पहले प्रवासी राजस्थानी दिवस की सभी तैयारियां समय रहते हुए पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने इस बाबत विभिन्न देशों और राज्यों के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारियों की शुक्रवार को शासन सचिवालय में बैठक ली और निर्देश दिए कि राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मीट और अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मीट में प्रवासी राजस्थानियों की अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

मुख्य सचिव ने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस के दौरान शिक्षा, पर्यटन, उद्योग, स्वास्थ्य एवं जल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर सेशन आयोजित किया जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के साथ अन्य राज्यों के प्रवासी भारतीयों को भी 10 दिसंबर को आयोजित प्रवासी राजस्थानी दिवस में आमंत्रित किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि इस संबंध में विभिन्न देशों से आए प्रस्ताव को अपने स्तर पर चेक करें, अगर किसी देश के प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलना चाहते हैं तो उनके साथ देशीय प्रभारी भी साथ रहे ताकि प्रभारी अधिकारी बाद में फ़ॉलोअप ले सके। पंत ने यह भी निर्देश दिए कि प्रभारी अधिकारी अन्य देशों और राज्यों से संपर्क बनाकर उनके साथ भावनात्मक रूप से जुड़ें। उन्होंने बताया कि इन सकारात्मक प्रयासों से प्रदेश में निवेश बढ़ेगा और राज्य को आर्थिक लाभ मिल सकेंगे। बैठक में अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव ऊर्जा विभाग, दिनेश कुमार, प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, राजेश यादव, प्रमुख सचिव पर्यटन विभाग, मती गायत्री राठौर, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग और डॉ. देबाशीष पृष्टि, प्रमुख सचिव नगरीय विकास सहित संबंधित विभागों के उच्च अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अजमेर-बैंगलुरू और बैंगलुरू-भगत की कोठी रेलसेवाओं का सत्यसाई प्रशांति निलयम स्टेशन पर अस्थायी ठहराव

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भगवान सत्य साई बाबा के वार्षिक आयोजन के अवसर पर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा हेतु अजमेर-बैंगलुरू-अजमेर और बैंगलुरू-भगत की कोठी-बैंगलुरू रेलसेवाओं का सत्यसाई प्रशांति निलयम स्टेशन पर अस्थायी ठहराव देने की घोषणा की है। इसके साथ ही कुछ रेलसेवाएं अस्थायी रूप से परिवर्तित मार्ग से संचालित होंगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार — क गाड़ी संख्या 16531 अजमेर-बैंगलुरू रेलसेवा (17.11.25 से 24.11.25) सत्यसाई प्रशांति निलयम स्टेशन पर रात 22.28 बजे पहुंचेगी और 22.30 बजे प्रस्थान करेगी।

## एक नजर

### कांस्टेबल भर्ती परीक्षा अभ्यर्थियों के लिए स्पेशल रेलसेवाएं

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2025 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे ने विशेष रेलसेवाओं का संचालन करने की घोषणा की है। रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि इन ट्रेनों से हजारों परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुँचने में सहूलियत होगी। गंगानगरङ्कखातीपुराङ्कगंगानगर स्पेशल क गाड़ी संख्या 04701 = 13 सितम्बर को गंगानगर से शाम 6.00 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 5.30 बजे खातीपुरा पहुँचेगी। क गाड़ी संख्या 04702 = 14 सितम्बर को खातीपुरा से शाम 4.40 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 5.00 बजे गंगानगर पहुँचेगी। क ठहराव = सादुलशहर, हनुमानगढ़, नोहर, भादरा, सादुलपुर, चुरू, फतेहपुर शेखावाटी, सीकर, रींगस, ढेहर का बालाजी, जयपुर, गांधीनगर जयपुर। क संरचना = 1 द्वितीय शयनयान, 12 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बे। हिसारङ्कखातीपुराङ्कहिसार स्पेशल क गाड़ी संख्या 04707 = 13 सितम्बर को हिसार से रात 8.00 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 4.00 बजे खातीपुरा पहुँचेगी। क गाड़ी संख्या 04708 = 14 सितम्बर को खातीपुरा से शाम 6.30 बजे रवाना होकर रात 1.10 बजे हिसार पहुँचेगी। क ठहराव = हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी, खैरथल, अलवर, राजगढ़, बांदीकुई, दौसा। क संरचना = 13 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बे। रेलवे ने कहा है कि ये स्पेशल सेवाएं केवल परीक्षा अवधि में ही संचालित होंगी और अभ्यर्थियों के लिए बड़ी राहत साबित होंगी।

## बयाना जेल में एडीजे व विजिटर्स बोर्ड ने किया निरीक्षण, कैदियों से ली जातिगत भेदभाव की जानकारी



**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को सब जेल बयाना का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण सुकन्या सान्था बनाम भारत संघ रिट याचिका की अनुपालना में हुआ।

जिला जज केशव कौशिक के निर्देश पर एडीजे सोनाली प्रशांत शर्मा ने विजिटर बोर्ड के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण में कैदियों से जातिगत भेदभाव को लेकर पूछताछ की गई। सभी कैदियों ने बताया कि जेल प्रशासन उनके साथ कोई भेदभाव नहीं करता है। सभी को एक समान सुविधाएं मिल रही हैं। विजिटर बोर्ड में एसडीएम दीपक मित्तल, प्रिंसिपल धर सिंह गुर्जर और पीडब्ल्यूडी एईएन रामावतार गुर्जर शामिल थे। बीसीएमओ डॉ. धर्मेंद्र चौधरी, कृषि अधिकारी महेश खटाना और सामाजिक कार्यकर्ता सतीश सिंघल व नीलू फौजदार भी मौजूद रहे। जेलर केदारनाथ शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी निरीक्षण में उपस्थित थे। एडीजे शर्मा ने जेल प्रशासन को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा। उन्होंने कैदियों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बताया कि जेल व्यवस्था में अनियमितता रोकने के लिए समय-समय पर औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।


## बिट्स पिलानी ने अपने परिसरों में असहाय कुत्तों के लिए नई पहल शुरू की

**पिलानी (हुक्मनामा समाचार)।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स) पिलानी, जिसे इंस्टीट्यूट ऑफ इमिनेंस कहा जाता है, ने अपने कैंपस में असहाय कुत्तों के प्रबंधन के लिए एक बड़ी पहल शुरू की। इस प्रोग्राम की शुरुआत पिछले दो सालों में कुत्तों के काटने के 282 मामलों के बाद की गई। यह पहल कैंपस की सुरक्षा बढ़ाने के साथ-साथ पशु कल्याण के प्रति इनकी मजबूत प्रतिबद्धता को भी दिखाती है। इस प्रोग्राम में कई कदम उठाए गए हैं। बड़े स्तर पर नसबंदी और टीकाकरण अभियान चलाए गए हैं। इसके तहत अब तक 144 कुत्तों की नसबंदी, रेबीज़ का टीका और माइक्रोचिप लगाई जा चुकी है। यह काम हेल्प इन सफरिंग, जयपुर की मदद से किया गया है। कैंपस में 19,000 वर्ग फीट का एक बड़ा पशु आश्रय यानी एनिमल सेंचुरी को बनाया गया है, जहां छोड़े गए और घायल जानवरों की देखभाल होती है। पहली समिति ने 3 सितंबर 2025 को अचानक निरीक्षण किया, जिसके बाद दूसरी समिति ने 6 सितंबर 2025 को सरप्राइज निरीक्षण किया।

## तांत्रिक प्रक्रिया एव जादू-टोने से दामाद की हत्या का मामला

# 27 दिन बाद कब्र से निकाला गया शव,मेडिकल बोर्ड द्वारा किया जाएगा शव का पोस्टमार्टम

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जादू टोना कर 50 वर्षीय व्यक्ति की हत्या करने के प्रकरण में पुलिस द्वारा आज शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम के लिए कब्र से निकाला गया है। थानाधिकारी दिलीपसिंह ने बताया कि शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर पुनः दफनाया जाएगा। मामले के अनुसार 27 अगस्त को न्यायालय से प्राप्त इस्तगाशे में शहर के वार्ड संख्या 21 निवासी इमरान कायमखानी ने उल्लेख किया था कि 17 अगस्त को उसकी नानी गुलशन बानो, मामा याकुब, मामी नसीम, मनी, खाला शहिदन, बेगमा, मामा का लड़का शमशेर, जंगशेर, केप, जावेद उर्फ बाबू, भाभी बेबी फलक एवं मामा की लड़की शाहिना उसके घर कब्जा करने की नियत से आए तथा घर में बुरी आत्मा का निवास होने की बात कहते हुए इमरान को एक बकरा लाने के लिए भेज दिया। रिश्ते में भाभी बेबी फलक ने तांत्रिक क्रियाएं शुरू कर दी और जैसे ही इमरान घर पर पहुंचा, तो उसे सामने बैठाकर आग जलाकर जादू-



टोना करने लगी। इस दौरान इमरान की आंखों में मीर्च भी डाल दी, जब उसने विरोध किया, तो बेबी फलक ने कहा कि इसमें बूरी आत्मा का साया नहीं है, इसके पिता को बुलाओ। जब पिता महबूब घर पहुंचे, तो उसे एक शीशी पिला दी, जिससे वह निढाल हो गया और उसे तांत्रिक क्रियाएं करनी शुरू कर दी। इस दौरान जबरन मीर्च का पानी पांच-सात बार पिलाया और कान में तेल से भरी रूई एवं आंखों में मीर्च डालकर जादू-टोना करने लगी। जब विरोध किया, तो एक पानी के टब में मुंह ढककर डूबा दिया। बार-बार विरोध करने पर जब पानी से बाहर निकाला, तो उसकी हालत गंभीर हो गई। शोर सुनकर पड़ौसी भी मौके पर पहुंच गए तथा महबूब को जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। कोर्ट के माध्यम से स्थानीय पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। प्रकरण ने आज न्यायालय के आदेश से शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्र से बाहर निकालकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है, जहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर पुनः शव को दफनाया जाएगा।

## राजस्थान कांग्रेस निकाय प्रकोष्ठ के दुदाराम जिलाध्यक्ष नियुक्त



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के अनुमोदन उपरांत राजस्थान कांग्रेस निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जीवन खां ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के 41 जिलाध्यक्ष नियुक्त किए है जिनमें से चार जिलों में दो-दो एक शहरी, एक ग्रामीण जिलाध्यक्ष नियुक्त किए है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी सूची के अनुसार श्याम प्रजापति को अजमेर शहर, शंकर सिंह को अजमेर ग्रामीण, अंशुल सैनी को अलवर, कौशल सुमन को बारां, ऊषा जैन को बाड़मेर, रतनलाल खत्री को बालोतरा, अमजद खान को बांसवाड़ा, पप्पू काठात को ब्यावर, दीपेन्द्र सिंह बुरावई को भरतपुर, प्रकाशचंद ओझा को भीलवाड़ा, जफर मोहम्मद एडवोकेट को बूंदी, हसन अली गौरी को बीकानेर शहर, मीना देवी मूंधड़ा को बीकानेर ग्रामीण, अशोक कुमार वैष्णव को चित्तौड़गढ़, अली खां को चूरू, चंद्रशेखर अलूदिया को दौसा, भरत जोशी को डूंगरपुर, नासिर अली खान को धौलपुर, गुरमीत सिंह गिल को गंगानगर, इशाक खान को हनुमानगढ़, महिपाल जैन को सलूंबर, मोहम्मद असलम फारूकी को जयपुर शहर, विष्णु सैनी को जयपुर ग्रामीण, रावत खां को कुचामन डीडवाना, मोहम्मद फारूक अहमद को झालावाड़, महेश कटारिया को झुंझुनूं, हीरालाल बोहरा को जालोर, बाके बिहारी को करौली, हुकुम बाफना को कोटा ग्रामीण, गौतम टांक को नागौर, कैलाश मेवाड़ा को राजसमंद, माहरूफ कुरैशी को सिरोही, दुदाराम को सीकर, संतोष देवी शर्मा को सवाईमाधोपुर, आशा नामा को टोंक, सुशील गुर्जर को प्रतापगढ़, भंवर राय को पाली, शंकर चंदेल को उदयपुर शहर, भेरूलाल गुर्जर को उदयपुर ग्रामीण, राजेन्द्र महारानियां को नीमकाथाना, रहीम बक्स को जैसलमेर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## देशव्यापी परिवहन क्षेत्र बचाओ मांग दिवस मनाया



**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन आव्हान पर आज पूरे देश में सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र के कर्मचारियों ने मांग दिवस के रूप मे विरोध प्रदर्शन किया गया। राजस्थान के विभिन्न डिपो में राजस्थान रोडवेज वर्कर्स यूनियन सीटू कर्मचारियों द्वारा मांग दिवस के रूप में विरोध प्रदर्शन किया गया। सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में लाई जा रही इलेक्ट्रिक बस योजना की नीति के बदलाव करने, सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र को बचाने, 476 राष्ट्रीय राजमार्गों पर 2261 की निजी व लोक परिवहन की बसों को दिए जा रहे परमिटों को निरस्त करने एवं कर्मचारियों की ज्वलंत एवं प्रमुख मांगों के समाधान की दिशा में विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री राजस्थान , संबंधित मंत्रियों, राज्य सरकार के संबंधित अधिकारियों एवं रोडवेज के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक को राज्य कमेटी की ओर से ज्ञापन प्रेषित किया गया।प्रदर्शन के तहत सीकर आगार में केन्द्रीय बस स्टैंड पर रोडवेज के सेवारत एवं सेवानिवृत्ति कर्मचारियों द्वाराआम सभा के अयोजन की अध्यक्षता सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति के धन्नाराम एवं सांवरमल शर्मा ने की तथा सभा का संचालन शाखा उपाध्यक्ष सुनील बिजारणियां ने किया। रोडवेज बचाओ -रोजगार बचाओ के लिए विरोध प्रदर्शन किया गया।

## अब जिला एसआईपीएफ कार्यालय होंगे मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के सहायता केन्द्र

**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के लाभार्थियों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए एसआईपीएफ विभाग के जिला कार्यालयों को सहायता केन्द्र के रूप में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। इस कदम से जरूरतमंद, असहाय और अल्प आय वर्ग के परिवारों को दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सहयोग और मार्गदर्शन मिल सकेगा।

## कांस्टेबल परीक्षा 2025: परीक्षार्थियों के लिए चलेगी 5 जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनें, रेवाड़ी-सीकर ट्रेन का जयपुर तक विस्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2025 में लाखों परीक्षार्थियों की सुविधा को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने 5 जोड़ी परीक्षा स्पेशल रेलसेवाओं के संचालन का निर्णय लिया है। साथ ही रेवाड़ी-सीकर-रेवाड़ी रेलसेवा का जयपुर तक अस्थायी विस्तार भी किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि यह विशेष रेलसेवाएं 12 से 14 सितम्बर 2025 के बीच संचालित होंगी। मुख्य विशेष ट्रेनें और मार्ग 1.भगत की कोठीङ्कखातीपुराङ्कभगत की कोठी स्पेशल (13 सितम्बर) ङ्क जोधपुर, मकराना, फुलेरा होते हुए जयपुर तक।2.नागौरङ्कखातीपुराङ्कनागौर स्पेशल (13 सितम्बर) ङ्क मकराना, फुलेरा, गांधीनगर जयपुर तक। 3. जयपुरङ्कसवाई माधोपुरङ्कजयपुर स्पेशल (12 और 13 सितम्बर) ङ्क दुर्गापुरा, वनस्थली निवाई, चौथ का बरवाड़ा स्टॉपेज के साथ। 4. भगत की कोठीङ्कदुर्गापुराङ्कभगत की कोठी स्पेशल (13-14 सितम्बर) ङ्क जयपुर और आसपास के प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव। 5 नागौरङ्कसांगानेरङ्कनागौर स्पेशल (13-14 सितम्बर) ङ्क नागौर से जयपुर-दुर्गापुरा होकर। 6.रेवाड़ीङ्कसीकरङ्कजयपुर विस्तार (12-14 सितम्बर) ङ्क रेवाड़ी से सीकर होते हुए जयपुर तक संचालन। रेलवे ने इन स्पेशल ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बे लगाने के साथ ही पर्याप्त सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित की है, ताकि परीक्षार्थियों को समय पर और सुरक्षित यात्रा सुविधा मिल सके।

## राजस्थान पुलिस कांस्टेबल परीक्षा 2025 के परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु बीकानेर-चूरू-बीकानेर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा का संचालन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा राजस्थान पुलिस कांस्टेबल परीक्षा 2025 के परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु बीकानेर-चूरू-बीकानेर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04737, बीकानेर-चूरू परीक्षा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 13.09.25 व 14.09.25 को (02 ट्रिप) बीकानेर से 19.05 बजे रवाना होकर 22.10 बजे चूरू पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04738, चूरू-बीकानेर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 13.09.25 व 14.09.25 को (02 ट्रिप) चूरू से 22.45 बजे रवाना होकर रात्रि 01.45 बजे बीकानेर पहुॅचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में डूंगरगढ एवं रतनगढ स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## गुर्जर समाज ने मनाई कर्नल बैंसला की जयन्ती



**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना कस्बे की भगवती कॉलोनी स्थित देवनारायण मंदिर में शुक्रवार को अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा ने कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की जयंती मनाई। शिक्षाविद अतर सिंह महरावर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में समाज के लोगों ने कर्नल बैंसला को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कर्नल बैंसला के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बैंसला के संघर्ष से समाज को एमबीसी आरक्षण मिला। इससे हजारों युवाओं को सरकारी नौकरियों में अवसर मिले। समाज के लोगों ने बताया कि बैंसला के आंदोलन से लोगों में जागरूकता आई। उनके प्रयासों से अब गुर्जर समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। कर्नल बैंसला का मानना था कि एक शिक्षित मां सौ लोगों के बराबर होती है। उन्होंने समाज में अच्छे स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा और कर्जमुक्त जीवन का संदेश दिया।

## पंचायत समिति सभागार में राशन डीलर्स की बैठक आयोजित

# गिव अप अभियान की प्रगति को बढ़ायें राशन डीलर : निशांत पंचोली



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत पात्र परिवारों को फायदा पहुंचाने को लेकर खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग के प्रवर्तन अधिकारी निशांत पंचोली ने शुक्रवार दिनांक 12 सितंबर को जमवारामगढ़ पंचायत समिति सभागार में ब्लाक जमवारामगढ़ एवं आंधी के राशन डीलर्स की संयुक्त बैठक ली। राशन डीलर्स की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए प्रवर्तन अधिकारी निशांत पंचोली ने कहा राशन वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पंचोली ने बताया की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत देय योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के उपभोक्ता तक पहुंचना चाहिए। प्रवर्तन निरीक्षक विमला मीणा ने कहा की सभी राशन डीलर्स का दायित्व है की वे उपभोक्ताओं को सरकार ओर विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दें। उन्होंने बैठक में उपस्थित राशन डीलर्स को कहा आप सभी सरकार के गिव अप अभियान में प्रगति को आगे बढ़ायें ओर अपात्र उपभोक्ताओं को गिव अप अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करें। पंचोली ने सभी राशन डीलरों को राज्य सरकार द्वारा आगामी 17 सितंबर से गांवों में आयोजित शिविरों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तथा आगामी बैठकों में सभी राशन डीलर सभी गिव के फॉर्म सभी साथ में लेकर आए, एनएफएसए के सेंड बैक डेटा की पंचायत वाइज जो लिस्ट डाली गई थी उसको साथ में लेकर आए, इसके अलावा आधार सीडिंग, ई केवाईसी तथा एलपीजी आइडी मैपिंग की सूची। इसके अलावा बैठक में सभी राशन डीलर्स की उपस्थिति अनिवार्य है। जमवारामगढ़ में गिव अप की न्यून प्रगति को बढ़ाने के लिए प्रवर्तन अधिकारी राजेश टांक एवं प्रवर्तन अधिकारी निशांत पंचोली जी सहयोगार्थ उपस्थित रहेंगे। इस दौरान राशन डीलर एसोसिएशन जिला अध्यक्ष रामकरण मीणा, प्रहलाद चंद सैनी, धारासिंह जाट, रामजीलाल शर्मा, अंकुर माहेश्वरी, संजय कुमार सैन एवं लोकेश कुमार मीणा सभी अनेक राशन डीलर उपस्थित रहे।

### अलवर शहर के समग्र विकास के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

# स्वच्छता, सौन्दर्यकरण, पर्यटन के साथ शहर के समग्र विकास के लिए समन्वित कार्य योजना बनाकर अमल में लाएंः भूपेन्द्र यादव

**अलवर ( हुक्मनामा समाचार )।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में स्वच्छता अभियान व शहर के समग्र विकास से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान वन एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा मौजूद रहे। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव ने अधिकारियों को स्वच्छता रैंकिंग में 54 वां स्थान एवं वायु सर्वेक्षण में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि शहर में स्वच्छता के क्षेत्र में और अधिक सुधार के लिए निरंतर कार्यशील रहे। उन्होंने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता व वायु सर्वेक्षण में सम्मिलित प्रत्येक बिंदु की विस्तृत समीक्षा कर नगर निगम आयुक्त को सर्वेक्षण के प्रत्येक बिंदु की विशेष कार्ययोजना तैयार कर पाए गए गैप व कमियों को आगामी तीन माह में स्वच्छता अभियान के माध्यम से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से प्रारंभ हो रहे सेवा पखवाड़े से नागरिकों को जोड़ कर स्वच्छता गतिविधियां का आयोजन किया जावे। उन्होंने सेवा पखवाड़े के दौरान एनयुएलएम स्वच्छता सखियों का प्रशिक्षण कराने, घरेलू हजार्डस का सुव्यवस्थित निस्तारण प्रारंभ कराने एवं कंस्ट्रक्शन साइट से निकले डस्ट कचरे का प्लांट में प्रसंस्करण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।जन सहभागिता के साथ टॉप शहरों में जगह बनाने के लिए स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर विशेष प्रयास किए जाएं।जिसमें प्रत्येक सप्ताह के एक दिन अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण फील्ड में जाकर सफाई व्यवस्थाओं को देखें।'सेवा पखवाड़े' में स्वच्छता रैंकिंग में 54वें स्थान व स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देश भर में तीसरा स्थान प्राप्त करने की उपलब्धि को और आगे बढ़ाने की दिशा में आमजन के साथ कार्य करें। केंद्रीय मंत्री यादव ने निर्देशित किया कि निगम के पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स का सर्वेक्षण कर वेस्ट डिस्पोजल पर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करें तथा शहर में निर्धारित स्थानों पर सुव्यवस्थित व एकरूपता के साथ स्टॉल का निर्माण कर उन्हें आवंटित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर के सभी पथों पर ग्रीनरी व खाली जगह पर इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में वर्षा जल भराव ना हो इसके लिए नालों व नालियों की सुव्यवस्थित साफ-सफाई करावें तथा वर्षा जल भराव वाले स्थान पर वाटर रिचार्ज संरचना का निर्माण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत शहर में सुव्यवस्थित विकास व निर्माण कार्य संभव हो, इसके लिए चौराहो, मार्गों व फ्लावरओवर इत्यादि का सर्वेक्षण कर चिन्हीकरण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर के सौंदर्यकरण के मध्यनजर भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण हो एवं पनोरमा का सौंदर्यकरण कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर में सार्वजनिक स्थानों पर निर्मित शौचालय की नियमित साफ-सफाई व आवश्यकतानुसार नए शौचायलयों का निर्माण, एसएचजी महिला समूह द्वारा छोटे शौचालयों का प्रबंध कार्य एवं इनमें एसटीपी प्लांट के ट्रीटेड वॉटर का प्रयोग किया जाए। उन्होंने सफाई कर्मियों के कल्याण के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने, एनएफएसए के तहत राशन कार्ड बनवाने व ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन इत्यादि कार्य किए जावें। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर में चिन्हित कच्ची बस्तियों में सड़क व नाली निर्माण सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाए। केंद्रीय मंत्री यादव ने यूआईटी सचिव को निर्देशित किया कि प्रस्तावित नाइट टूरिज्म व कल्चरल हेरिटेज वॉक प्रोजेक्ट को गति देंवें तथा न्यास की अन्य




प्रस्तावित नवीन योजनाओं एवं बजट घोषणाओं को निर्धारित टाइमलाइन में पूर्ण करावें। उन्होंने कहा कि न्यास के अन्य विकास कार्यों पर राज्य सरकार स्तर पर वार्ता कर सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मत्स्य उत्सव के अवसर पर भव्य लाइफस्टाइल बुक एवं कल्चरल फेस्टिवल का आयोजन हो। उन्होंने राजीविका द्वारा जिले में किया जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर डीपीएम को निर्देशित किया आईएफएससी फॉर्मेशन, कस्टमर हायरिंग सेंटर व स्टार्टअप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम इत्यादि पर कार्य करते हुए एसएचजी ग्रुप को फारवर्ड लिंकेजेज के माध्यम से मार्केट से जोड़ें। बैठक में वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने शहर की साफ-सफाई संबंधी समस्याओं, उचित प्रकार से नालों की सफाई, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, सार्वजनिक स्थानों पर आवश्यकता वाले स्थानों पर नए शौचालयों का निर्माण कराने, मरम्मत की आवश्यकता वाले सार्वजनिक शौचालयों के बारे में अवगत कराया।

## चोंप स्थित आरसी स्टेडियम का ग्राउंड जल्द होगा तैयार : डी.डी. कुमावत



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी.डी. कुमावत ने बताया कि जयपुर के चोंप स्थित निर्माणाधीन नये अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का ग्राउंड जल्द ही तैयार हो जाएगा। शुक्रवार को एडहॉक कमेटी संयोजक कुमावत, सदस्य आशीष तिवाड़ी और मोहित यादव ने ग्राउंड निर्माण कार्य व अन्य ब्लॉक्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राउंड की लेवलिंग सहित सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। कुमावत ने कहा कि एडहॉक कमेटी का प्रयास है कि इस स्टेडियम में जल्द ही आरसीए की प्रतियोगिताओं के साथ-साथ बीसीसीआई की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हो सके।

**Executive Engineer Water Resources Division II Ajmer**

No. 2834 | **Notice Inviting Bid** | Date:- 03.09.2025

1 Bids are invited from interested bidders upto 06:00 PM dated 15.09.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement in Rs. 33.68 Lacs.

NIB code :- WRD2526A0396
UBN:-WRD2526WSOB00942
DIPR/C/13240/2025

Executive Engineer
Water Resources
Divison II Ajmer

# राजस्थान को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में प्रयासः दिया कुमारी

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जयपुर सिटी पैलेस में आयोजित राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (ऋझ्ञ्ष्ठरू) 2025 के पाँचवें संस्करण का शुभारंभ हुआ। पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार और एफएचटीआर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन केवल एक उद्योग नहीं बल्कि आजीविका, संस्कृति और गर्व का आधार है। वर्ष 2023 में प्रदेश में 18 करोड़ घरेलू और 18 लाख अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आए। वर्ष 2024 में विदेशी पर्यटकों की आमद में लगभग 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आज पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र राज्य की जीडीपी में लगभग 12 प्रतिशत योगदान दे रहा है और लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को सालभर का वैश्विक पर्यटन गंतव्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सरकार नई पर्यटन सर्किट विकसित कर रही है—जैसे बांसवाड़ा और डूंगरपुर में जनजातीय पर्यटन, जैसलमेर के तनोट और बीकानेर के सांचू में सीमा और रेगिस्तान पर्यटन। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान बड़े आयोजनों के लिए तैयार है। जेईसीसी में आयोजित आईफा अवार्ड्स इसकी मिसाल है। राज्य में कॉन्सर्ट टूरिज्म, डेस्टिनेशन वेडिंग्स और स्ल्ढ्ढष्टश्व को बढ़ावा देने के लिए विशेष नीतियाँ लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास के साथ सरकार हवाई अड्डों, सड़कों और डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसी आधारभूत सुविधाओं पर भी ध्यान दे रही है।



साथ ही, सस्टेनेबिलिटी और कम्युनिटी-फर्स्ट मॉडल को केंद्र में रखा गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने इस बार पहली बार ग्रीन बजट भी प्रस्तुत किया है, जिससे विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों को साथ लेकर चलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस अवसर पर दिया कुमारी ने यह भी कहा कि आयोजन में उनका स्वागत स्थानीय परंपरा के अनुरूप राजस्थान की पारंपरिक बाड़मेर की शॉल ओढ़ाकर किया गया, जो अपने आप में हमारी लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने का एक अनूठा प्रयास है।

## जेवीएनएल के जेईएन का दलाल 17 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**अलवर ( हुक्मनामा समाचार )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अलवर जिले के पीनान जीएसएस के कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) तेज सिंह के दलाल फूलसिंह को 17,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मीता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी चौकी अलवर को शिकायत मिली थी कि पीनान जीएसएस के जेईएन तेज सिंह ने परिवादी से शिव मंदिर में लगी लाइट को लेकर रिश्वत की मांग की। आरोप है कि जेईएन ने मंदिर में बिना मीटर बिजली कनेक्शन बताकर एक लाख रुपये की वीसीआर भरने की धमकी दी और बदले में 30,000 रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता से पहले ही 5,000 रुपये वसूलने के बाद शेष राशि के लिए दबाव बनाया गया। एसीबी चौकी अलवर प्रथम की टीम ने



उप महानिरीक्षक पुलिस प्रथम राजशे सिंह के सुपरवीजन और प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई करते हुए दलाल फूलसिंह को 17,000 रुपये की रिश्वत लेते दबोच लिया। इस दौरान आरोपी जेईएन तेज सिंह मौके से फरार हो गया। एसीबी के अनुसार, आरोपी से पूछताछ और आगे की कार्यवाही जारी है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

**कार्यालय तहसीलदार**
**तहसील-जमवारामगढ़, जिला जयपुर**

क्रमांक/भू.अ./25/692-695 | दिनांक : 08.09.2025

**आम सूचना**

प्रार्थी लालाराम शर्मा, बाबूलाल शर्मा पुत्रान नाथूराम शर्मा निवासी-हीरावाला, जमवारामगढ़ जिला जयपुर के द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने चाचा/ताऊ स्व. श्री जगदीश प्रसाद शर्मा पुत्र स्व. गोपीराम जाति ब्राह्मण निवासी हीरावाला तहसील-जमवारामगढ़ जिला जयपुर की अपंजीकृत वसीयत के आधार पर ग्राम निमडिया, तहसील जमवारामगढ़, जिला जयपुर की खातेदारी भूमि खसरा नंबर 1038, 1037 का नामान्तरकरण लालाराम शर्मा, बाबूलाल शर्मा पुत्रान, नाथूराम शर्मा निवासी-हीरावाला, जमवारामगढ़ जिला जयपुर के पक्ष में खुलवाने हेतु निवेदन किया है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्व. श्री जगदीश प्रसाद शर्मा पुत्र स्व. गोपीराम जाति ब्रह्मण निवासी हीरावाला तहसील-जमवारामगढ़ जिला जयपुर के सम्बन्ध में एवं इनकी उपरोक्त वर्णित खातेदारी भूमि के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई सूचना/जानकारी/या आपत्ति हो तो इस प्रकरण में नियत दिनांक 24/9/2025 को कार्यालय समय में लिखित सूचना/आपत्ति मय आवश्यक दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालय में प्रस्तुत करें 7 उक्त नियत दिनांक के उपरांत किसी भी व्यक्ति/संस्था द्वारा दी गयी सूचना या आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। सर्वसाधारण सूचित रहे।

तहसीलदार
तहसील जमवारामगढ़
जिला जयपुर

## सोडाला से श्याम नगर सब्जी मण्डी से निर्माण नगर तक रोड़ सीमा को कराया अतिक्रमण मुक्त

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-5 में यातायात पुलिस, नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान के तहत सोडाला से श्याम नगर सब्जी मण्डी से निर्माण नगर तक रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस, राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-05 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सोडाला से श्याम नगर सब्जी मण्डी से निर्माण नगर तक रोड़ सीमा पर अस्थाई अतिक्रमण कर लगाये गये थडियां, ठेलें, बांस-तम्बू, तिरपाल, टेबल, कुर्सियां, होर्डिंग, साईन बोर्ड इत्यादि लगाकर किये गये अतिक्रमणों को यातायात पुलिस व नगर निगम ग्रेटर के साथ सामूहिक अभियान के तहत आज जोन-05 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। नगर निगम जाप्ते के द्वारा सामान जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-05, यातायात पुलिस एवं नगर निगम का जाप्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## दौसा में 22 परीक्षा केंद्र पर कांस्टेबल भर्ती परीक्षा आज से शुरू

**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** पूर्व की सरकार में भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने के बाद वर्तमान की भजनलाल सरकार ने समस्त भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्ष संपन्न करने के लिए कमर कस रखी है। ऐसे में प्रदेश सरकार के लिए कांस्टेबल भर्ती परीक्षा एक चुनौती से कम नहीं है। राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा दौसा सहित पूरे प्रदेश पर में आयोजित की जा रही है। दौसा जिला मुख्यालय पर 22 परीक्षा केन्द्रो पर तीन पारियों में परीक्षा आयोजित की होगी। इसमें 13 सितंबर को एक परी को दोपहर 2ः00 बजे से लेकर शाम 5ः00 बजे तक आयोजित होगी। वहीं 14 सितंबर को दो पारियों में परीक्षा आयोजित होगी। जो प्रथम पारी सुबह 9ः00 बजे से लेकर दोपहर 12ः00 बजे तक दूसरी पारी दोपहर 2ः00 बजे से लेकर शाम 5ः00 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर 2 घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य है। परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को प्रवेश के लिए अपना रंगीन पासपोर्ट साइज का फोटो व एक मूल फोटो युक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। परीक्षा में एडमिट कार्ड पर दिए गए ड्रेस कोड का पालन करना अनिवार्य है। परीक्षार्थियों को नीले या काले रंग की स्हायी का पारदर्शी वॉलपैन लाना अनिवार्य है। परीक्षा में मोबाइल, फोन, ब्लूटूथ, घड़ी, कैलकुलेटर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक समान परीक्षा केंद्र पर लाना सख्त मना है। परीक्षार्थियों को एसएसओ आईडी के माध्यम से अपने ई प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक सागर राणा , एएसपी हेमंत कलाल एवं एएसपी महिला अनुसंधान गुरुशरण राव की अध्यक्षता में परीक्षा की तैयारी को लेकर सभी परीक्षा केंद्र प्रभारी की बैठक ली गई। जिनमें उन्हें सख्त निर्देश दिए गए साथ ही परीक्षा को पूर्णतया नकल मुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा में परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार के लापरवाही, अनियमितताएं बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रायसर**
**पंचायत समिति आंधी, जिला-जयपुर**

क्रमांकः-ग्रा.प.रा./निविदा/2025 -26/212-17 | दिनांकः- 31.08.2025

**खुली निविदा सूचना 04/ 2025-26**

ग्राम पंचायत में स्वीकृत ओपन जिम निर्माण कार्यों (संकर्म) के लिये ऑफलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी लागत राशि 2.64 लाख रूपये है एवं जिसकी अंतिम तिथि 19.09.2025 को 01:00 pm तक है।

विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan. gov.in/ पर देखी एवं DOWNLOAD की जा सकती है।

**Bid code :- ZJP2526A0945**

**UBN is :- ZJP 2526WSLB01547**

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रायसर,
पंचायत समिति आंधी

सरपंच
ग्राम पंचायत रायसर,
पंचायत समिति आंधी

# मंडी प्रशासन की लापरवाही और अनियमितताएं से मंडी में चोरी के बाद बंद से किसानों और व्यापारियों को लाखों का नुकसान

**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** दौसा कृषि उपज मंडी में लगातार चोरी की घटनाओं से व्यापारी आक्रोशित है। इसी को लेकर पिछले कई वर्षों से कई बार चोरी की वारदात हो चुकी है। लेकिन मंडी प्रशासन उसे पर लीपापोती कर या पर्दा डालकर रफा दफा कर देता है। ऐसे में मंडी प्रशासन की लापरवाही के चलते कई बार व्यापारियों और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में फिर एक बार दो दिन से कृषि उपज मंडी इसलिए बंदे की की मंडी के अंदर चौकीदार होने के बावजूद भी आए दिन चोरी होना आम बात हो गई है। ऐसे में गरीब किसान और व्यापारी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। जबकि मंडी प्रशासन के द्वारा चौकीदार व्यवस्था के लिए कई चौकीदार लगा रखे हैं। लेकिन सब दिया तले अंधेरा साबित हो रहे हैं। मंडी प्रशासन की मिलीभगत से जितने पर्याप्त चौकीदार होने चाहिए थे उतने पर्याप्त चौकीदार रात की ग्रस्त व दिन की ग्रस्त में मौजूद नहीं होते। साथ ही जिससे कई बार चोरी की वारदात हो चुकी है इतना नहीं कई बार चोरों को पकड़ भी लिया गया लेकिन मंडी प्रशासन आज तक उन पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर पाया है। ऐसे में अब व्यापारी और किसानो का मंडी प्रशासन पर से विश्वास उठ गया है। बात ये भी सामने आई है की मंडी प्रशासन मंडी में उनके करिंदों के द्वारा अवैध वसूली का भी खेल सरेआम चल रहा है। चाहे वह मंडी की आढ़त हो या फिर सब्जी मंडी की आढ़त हो वहां उनके गुर्गे चौथ वसूली करते हुए साफ़ नजर आएंगे। जब खेत ही बाढ़ को खायेगी तो फिर चोरी क्यों नहीं होगी। ऐसा ही मामला चौकीदारों को लेकर है चौकीदार भी अपनी ड्यूटी समय पर करते नहीं है और ना ही रात को दुकानों की ओर भ्रमण




करते हैं। ऐसे में चोरी होना लाजमी है यहां तक की ये भी बात सामने आ रही है कि इसमें मंडी प्रशासन की मिली भगत से चोरों के हौसले बुलंद है। लेकिन इस बरसात से बरसी आफत के दौरान भी किसान और व्यापारियों के यहां से चोरी होना गंभीर बात है। अब यह तो आने वाला वक्त बताएगा कि यह हड़ताल कितने दिन और चलेगी या फिर मंडी प्रशासन फिर ऐसी घटनाओं पर पर्दा डालकर बिचोलिये के माध्यम से समझौता करने में काबियाब होगा यह तो आने वाला वक्त बताएगा।

**कार्यालय पंचायत समिति, जहाजपुर ( भीलवाड़ा )**

क्रमांकः पसज/लेखा/निविदा/2025-26/1805 | दिनांक : 11.09.2025

**निविदा सूचना ( 2025-26/27 )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति जहाजपुर में जॉब बेसिस पर कार्मिक उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2025-26 हेतु निम्नानुसार निविदाएं बन्द लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/व्यक्ति वित्त विभाग के आदेश क्रमांक 30.04.2018 यथा संशोधित में वर्णित शर्तानुसार अपनी निविदाएं निर्धारित दिनांक तक मय धरोहर राशि विकास अधिकारी पंचायत समिति जहाजपुर के नाम डी.डी. बनाकर जमा करा सकते हैं।

| सेवा/ठेका का विवरण | अनु. राशि (लाखों में) | निविदा शुल्क रु. | धरोहर राशि रु. | निविदा विक्रय की अंतिम दिनांक व समय | निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मशीन विद मैन (कम्प्युटर ऑपरेटर आवश्यकतानुसार ड्राईवर आवश्यकतानुसार) | 950000 | 500/- | 19000/- | दिनांक 12.09.2025 दोपहर : 1.00 बजे तक | दिनांक 22.09.2025 दोपहर : 2.00 बजे तक | दिनांक 23.09.2025 दोपहर 03.00 बजे से |

**शर्तें** :- विस्तृत शर्तें कार्यालय व वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**NIB Code :** ZBL2526A1017
**UBN Code :** ZBL2526SSOB0181

विकास अधिकारी
पं.स. जहाजपुर ( भीलवाड़ा )

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल से संवर रहा गरीब और वंचित वर्ग के युवाओं का करियर

# 30 हजार विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री कोचिंग कराएगी राज्य सरकार

**मुख्यमंत्री अनुप्रति निःशुल्क कोचिंग योजना में अब 30 सितंबर तक आवेदन**

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब और वंचित वर्ग के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए भरपूर अवसर उपलब्ध करवा रही है। इस वर्ष सरकार 30 हजार छात्र-छात्राओं को मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाएगी। मुख्यमंत्री अनुप्रति निःशुल्क कोचिंग योजना 2025-26 के तहत प्रतिष्ठित संस्थानों में निशुल्क कोचिंग के लिए युवा अब 30 सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, दिव्यांगजन सहित सभी पात्र युवाओं के हित को ध्यान में रखते हुए इस योजना की अंतिम तिथि 14 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है। अधिक से अधिक युवा इस योजना का लाभ लेने के लिए, एसएसओ आईडी के माध्यम से पंजीकरण कराएं। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कोचिंग संस्थानों के माध्यम से उत्कृष्ट ढंग से कराकर रोजगार के समान अवसर प्रदान करना है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स जैसे- मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं, यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा एवं सीडीएस परीक्षा, आरपीएससी द्वारा आयोजित आरएएस, पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा, आरएसएसबी द्वारा पटवारी, कनिष्ठ सहायक परीक्षा, आरआरबी एवं एसएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं, बैंकिंग एवं इंश्योरेन्स की भर्ती परीक्षाओं, रीट एवं कांस्टेबल परीक्षा के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

### सरकार ने फसल वर्ष 2025-26 के मद्देनजर

## मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अफीम पोस्त की खेती के लिए वार्षिक लाइसेंसिंग नीति की घोषणा की

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए अफीम पोस्त की खेती के लाइसेंस संबंधी वार्षिक लाइसेंसिंग नीति की घोषणा की। यह नीति 1 अक्टूबर, 2025 से 30 सितंबर, 2026 फसल वर्ष के दौरान जारी रहेगी। नीति की सामान्य शर्तों के अनुसार, इन राज्यों में लगभग 1.21 लाख किसान अफीम की खेती के लाइसेंस प्राप्त करने के पात्र है। यह पिछले फसल वर्ष में जारी किए गए लाइसेंसों की संख्या से 23.5 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार लगभग 15,000 अतिरिक्त किसान इस नीति से जुड़े है, जिन्हें इस वर्ष अफीम की खेती से लाभ मिलने की उम्मीद है। केंद्र सरकार चिकित्सा और उपशामक देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एल्कलॉइड की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसके साथ ही, आवश्यक मादक औषधियों के उत्पादन हेतु एल्कलॉइड की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से, स्वदेशी और आत्मनिर्भर उपायों के माध्यम से प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। मौजूदा अफीम गोंद उत्पादकों को बनाए रखना जिन्होंने प्रति हेक्टेयर 4.2 किलोग्राम या उससे अधिक औसत मॉर्फिन उपज (एमक्यूवाई-एम) हासिल की है।

## मत्स्य सेवा संवर्ग के विभिन्न पदों पर पदोन्नति के लिए डीपीसी की बैठक आयोजित

**जयपुर।** शुक्रवार को शासन सचिवालय में अयुब खान, सदस्य, राजस्थान लोक सेवा आयोग की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग के विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डॉ समित शर्मा, शासन सचिव, मत्स्य विभाग, दिनेश कुमार शर्मा, संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक विभाग एवं संचिता बिश्नोई, निदेशक, मत्स्य विभाग समिति सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। मत्स्य विभाग में मत्स्य राज्य सेवा के संयुक्त निदेशक, उप निदेशक एवं सहायक निदेशक तथा मत्स्य अधीनस्थ सेवा के सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के रिक्त पदों पर वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की रिक्तियों के विरूद्ध पदोन्नति के लिए यह बैठक आयोजित हुई। इस विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में 02 अधिकारियों को संयुक्त निदेशक के पद पर, 03 अधिकारियों को उप निदेशक के पद पर तथा 02 कर्मचारियों को सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया।

### मिलेट आउटलेट्स खोलने की दिशा में सहकारिता विभाग की अहम उपलब्धि

## आमजन में लोकप्रिय हो रहे मिलेट आउटलेट्स, सहकारी समितियों की बढ़ रही आय

**निर्धारित लक्ष्य की तुलना में खोले जा चुके 4 गुना से अधिक आउटलेट्स**

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य में सहकारी संस्थाओं द्वारा मिलेट आउटलेट्स खोलने की दिशा में सहकारिता विभाग अहम उपलब्धियां हासिल कर रहा है। राज्य में अब तक 152 मिलेट आउटलेट्स खोले जा चुके हैं जो निर्धारित लक्ष्य की तुलना में लगभग साढ़े चार गुना अधिक हैं। ग्राम सेवा सहकारी समिति स्तर तक खोले जा रहे ये मिलेट आउटलेट्स आमजन के बीच खास लोकप्रिय हो रहे हैं और बड़ी संख्या में लोग अन्न को अपना रहे हैं। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बताया कि सितम्बर माह के अंत तक कॉनफेड एवं जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के माध्यम से 34 मिलेट आउटलेट्स खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन सहकारी समितियों की दिलचस्पी और आमजन के रूझान के चलते आदिनांक तक ही 152 मिलेट आउटलेट्स खोले जा चुके हैं। कॉनफेड और जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के साथ ही क्रय-विक्रय सहकारी समितियों एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियों के स्तर पर तेजी से मिलेट आउटलेट्स खोले जा रहे हैं। राजपाल ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा की अनुपालना में अन्न उत्पादों की आमजन तक पहुंच बढ़ाने, प्रचलन में लाने तथा सहकारिता एवं राजीविका के स्वयं सहायता समूहों के मिलेट उत्पादों की बिक्री से रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए




राज्य भर में ये मिलेट आउटलेट्स खोले जा रहे हैं। विगत 17 जुलाई को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा सहकार एवं रोजगार उत्सव के दौरान 64 मिलेट आउटलेट्स का शुभारम्भ किया गया था।

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि इन आउटलेट्स पर आमजन को अन्न तथा अन्न से बने उत्पाद उचित दामों पर उपलब्ध हो रहे हैं। सहकारी संस्थाओं के साथ-साथ राजीविका की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित मिलेट्स उत्पादों को भी इन मिलेट विक्रय केन्द्रों पर बिक्री हेतु रखा जा रहा है। मिलेट आउटलेट्स पर उपलब्ध उत्पादों में सावां, कुटकी, कोदो, कांगनी और छोटी कांगनी के साथ ही मिलेट मिक्स, रोस्टेड ज्वार, रोस्टेड बाजरा, रागी के बिस्किट, ओट्स बिस्किट, कुकीज, अन्न का दलिया, रागी के फ्लेक्स, सावां के रोस्टेड फ्लेक्स आदि प्रमुख है। उन्होंने बताया कि 'सहकार से समृद्धि' परिकल्पना के अंतर्गत राज्य का यह नवाचार निरन्तर सफलता की ओर अग्रसर है और इससे सहकारी समितियों की आय में वृद्धि हो रही है।

कॉनफेड के मैनेजर (मार्केटिंग) हनुमान अग्रवाल ने बताया कि नेहरू सहकार भवन स्थित कॉनफेड स्टोर में संचालित मिलेट आउटलेट में विगत दिनों में बिक्री में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। यहां प्रतिमाह लगभग 1.50 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री हो रही है। स्टोर पर अन्न उत्पाद बिक्री के लिए रखे जाने के बाद से खरीददारों की आवाजाही बढ़ी है। उन्होंने बताया कि अन्न से बने उत्पाद यथा- मिलेट्स बिस्किट, मिलेट्स से बने रोस्टेड नमकीन, मिलेट्स से बने नूडल्स और पोहा आदि की विशेष मांग है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग अन्न के उत्पादों को अपनी थाली में शामिल कर रहे हैं।

गंगानगर सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डार लि. के सुपर बाजार प्रभारी अभितेष मिगलानी ने बताया कि मिलेट आउटलेट की शुरूआत से ही लोगों का अन्न उत्पादों के प्रति अच्छा रुझान देखने को मिल रहा है और उत्पादों की बिक्री में निरन्तर वृद्धि हो रही है।

## ब्लूटूथ से चीटिंग कर पास हुए दो जूनियर क्लर्क गिरफ्तार



**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने नकल कर बने दो जूनियर क्लर्क को शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से कनिष्ठ न्यायिक (सहायक लिपिक ग्रेड सेकंड और लिपिक ग्रेड सेकंड) के पदों पर सीधी भर्ती के लिए संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2022 में दोनों आरोपी ब्लूटूथ से चीटिंग कर पास हुए थे। नकल गिरोह के मास्टर माइंड से दोनों आरोपियों ने 5-5 लाख रुपए में सौदा किया था। पिछले करीब 6 महीने से अधिक समय से दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। एडीजी (एसओजी एवं एटीएस) वी.के.सिंह ने बताया- ब्लूटूथ से चीटिंग कर जूनियर क्लर्क बनने वाले आरोपी राकेश जाखड़ (24) पुत्र चैनाराम जाखड़ और ओमप्रकाश जाट (30) पुत्र घासीराम जाट निवासी कुचेरा नागौर को अरेस्ट किया है। जूनियर क्लर्क राकेश जाखड़ वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या-4 उदयपुर के पदस्थापित था। वह पिछले करीब 8 महीने से स्वैच्छिक रूप से अनुपस्थित होकर फरार चल रहा था। राकेश जाखड़ का छोटा भाई बीरबल जाखड़ भी इसी परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाइस से नकल करके जूनियर क्लर्क के पद पर चयनित हुआ था। बीरबल जाखड़ को पूर्व में अरेस्ट किया जा चुका है।

## केन्द्रीय वित्त आयोग (शहरी) अनुदान के तहत राजस्थान को 541 करोड़ रुपये जारी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार शहरों में आधारभूत ढांचे के विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर पूर्ण प्रतिबद्धता से काम कर रही है। साथ ही, राजस्थान में स्कूली शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए समग्र शिक्षा अभियान के मुख्य उद्देश्यों की प्राप्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। शर्मा ने कहा कि राजस्थान में शहरी विकास को गति प्रदान करने और शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए निरंतर केन्द्र सरकार का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय वित्त आयोग (शहरी) अनुदान की 541 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी है। साथ ही, केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान के लिए 580 करोड़ रुपये भी जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से प्रदेश की विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर विगत समय में मुलाकात की थी।

## आरटीओ में भी अब ऑनलाइन चालान सिस्टम

**जयपुर।** प्रदेश में अब आरटीओ इंस्पेक्टर और अन्य अधीनस्थ अधिकारी चालान कम्पाउंड के दौरान नकद राशि नहीं ले सकेंगे। ये चालान अब ऑनलाइन ही जमा करवाने होंगे। सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। दरअसल सरकार अब ऑनलाइन चालान करने की प्रक्रिया पर तेजी से काम कर रही है।

### आबकारी एमनेस्टी योजना

## 2025 राजस्व बकाया प्रकरणों पर ब्याज एवं पेनल्टी की शत-प्रतिशत माफी

**जयपुर।** आबकारी विभाग के राजस्व बकाया के पुराने प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए चल रही आबकारी एमनेस्टी योजना 2025 के तहत बकायादारों को मूल बकाया राशि जमा करवाने पर शत प्रतिशत ब्याज एवं पेनल्टी राशि माफी का लाभ दिया जा रहा है। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने बताया कि आबकारी विभाग के बकायादारों के लिए आबकारी एमनेस्टी योजना- 2025 पुरानी बकाया को जमा करवाने का सुगम अवसर है। इस योजना का लाभ 30 सितम्बर 2025 तक प्राप्त किया जा सकता है। उक्त योजना उन समस्त आबकारी राजस्व बकाया प्रकरणों पर लागू होगी जिसमें राजस्व बकाया 31 मार्च 2022 या उससे पूर्व की है। इस योजना में वे प्रकरण भी सम्मिलित होंगे जिसमें मांग सृजन के आदेश एक अप्रेल 2022 अथवा उसके पश्चात् जारी किए गए है परन्तु मांग 31 मार्च 2022 की अवधि से संबंधित है। आबकारी आयुक्त के अनुसार आबकारी एमनेस्टी योजना- 2025 के तहत 31 मार्च 2020 तक के आबकारी राजस्व बकाया के प्रकरणों को योजना की अंतिम तिथि तक मूल बकाया राशि जमा करवाने पर शत प्रतिशत ब्याज एवं पेनल्टी माफी का लाभ दिया जा रहा है।

### राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा | 13 और 14 सितंबर को होगी लिखित परीक्षा

## 10,000 पदों के लिए 5 लाख से अधिक उम्मीदवार मैदान में

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस में 10,000 पदों पर होने वाली बड़ी भर्ती परीक्षा 13 और 14 सितंबर को आयोजित होगी। इस परीक्षा में 5 लाख 24 हजार 740 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसमें कॉन्स्टेबल सामान्य, चालक, बैंड, पुलिस दूरसंचार और हाल ही में गठित तीन महिला बटालियन अमृता देवी, कालीबाई और पदमिनी देवी के पद सम्मिलित हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि विज्ञापित पदों में कांस्टेबल सामान्य नॉन-टीएसपी के 8512, टीएसपी के 867, चालक नॉन-टीएसपी के 503, टीएसपी के 47, कांस्टेबल बैंड के 71, तीन नवसृजित महिला बटालियनों के 1500 और पुलिस दूरसंचार के 1469 पद शामिल हैं। इनमें महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के तहत 3303 पद रखे गए हैं।

### सुरक्षा और पारदर्शिता के इंतजाम

- अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एटीएस व एसओजी) वी.के. सिंह ने बताया कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त प्रबंध किए गए हैं।
- सभी परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी निगरानी में होंगे, पुलिस मुख्यालय पर लाइव मॉनिटरिंग होगी।
- अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक जांच व सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश मिलेगा।
- सभी केन्द्रों पर जैमर लगाए गए हैं ताकि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस निष्प्रभावी रहें।
- प्रश्न पत्रों को 9 स्तर की पैकिंग में सुरक्षित रखा गया है और अस्थायी ट्रेजरी रूम में हथियारबंद गार्ड तैनात रहेंगे।
- प्रश्न पत्रों की लोडिंग-अनलोडिंग प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी।
- ड्यूटी स्टाफ को विशेष पहचान पत्र जारी किए गए हैं।
- संदिग्ध व्यक्तियों और नकल गिरोहों पर निगरानी के लिए जिला पुलिस अधीक्षकों को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

### अतिरिक्त व्यवस्थाएँ

अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों की आवाजाही के लिए रोडवेज और रेलवे अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु पुलिस मुख्यालय स्तर पर 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

### परीक्षा कार्यक्रम

**13 सितम्बर (शनिवार) :**
- केवल दूसरी पारी में, पुलिस दूरसंचार व चालक पदों की परीक्षा।
- समय : अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक
- 9 जिलों के 280 केंद्रों पर 1,05,846 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

**14 सितम्बर (रविवार)**
- पहली पारी (सुबह 10 से 12 बजे): 21 जिलों के 582 केंद्रों पर 2,09,987 अभ्यर्थी।
- दूसरी पारी (दोपहर 3 से 5 बजे) : 21 जिलों के 580 केंद्रों पर 2,08,907 अभ्यर्थी।
- कॉन्स्टेबल बैंड पद के लिए लिखित परीक्षा का प्रावधान नहीं है।

### बीजेपी-आरएसएस सांप्रदायिकता से भरा इतिहास रचना चाहते हैं

## देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है-गहलोत

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार, बीजेपी और आरएसएस पर देश के इतिहास को बदलकर सांप्रदायिकता वाला इतिहास बनाने का आरोप लगाया है। गहलोत ने कहा ये लोग (बीजेपी, आरएसएस) नया सांप्रदायिकता से भरा इतिहास रचना चाहते हैं। ये इतिहास की बातें भुलाने के लिए देश लिए, जवाहरलाल नेहरू तक को नहीं छोड़ रहे। नेहरू के बारे में ऐसी गंदी और घटिया बातें लिखते हैं। इनकी मंशा खतरनाक है। ये भारी गलती कर रहे हैं। देश के इतिहास को भुला रहे हैं। गहलोत जयपुर में जवाहर बाल मंच के कार्यक्रम में बोल रहे थे। गहलोत ने कहा- इतिहास की आलोचना करने से क्या हासिल होता है। ये कभी नहीं कहते कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश के लिए जान दे दी। जो इतिहास को भुलाते हैं, वे खुद कभी इतिहास नहीं बना पाते। सत्ता



में आज जो बैठे हैं, वे लोग वो गलतियां कर रहे हैं, जो सोच नहीं सकते। केंद्र की सत्ता में बैठे लोगों ने देश की आजादी के आंदोलन में अपनी उंगली तक नहीं कटाई। महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, तिलक, गोखले, सरदार भगत सिंह सहित बड़े नाम आते हैं।

**संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं, केंद्र पूंजीपतियों की पक्षधर** गहलोत ने कहा- राहुल गांधी आज जो बात बोल रहे हैं, चाहे वोट चोरी की बात हो या संविधान बनाने की बात हो। उसके पीछे के कारणों और मंशा को समझने की जरूरत है। संविधान बचाने की बात कहने के पीछे मंशा क्या है, नौबत क्यों आई, यह सोचना होगा। वो लगातार संविधान बचाओ की बात कह रहे हैं।

**आईटी क्रांति का फायदा विपक्ष उठा रहे** गहलोत ने कहा- राजीव गांधी देश में आईटी क्रांति लेकर आए थे, वो तो चले गए। लेकिन आईटी क्रांति का सबसे ज्यादा फायदा हमारे विपक्ष के लोग उठा रहे हैं। युवाओं को देश के सही इतिहास के बारे में बताना होगा।

## एनजीओ के जरिए बच्चों का ब्रेनवॉश कर रही केंद्र-सरकार -डोटासरा

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र सरकार पर एनजीओ को फंडिंग करके उसके जरिए बच्चों का ब्रेनवॉश करके उन पर आरएस एस, बीजेपी की विचारधारा थोंपने का आरोप लगाया है। डोटासरा ने कहा- मेरे शिक्षा मंत्री रहते केंद्र से फंडेड एक एनजीओ वोटर बनने से पहले बच्चों का ब्रेनवॉश करने की नीयत से मेरे पास एमओयू करने आया था। लेकिन मैं उसे पहचान गया कि यह तो आरएसएस की विचारधारा थोंपना चाहते हैं। डोटासरा जयपुर में जवाहर बाल मंच की तीन दिन के ट्रेनिंग कैंप के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। डोटासरा ने कहा- जब मैं शिक्षा मंत्री था तो मेरे पास एक एनजीओ के लोग आए। उन्होंने कहा- हमसे आप एमओयू कीजिए।



## जीएसटी दरों में बदलाव से सड़क परिवहन और ऑटो सेक्टर को नई रफ्तार

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले सड़क परिवहन और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में हाल ही में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। 22 सितंबर 2025 से लागू होने जा रहे जीएसटी दरों में कटौती को विशेषज्ञ एक गेम-चेंजर मान रहे हैं। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री की अध्यक्षता में हुई जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। ऑटोमोबाइल क्षेत्र का महत्व समझना जरूरी है। भारत में यह क्षेत्र 7% से अधिक जीडीपी में योगदान देता है और करीब 3.5 करोड़ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार से जुड़ा हुआ है। दोपहिया वाहन से लेकर ट्रैक्टर और बसें न केवल व्यक्तिगत जरूरतें पूरी करते हैं बल्कि कृषि, औद्योगिक उत्पादन और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स का अहम हिस्सा हैं। वहीं सड़क परिवहन क्षेत्र देश की 65% माल ढुलाई और 85% यात्री परिवहन का भार उठाता है। यानी अगर सड़क परिवहन महंगा होता है तो इसका सीधा असर रोजमर्रा की जिंदगी से लेकर महंगाई और निर्यात तक पर पड़ता है। भारत में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) को 2017 में लागू किया गया था ताकि कर संरचना को सरल, पारदर्शी और समान बनाया जा सके। लेकिन ऑटोमोबाइल सेक्टर पर शुरुआती दौर से ही ऊंची दरें लागू थीं। मोटरसाइकिल, कारें, बसें और ऑटो पार्ट्स पर 28% तक जीएसटी लगता था, जिस पर क्लीन एनर्जी उपकर जैसे अतिरिक्त कर भी लगाए जाते थे। इसका परिणाम यह हुआ कि वाहनों की कीमतें अपेक्षाकृत अधिक बनी रहीं और ग्रामीण व निम्न-मध्य वर्ग की खरीदी क्षमता प्रभावित होती रही।

अब जब सरकार ने जीएसटी दरों को घटाकर दोपहिया, कार, बस और वाणिज्यिक वाहनों पर 18% तथा ट्रैक्टरों पर 5% कर दिया है, तो इसका असर बहुस्तरीय होने वाला है। न सिर्फ उपभोक्ताओं को सीधी राहत मिलेगी, बल्कि ऑटो-कंपोनेंट उद्योग, एमएसएमई, किसान, ड्राइवर और ट्रांसपोर्टर - सभी को बड़ा लाभ होगा।

## डिश टीवी ने लॉन्च की वी.ज़ेड.वाई. स्मार्ट टीवी रेंज, एक ही डिवाइस में डीटीएच और ओटीटी मनोरंजन का समावेश

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** डिश टीवी इंडिया लिमिटेड, देश की अग्रणी डीटीएच सेवा प्रदाता कंपनी और 22 वर्षों से अधिक समय से एक विश्वसनीय घरेलू नाम, ने आज अपने रणनीतिक कदम के तहत एकीकृत स्मार्ट टीवी सेगमेंट में प्रवेश की घोषणा की। वी.ज़ेड.वाई. स्मार्ट टीवी के लॉन्च के साथ, डिश टीवी ने प्रसारण से आगे बढ़ते हुए घरेलू मनोरंजन उपकरण बाज़ार में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है।वी.ज़ेड.वाई. का अर्थ है वाइब, ज़ोन और यू (आप) यह एक स्मार्ट मनोरंजन साथी है जो तकनीक, डिज़ाइन और मानवीय जुड़ाव का मेल है। यह सिर्फ एक टेलीविज़न नहीं, बल्कि एक ऐसा मनोरंजन संसार है, जो डिश टीवी की भरोसेमंद डीटीएच विशेषज्ञता को स्ट्रीमिंग के भविष्य के साथ जोड़ता है और इस तरह कॉन्टेंट तक पहुँच को सरल और सहज बनाता है, जैसा कि भारत में किसी अन्य एकीकृत स्मार्ट टीवी ब्रांड ने पहले कभी नहीं किया।लॉन्च पर बोलते हुए



डिश टीवी इंडिया के सीईओ और कार्यकारी निदेशक मनोज दोभाल ने कहा,दो दशकों से अधिक समय तक, डिश टीवी नवाचार और ग्राहक-केन्द्रित दृष्टिकोण के आधार पर लाखों भारतीय घरों में एक विश्वसनीय नाम रहा है। एकीकृत स्मार्ट टीवी सेगमेंट में प्रवेश करना एक साहसिक कदम है एक ऐसे भविष्य की ओर, जहाँ कॉन्टेंट, तकनीक और सुविधा का संगम हो। वी.ज़ेड.वाई. के साथ हम सिर्फ एक टेलीविज़न नहीं बना रहे, बल्कि एक ऐसे मनोरंजन संसार का सृजन कर रहे हैं।

## 'या तो धाम खाली करो या 10 लाख दो' – हाईकोर्ट ने मुख्य आरोपी की जमानत अर्जी खारिज की

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कोटपूतली–बहरोड़ जिले के मांडन थाना क्षेत्र के चर्चित मामले में आरोपी अरुण उर्फ अर्जुन पुत्र रामनिवास उर्फ लालाराम की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। शिकायतकर्ता महंत अनिल पुरोहित की ओर से दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने उनसे धमकी भरे लहजे में कहा— या तो धाम खाली करो या फिर 10 लाख रुपये दो। इस मामले में पुलिस पहले ही आरोपी सहित पाँच लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता मोहित बलवदा, प्रवीण बलवदा और सुनील शेखावत ने अदालत को बताया कि आरोपी इस प्रकरण का मुख्य अभियुक्त है और उस पर पहले से ही रंगदारी सहित करीब 10 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। साथ ही, उसके द्वारा गवाहों और शिकायतकर्ता को प्रभावित करने की आशंका भी जताई गई। दलीलों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने माना कि आरोपी की रिहाई न्यायिक प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर डाल सकती है। इस आधार पर अदालत ने उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## सार्वजनिक अभिनय समाज तिजारा बल्ली मुहूर्त पूजन किया



**तिजारा (हुक्मनामा समाचार)।** हनुमान बगीची के ग्राउंड के अंदर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई पंडित राम अवतार शर्मा ने पूजा अर्चना कराई संस्था के अध्यक्ष राजेश कौशिक स्टेज मैनेजर महावीर शर्मा समस्त कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा कार्यकारिणी उपस्थिति रही तिजारा नगर पालिका अध्यक्ष झब्बू राम सैनी हनुमान बगीची के अध्यक्ष रामावतार सैनी सैनी समाज प्रधान कृष्ण सैनी महंत जस्सू महाराज वेद प्रकाश शर्मा विवाह समिति अध्यक्ष कैप्टन सोनारायण सैनी पूर्ण नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश सैनी पंचायत समिति प्रधान जयप्रकाश यादव राजेंद्र गुप्ता मुनीम जी, आशीष जैन सुभाष मास्टर शिवचरण सैनी सुधांशु गौतम, कृष्ण भारद्वाज पुरुषोत्तम एडवोकेट भारद्वाज गोविंद गुप्ता नरोत्तम सोनी निरंजन सेन गोविंद शर्मा बगीची के पुजारी तीरथ शर्मा देवेंद्र खेड़ापति सोमदत्त सैनी कैलाश चंद गुप्ता मनोहर सैनी शिवदयाल सैनी शंकरगढ़ आश्रम अध्यक्ष, राजू सैनी है।

## किसान हितैषी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए फार्मर आईडी बनवाएं

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में प्रत्येक काश्तकार की फार्मर आईडी बनवाने के लिए माह फरवरी–मार्च 2025 में प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर फार्मर रजिस्ट्री शिविर आयोजित हुए थे। इसके बाद फार्मर आईडी बनवाने से शेष रहे काश्तकारों के लिए अप्रैल. मई 2025 तथा जुलाई 2025 फॉलोअप शिविर लगवाये गए थे। किन्तु अभी भी जिले में कई ऐसे काश्तकार है, जिनकी फार्मर आईडी नहीं बनी है। फार्मर आईडी नहीं बनने से किसान सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाएंगे। फार्मर रजिस्ट्री के जिला नोडल अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया ने बताया कि फार्मर आईडी नहीं बनने से पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली किश्त प्राप्त होना बंद हो जायेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत दिया जाने वाला फसल मुआवजा प्राप्त नहीं होगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसलों की आसान बिक्री नहीं हो सकेगी। साथ ही कृषि अनुदान, सहायता, किसान क्रेडिट कार्ड समेत अन्य सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्राप्त नहीं पाएगा। मिट्टी व फसलों से जुड़ी परामर्श सेवाएं तथा भविष्य में लागू होने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं सेवाओं का लाभ लेने में कठिनाई होगी। **किसान रजिस्ट्री के लाभ** उन्होंने बताया कि पीएम व सीएम किसान सम्मान निधि प्राप्त करने के लिए किसान रजिस्ट्री आवश्यक होगी। वंचित पात्र किसानों को पीएम एवं सीएम किसान सम्मान निधि योजना से जोड़ा जा सकेगा किसान को घर बैठे ऑनलाइन आवेदन द्वारा फसल ऋण शीघ्र प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में तथा आपदा राहत के लिए कृषकों के चिह्निकरण में आसानी होगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपज खरीद में कृषकों का स्वतः पंजीकरण हो सकेगा। किसान रजिस्ट्री के डेटा के आधार पर योजनाओं के लाभ वितरण में सुगमता होगी और लाभार्थी का बार–बार सत्यापन आवश्यक नहीं होगा। किसान किसी भी समय पर कृषि संबंधी सलाह ले सकेगा। किसान रजिस्ट्री में भू- अभिलेख का स्वतः अपडेट हो सकेगा। **किसान कैसे बनवा सकते हैं फार्मर आईडी** जिला नोडल अधिकारी ने बताया कि जिन किसानों अभी तक तक फार्मर आईडी नहीं बनवायी हैए वे आसन तरीको से फार्मर आईडी बनवा सकते है।

# विश्व हिन्दू परिषद व कई सामाजिक संगठनों ने निकाला जुलूस व उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** गत दिवस शहर के पुलिया संख्या दो के पास स्थित एक दुकान के लिए तनावपूर्ण बन गया, जब एक 66 वर्षीय बुजुर्ग पर हमले की खबर से इलाके में हड़कंप मच गया। मामूली उलाहना देने गए बुजुर्ग को न केवल घायल किया कर दिया था। जिसे चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पर चिकित्सको ने बिकानेर रेफर कर दिया। वहीं आज विश्व हिन्दू परिषद सहित कई सामाजिक संगठनों ने आज शुक्रवार को अशोक स्तंभ से जुलूस के रूप सैंकड़ों लोग नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचकर कर उपखंड अधिकारी को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर धनराज इन्दौरिया ने ज्ञापन वाचन करते हुए बताया कि एक



हिन्दू लड़की ने कथित तौर पर दो–तीन सालों से लगातार परेशान किए जाने से तंग आकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। परिजनों ने मुस्लिम समुदाय के कुछ लड़कों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के परिवार द्वारा पुलिस को दिए गए एक शिकायती पत्र के अनुसार शहर की रहने वाली एक लड़की को साजिद मणियार, साहिल काजी और उनके दो–तीन अन्य साथी पिछले दो–तीन सालों से परेशान कर रहे थे। परिवार का आरोप है कि जब भी लड़की घर से बाहर निकलती थी, ये लोग उसका पीछा करते, फब्तियां कसते और उसे तंग करते थे। इन सब हरकतों से लड़की मानसिक रूप से बहुत परेशान है। जब लड़की के परिवार वाले आरोपितों के परिजनों से बात करने गए तो उन्होंने लड़ाई–झगड़ा शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। बाद में कुछ लोगों के बीच–बचाव के बाद मामला शांत हुआ। इस घटना को लेकर रतनगढ़ पुलिस थाने में एक एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरोपित साजिद मणियार, साहिल काजी और उनके साथियों को तुरंत गिरफ्तार कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे विरोध–प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। परिवार का कहना है कि अगर लड़की को न्याय नहीं मिला तो वह दोबारा ऐसा कदम उठा सकती है, और आरोपितों के हौसले बढ़ जाएंगे, जिससे वे अन्य लड़कियों को भी परेशान कर सकते हैं।



**आर.टी.ई विवाद पर संयुक्त अभिभावक संघ का आरोप : निजी स्कूलों की नई मनमानी**

## अभिभावकों से एफिडेविट और शिकायत वापसी की माँग, कहा — तभी मिलेगा दाखिला

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** संयुक्त अभिभावक संघ ने आरोप लगाया है कि शिक्षा विभाग की कार्रवाई के बावजूद निजी स्कूल अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे। हाल ही में ऋक्षश्व दाखिला विवाद को लेकर जिन 21 निजी स्कूलों को अंतिम चेतावनी नोटिस जारी किया गया था, अब वही स्कूल अभिभावकों को बुलाकर एफिडेविट और शिकायतें वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। संघ द्वारा सामने आए उदाहरण सोडाला स्थित एक निजी स्कूल ने अभिभावक से तीन साल का बैंक स्टेटमेंट और पैन कार्ड की कॉपी माँगी और पूरी फीस जमा करने का आदेश दिया। टैगोर इंटरनेशनल स्कूल ने अभिभावक विकास जैन से कहा — पहले शिकायत वापस लो, तभी दाखिला मिलेगा, वरना नहीं। जेएलएन मार्ग स्थित भारतीय विद्या आश्रम स्कूल ने अभिभावकों से एफिडेविट की माँग कर दस्तावेज़ जमा करवाए और कहा कि जब तक कोर्ट का आदेश नहीं आएगा, तब तक बच्चों को स्कूल में प्रवेश नहीं मिलेगा।

संघ के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा कि यह रवैया न केवल कानून और विभागीय आदेशों की अवमानना है, बल्कि बच्चों के शिक्षा के अधिकार पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि पाँच महीने से अभिभावक अपने बच्चों के दाखिले के लिए विभाग के चक्कर लगा रहे हैं, और अब उन्हीं शिकायतों को वापस लेने के लिए डराया–धमकाया जा रहा है। संघ का आरोप है — निजी स्कूल खुलेआम विभागीय आदेशों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। एफिडेविट और शिकायत वापसी की माँग पूरी तरह ग़ैरक़ानूनी है। यदि शिक्षा विभाग ने सख़्त कार्रवाई नहीं की, तो यह संदेश जाएगा कि विभाग स्वयं इन स्कूलों का संरक्षक है। **संघ की माँगें** -- ऐसे स्कूलों की तुरंत मान्यता रद्द की जाए। -- चेतावनी नोटिस की अवहेलना पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई हो। -- अभिभावकों को सुरक्षा का भरोसा दिया जाए ताकि उन पर दबाव न बनाया जा सके।

## मां की पुण्यतिथि पर गोसवामणी करके श्रद्धांजलि अर्पित की

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के जेरठी में कृष्ण गौशाला जेरठी में पूर्व सरपंच जेरठी भागीरथ सिंह जी शेखावत की माताजी स्मृति शेष अंतर कंवर पत्नी गंगा सिंह शेखावत की द्वितीय पुण्य तिथि पर परिवार द्वारा गौसवामणी के प्रसाद के रूप में एक क्विंटल मीठा दलिया और गुड, सपरिवार उपस्थित होकर गौवंश को परोस कर श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर परिवार की ओर से राजेंद्र सिंह जेरठी , विक्रम सिंह, अजीत सिंह, सरजीत सिंह, दिलीप सिंह, अजय सिंह,विजय सिंह, पूर्व जिला प्रमुख पूरण कंवर सहित तीनों पुत्रवधुएं व



पौत्रवधुएं, परिवार की अन्य महिलाएं, सारे बाल - गोपाल व बाबा बलबीर दास सहित ग्राम के गणमान्य लोगों तथा समस्त शुभ चिंतकों सहित उपस्थित होकर स्व0 अंतर कंवर को श्रद्धांजलि अर्पित की। गौशाला प्रतिनिधि के रूप भूपेंद्र सिंह काजला व कैप्टेन जयपाल सिंह शेखावत ने दिवंगत को गौशाला सेवा समिति की ओर से श्रद्धांजलि करते हुए सभी से गौशाला के उत्थान के लिए गौशाला से जुड़ने की अपील की व धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर शेखावत परिवार द्वारा गोशाला को 11000/– ? का सहयोग दिया गया। इसके अलावा 3100/– ? संगीता कंवर सुपुत्री भगीरथ सिंह शेखावत, 2500/– ? अश्वनी कुमार,बंसल,महेश कुमार,राशि, बंगलौर द्वारा, एवं 1100/– ? रघुवीर सिंह जी, कठौती खुर्द द्वारा गौशाला को भेंट स्वरूप प्रदान किये ।

### मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत 16 को निवाई एवं 19 को उनियारा में शिविर लगेंगे

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग टोंक द्वारा मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के अन्तर्गत 16 सितम्बर को सुबह 9.30 से कृषि उपज मण्डी परिसर निवाई एवं 19 सितम्बर को पंचायत समिति अलीगढ़, उनियारा में केम्प आयोजित होगा। सहायक निदेशक राज्य बीमा एवं प्राव. निधि विभाग टोंक ने बताया है कि राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना में 40 वर्ष से 45 वर्ष के बीच की आयु में इस योजना में सम्मिलित हो सकते है। इस योजना के अधीन प्रत्येक अभिदाता 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात सुनिश्चित मासिक पेंशन प्राप्त करेगा।

## पीएम रमादेवी मुरारका राजकीय बालिका विद्यालय में आर्ट ऑफ़ लिविंग सेमिनार का आयोजन



**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के पीएम रमादेवी मुरारका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन संबंधी गतिविधियों के तहत आर्ट ऑफ लिविंग सेमिनार का आयोजन किया गया।प्रधानाचार्य मीना तंवर ने बताया कि सेमीनार में प्राकृतिक चिकित्सक राजेंद्र सिंह भाटी एवं उनकी टीम द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग के द्वारा स्वस्थ रहने के तरीकों से छात्राओं को अवगत करवाया गया।उन्होंने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा और योग के माध्यम से व्यक्ति उम्र भर स्वस्थ रह सकता है।इस अवसर पर विभिन्न यौगिक क्रियाओं जैसे जल नेति, रबर नेति, कुंजल क्रिया, नौली क्रिया आदि का प्रदर्शन भी किया गया। योग कोच आकाश नेहरा द्वारा खड़े होकर, बैठकर, पीठ के बल और पेट के बल किए जाने वाले आसन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया तथा कार्यक्रम के दौरान छात्राओं से योग संबंधी प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर देने वाली प्रत्येक छात्रा को प्राकृतिक उपचार संबंधी पुस्तक पुरस्कार में देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मीनाक्षी तंवर ने आभार जताया। इस अवसर पर विद्यालय की कैरियर शिक्षा प्रभारी ज्योति शर्मा और स्टाफ सदस्यों के साथ सोनू कुमारी, कृष्णा शर्मा, अंजलि सैनी आदि उपस्थित रहे ।

## कला उत्सव 2025 पीएम श्री राउमावि रावतसर में सम्पन्न

**रावतसर (हुक्मनामा समाचार)।** अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार पीएम श्री राउमावि रावतसर में जिला स्तरीय कला उत्सव 2025–26 का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र कुमार धुडिया, एडीपीसी सुनिता बत्तरा, एपीसी हरलाल सहारण,एसीबीईओ मुकेश कुमार सोनी, यूसीईईओ सत्यदेव राठौड़, शर्मीला चौधरी द्वारा किया गया। जिसमें कला की 5 श्रेणीं संगीत गायन, संगीत वादन, नृत्य, नाटक, कहानी वाचन, दृश्य कला तथा 12उप श्रेणीं में सम्पूर्ण जिले से राजकीय और गैर राजकीय विद्यालयों से 230 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



जिसमें सभी अलग–अलग श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मान प्रतीक और प्रमाणपत्र मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी हनुमानगढ़ पन्ना लाल कड़ेला, एडीपीसी हनुमानगढ़ सुनीता बत्तरा, एपीसी हरलाल सहारण और यूसीसीईओ रावतसर सत्यदेव राठौड़ द्वारा प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल में अरूणा बलिहारा, शर्मिला चौधरी, ओमप्रकाश थालोड़ प्रधानाचार्य, लक्ष्मी रानी उप प्रधानाचार्य,नीना शर्मा, अल्का व्याख्याता ने भूमिका निभाई। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में अलग अलग श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया जायेगा। सम्पूर्ण प्रतियोगिता के आयोजन पूनम चौधरी उप–प्राचार्य और निशा पिलानिया के नेतृत्व में यूसीईईओ परिक्षेत्र रावतसर के दिनेश कुमार, प्रह्लाद लुणा, वेदप्रकाश, भगतसिंह, कुलदीप,अरिता पारिक, रामचन्द्र, दीपक कुमार, रायसिंह , सुरेश कुमार, जयदेव सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभा कर कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रधानाचार्य सत्यदेव राठौड़ ने जिला कार्यालय से पधारे सभी सदस्यो का आभार प्रकट किया।

# मंत्री खर्रा ने किया मेजर शेखावत बलिदान दिवस समारोह के पोस्टर का विमोचन

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** मेजर दलपत सिंह शेखावत के बलिदान दिवस पर 23 सितम्बर को सीकर शहर में रावणा राजपूत समाज की ओर होने वाले श्रद्धांजलि सभा, शहीद वीरांगना सम्मान और सामाजिक जन जागृति सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया। आयोजन समिति के एडवोकेट हनुमान सिंह पालवास ने बताया कि सम्मान समारोह 23 सितम्बर को सीकर शहर के राणी शक्ति रोड स्थित प्रधानजी का जाव में समारोह आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मेजर दलपतसिंह शेखावत जोधपुर लांसर्स की घुड़सवार सेना का



नेतृत्व करते हुए अपने अदम्य साहस व शौर्य के बल पर बलिदान देकर इजराइल के हाइफा शहर को तुर्की सेना के कब्जे से स्वतंत्र करवाया था। मेजर दलपत सिंह बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर 22 सितंबर को सीकर शहर के जयपुर रोड स्थित शहीद स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और 23 सितम्बर को बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा, शहीद वीरांगना सम्मान और सामाजिक जन जागृति सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।पोस्टर विमोचन अवसर पर भाजपा नेता डा. बलवंत सिंह चिराना, बठोठ सरपंच मोहन सिंह,पार्षद गोपाल सिंह बड़गुजर, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि किशोर सिंह बानूड़ा, पूर्व सरपंच शंकर सिंह दीवराला ,पूर्व पार्षद सम्पत सिंह, शिवराज सिंह धोद,भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ के राजेश सिंह, नरेन्द्र सिंह सोलंकी, देवेन्द्र सिंह खेजडोलिया, दिलीप सिंह पाटोदा, इन्द्र सिंह शेखावत, भगवान सिंह गहलोत, महेन्द्र सिंह व सुधीर सिंह चैहान उपस्थित रहे। आज आयोजन समिति की बैठक में 23 सितंबर को आयोजित होने वाले समारोह को लेकर अलग–अलग टीमें बनाई गई।

### ब्लेंडर्स प्राइड और फिल्मफेयर ने साझेदारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने फिल्मफेयर ग्लैमर एंड स्टाइल अवॉर्ड्स 2025 के साथ अपनी प्रमुख साझेदारी की घोषणा की। यह मिलन फैशन, स्टाइल और मनोरंजन की दुनिया का जश्न मनाने का एक शानदार मंच तैयार करता है। ब्लेंडर्स प्राइड दशकों से फैशन और लाइफस्टाइल की दुनिया में अपनी अनोखी पहचान रखता आया है, जबकि फिल्मफेयर भारतीय मनोरंजन और स्टाइल की लंबे समय से आवाज़ है। पर्नोड रिकार्ड इंडिया के जनरल मैनेजर - मार्केटिंग, इशविंदर सिंह ने कहा, "ब्लेंडर्स प्राइड हमेशा से फैशन, स्टाइल और ग्लैमर में अग्रणी रहा है। फिल्मफेयर के साथ हमारी यह साझेदारी उन लोगों को सम्मानित करती है, जो संस्कृति में नए ट्रेंड स्थापित करते हैं ।

### शिविर तैयारियों की समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर ने दिये निर्देश

# ग्रामीण सेवा शिविर में अधिकारी आमजन को अधिकतम राहत पहुंचाना करें सुनिश्चित

**श्रीगंगानगर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में 17 सितम्बर 2025 से शुरू हो रहे ग्रामीण सेवा शिविर की तैयारियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार गंगानगर जिले में 17 सितंबर 2025 से ग्रामीण सेवा शिविर आरम्भ होंगे। इनमें विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी आमजन को अधिकतम राहत पहुंचाना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 17 सितंबर से अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है। अभियान के प्रथम सप्ताह में शिविरों का आयोजन बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार (दिनांक 17,18, 19 एवं 20 सितंबर 2025) को किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रतिदिन प्रत्येक तहसील की 2 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि शेष अभियान के दौरान अंतर्गत शिविर सप्ताह में गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को प्रतिदिन प्रत्येक तहसील की 2-2 ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे। अभियान की अवधि तब तक होगी, जब तक कि प्रत्येक पंचायत समिति की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन ना हो जाए। जिला कलक्टर ने बताया कि शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, चिकित्सा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, वन, पशुपालन, कृषि, ऊर्जा, आयोजना, खाद्य, जनजातीय एवं क्षेत्रीय विकास एवं आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से किया जाएगा। जिला कलक्टर ने बताया कि 2 अक्टूबर से आयोजित होने वाले सहकार सदस्यता अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले शिविरों का आयोजन ग्रामीण सेवा शिविर के साथ ही किया जाये। गंभीरतापूर्वक समस्त कार्यों को सम्पादित करने के



निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी प्रतिदिन अभियान की समीक्षा करें। इसी तरह 15 सितम्बर से शहर चलो अभियान तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि शहरी क्षेत्र में नगर परिषद और नगरपालिका द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार आवंटित कार्यों को पूर्ण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाई जाये। पट्टा वितरण, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट जैसे विभिन्न कार्य संवेदनशीलता के साथ सम्पादित करें।

## बयाना के राजकीय कॉलेज में तीन दिवसीय अभिविन्यास शिविर शुरू



**बयाना ( हुक्मनामा समाचार )।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बयाना में शुक्रवार से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों की ओर से तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आगाज हुआ। यह शिविर 12 से 15 सितम्बर तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. फिरोज अख्तर ने दीप प्रज्वलन कर किया। उद्घाटन सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रवीना मीना ने स्वयंसेवकों को योजना का इतिहास, उद्देश्य और गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ संकाय सदस्य महेन्द्र कुमार और जगराम ने बदलते दौर में एनएसएस की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहकर समाजसेवा और राष्ट्रीय चेतना के कार्यों में भी सक्रिय होना चाहिए। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. अख्तर ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेने और सेवा भाव को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन रवीना मीना ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी सवाई सिंह गुर्जर ने प्रस्तुत किया।

## नशा नाश की जड़ है, स्वयं बचें व दूसरों को बचाएं : डी.ओ.स्काउट

**सवाई माधोपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय-सवाई माधोपुर के तत्वावधान में शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रवांजना चौड़ में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी व गाइड कैप्टन निशा सैनी ने बताया कि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा कृष्णा शर्मा के आदेशानुसार हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के जिला ऑर्गेनाइजर (स्काउट) भरत लाल प्रजापत के निर्देशन में रवांजना चौड़ में नशामुक्ति अभियान के तहत सेमिनार एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। पीईईओ एवं प्रधानाचार्य ममता मीना ने बालक बालिकाओं को नशे से दूर रहने व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। जिला ऑर्गेनाइजर (स्काउट) भरत लाल प्रजापत ने बालक-बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशे से पूरा परिवार तबाह हो जाता है, यह समाज को दीमक की तरह चाट रहा है इसलिए इसे बचना आवश्यक है। साथ ही सभी को शपथ दिलाई कि जिन परिवारों में लोग नशे की आदत से ग्रसित हैं उन्हें नशे के दुष्प्रभावों को बताते हुए नशा छुड़वाना है। तत्पश्चात




विद्यालय के स्काउट गाइड रोवर रेंजर छात्र-छात्राओं व अध्यापक अध्यापकाओं ने स्काउट मास्टर जुगराज गुर्जर के नेतृत्व में नशामुक्ति जनचेतना की तख्तियां,पोस्टर व बैनर लेकर नशा मुक्ति से संबंधित नारे लगाते हुए गांव में जन जागरूकता रैली निकाली गई जिसे अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### संगरिया के प्रकाश हॉस्पीटल का औचक निरीक्षण

# क्लिनिक्ल एस्टेब्लेशिमेन्ट एक्ट के तहत नहीं करवाया रजिस्ट्रेशन, अनेक व्यवस्थाएं मिली

**हनुमानगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने संगरिया में शुक्रवार दोपहर मीरा कॉलेज के नजदीक स्थित प्रकाश हॉस्पीटल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण की कार्यवाही में हॉस्पीटल में अनेक अव्यवस्थाएं पाई गई। क्लिनिक्ल एस्टेब्लेशिमेन्ट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन ना होने, बायो मेडिकल वेस्ट संधारण में अनियमितताएं, राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में पंजीयन फायर एनओसी एवं अन्य दस्तावेज के ना होने पर दस्तावेज जमा करवाने के लिए पाबंद किया गया। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि शुक्रवार 12 सितम्बर को डिप्टी सीएमएचओ (हैल्थ) डॉ. अखिलेश शर्मा एवं पीसीपीएनडीटी कॉर्डिनेटर संदीप कुमार ने संगरिया में संचालित प्रकाश हॉस्पीटल का औचक निरीक्षण किया। उस समय हॉस्पीटल में कोई भी चिकित्सक उपस्थित नहीं मिला। हॉस्पीटल के दस्तावेजों की जांच करने पर पता लगा कि चिकित्सा संस्थान ने अभी तक क्लिनिक्ल एस्टेब्लेशिमेन्ट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है। ओपीडी कक्ष में डॉ. प्रकाशचन्द्र गुप्ता के दस्तावेज लगे हुए थे। रजिस्टर की जांच करने पर पाया कि हॉस्पीटल में गत 15 अगस्त 2025 को सात ऑपरेशन किए गए हैं, जो डॉ. पीयूष गोयल द्वारा किए गए हैं। हॉस्पीटल में मौके



दो कार्मिक मिले, जो वहां उपस्थित मरीजों की आंखों की जांच कर रहे थे। हॉस्पीटल के अंदर ही एक फार्मेसी भी संचालित थी, जिस पर एक कार्मिक काम करता हुआ मिला। फार्मेसी में चश्मा बनाने की मशीन मिली। इन तीनों कार्मिक के पास कोई भी प्रमाण पत्र नहीं मिला। लैब द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट का संधारण सहीं प्रकार नहीं किया जा रहा था। संस्थान द्वारा राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में पंजीयन, फायर एनओसी एवं अन्य न्यूनतम मानकों की पूर्ति न होने के कारण कार्मिकों को दस्तावेज पूर्ण करने के पाबंद किया गया।

## पार्षदों का छह माह से मानदेय पर संकट, बार-बार मौखिक याद दिलाने पर प्रशासन कर रहा लापरवाही




**बयाना ( हुक्मनामा समाचार )।** नगर पालिका प्रशासन की बेरुखी से बयाना के पार्षदों में भारी नाराजगी है। पिछले छह माह से उन्हें मात्र 2550 रुपये प्रतिमाह का मानदेय भी नहीं मिल पा रहा। पार्षदो ने बताया कि हर बार कार्यालय में लगातार बोलने के बाद ही मानदेय दिया जाता है। पार्षदों का कहना है कि हमेशा की तरह बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद प्रशासन टस से मस नहीं हो रहा। इससे साफ झलकता है कि जनप्रतिनिधियों के मानदेय के प्रति गंभीरता नहीं है। पार्षद अनुराधा शर्मा ने कहा कि मानदेय हमारी मेहनत का अधिकार है, हमेशा हमको उच्चधिकारियों के दखल का इंतजार क्यों करना पड़ता है पार्षद जितेन्द्र पटेल ने आरोप लगाया कि नगर पालिका प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है। हम लोग जनता की आवाज बनकर काम कर रहे हैं और बदले में इतनी छोटी सी राशि भी समय पर नहीं मिल रही। नगरपालिका अधिकारी का बयान मामला मेरी जानकारी में आया है। सोमवार को उनके खातों में राशि डाल दी जायेगी। अंकुर जैन, अधिशाषी अधिकारी एवं नायब तहसीलदार, बयाना पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर मानदेय भुगतान की व्यवस्था नहीं की गई तो वे विरोध का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

## झुन्झुनू में 13 सितम्बर से 20 सितम्बर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**झुंझुनूं ( हुक्मनामा समाचार )।** झुंझुनू की पावन धरा पर आगामी 13 सितम्बर से 20 सितम्बर तक मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है । इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन के संयोजक महेश बसावतिया ने बताया कि पूज्य राघव ऋषि जी महाराज, अंतरराष्टीय ख्याति प्राप्त वक्ता, विधा सिध्द एवं ज्योतिष सम्राट व्यास पीठ से कथा वाचन करेंगे । 13 सितम्बर को 9,बजे,विशाल कलश व शोभायात्रा के साथ इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन का आगाज होगा। कथा वाचन का समय प्रतिदिन 2,30 से सायंकाल 6.00 बजे तक होगा। कथा स्थल मुनि आश्रम अतिथि भवन, खेमी सती रोड़ झुंझुनूं होगा। बसावतिया ने आगे कहा कि झुंझुनूं के धर्मपरायण महानुभावों में गणेश कुमार हलवाई, सुभाष जालान, डीएन तुलस्यान, परमेश्वर हलवाई, प्रदीप पाटोदिया, सीए मनीष अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, ललित जोशी, विपुल छक्कड़, नितिन रूंगटा, रूपेश तुलस्यान, कांत पंसारी, नरेश ढढेरा आदि कथा को भव्य व सुंदर आयोजन को लेकर बेहद उत्साहित है। उन्होंने झुंझुनूं के सभी धर्मपरायण लोगों से कथा सुनने को लेकर आग्रह किया है ।

### जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की बैठक का किया गया आयोजन

# जिले के 8 परीक्षा केंद्रों पर चतुर्थ श्रेणी परीक्षा में 19 सितंबर से 21 सितंबर तक कुल 15264 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**खैरथल ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में चतुर्थ श्रेणी परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी चतुर्थ श्रेणी परीक्षा की तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई और सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक महिला एवं एक पुरुष पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, परीक्षा से एक दिन पूर्व जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। परीक्षा संचालन की पारदर्शिता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दो वीडियोग्राफर नियुक्त करने के निर्देश भी दिए, जो परीक्षा प्रक्रिया के हर पहलू को वीडियोग्राफी के माध्यम से रिकॉर्ड करेंगे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की परीक्षा के दौरान केंद्रों पर बिजली कटौती संबंधी समस्या नहीं आवे इसके लिए पहले से ही व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने बताया कि इस बार जिले के सभी केंद्रों पर चतुर्थ श्रेणी परीक्षा में कुल 15,264 अभ्यर्थी भाग लेंगे। परीक्षा का आयोजन जिले के 8 परीक्षा केंद्रों पर 19 सितंबर से 21 सितंबर तक कुल छह पारियों में किया जाएगा। प्रत्येक पारी में 2,544 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहली पारी प्रातः 10ः00 बजे से 12ः00 बजे तक एवं दूसरी पारी दोपहर 3ः00 बजे से सांय 5ः00 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल एवं सुरक्षित संचालन हेतु दो विशेष दल भी




गठित किए गए हैं। प्रत्येक दल में तीन सदस्य होंगे, जो परीक्षा संचालन के दौरान किसी भी अनियमितता पर नजर रखेंगे तथा समय रहते आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

## एक नजर

### भारतीय किसान संघ के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर तीन घंटे बैठक की, ज्ञापन से आंदोलन की दी चेतावनी




**टोडारायसिंह ( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय किसान संघ शाखा टोडारायसिंह के बेनरल तले शुक्रवार को करीब 100 किसानों ने विश्रामगृह पर तीन घंटे तक अपनी मांगों को लेकर बैठक की। बाद में वहां से पैदल मार्च कर नारेबाजी करते हुए उपखण्ड कार्यालय पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम एसडीएम कपिल शर्मा को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। साथ ही मांगों को नहीं माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी से प्रशासन को आगाह किया है। दोपहर करीब 12 बजे भारतीय किसान संघ के किसानों की विश्राम गृह पर बैठक हुई। जिसमें जयपुर प्रांत संगठन मंत्री नीरज कुमार ने किसानों की समस्याओं को बताते हुए जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। संभाग अध्यक्ष पोखर लाल जाट, टोंक जिलाध्यक्ष रमेश चंद, जिला मंत्री टोंक विनय सिंह, टोडारायसिंह तहसील अध्यक्ष जगदीश घटाला, तहसील मंत्री राजकुमार प्रजापत ने किसानों की समस्याओं को बताते हुए अपने हक की लडाई लडने के लिए प्रेरित किया। तहसील अध्यक्ष जगदीश घटाला ने कहा कि हमारे क्षेत्र में पिछले एक वर्ष से किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिनका स्थानीय स्तर पर कोई भी समाधान नहीं हो पा रहा है। ऐसे में किसानों की मांगों को अविलंब पूरा किया जाए। किसानों की मांगों में वर्ष 2024-25 खरीफ फसल खराबे का आपदा राहत मुआवजा किसानों के खातों में अविलम्ब डाला जाए। खरीफ की फसल अत्यधिक वर्षा से 80 से 90 प्रतिशत तक गलकर खराब हो चुकी है। जिसकी उचित गिरदावरी करवाकर आपदा राहत मुआवजा दिलवाया जाए। खरीफ व रबी फसल बीमा क्लेम का पैसा अविलम्ब किसानों के खातों में डाला जाए। राजस्थान में टोंक जिला सरसों उत्पादन में पहले स्थान पर आता है। इस वर्ष अच्छी बरसात होने से रबी की बुआई का रकबा बढेगा। इसलिए रबी फसल के लिए फास्फेटिक डीएपी, एनपीके, एसएसपी-यूरिया जैसे उर्वरकों की मांग अनुरुप आपूर्ति सहकारी समितियों के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। जिससे किसानों को असली खाद मिले और कालाबाजारी पर अंकुश लगाया जा सके।

## श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण लीला का हुआ वर्णन



**कामां ( हुक्मनामा समाचार )।** तीर्थराज विमलकुण्ड विराजित मदनगोपाल सिद्धबाबा मन्दिर पर पांचवें दिन कथा व्यास रामकुमार शर्मा ने भक्तों को भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुनाएं उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है पूतना वेश बदलकर भगवान कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है लेकिन भगवान कृष्ण उसकी मौत के घाट उतार देते हैं उसके बाद कार्तिक माह में बृजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं भगवान कृष्ण के द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजा करने से मना करते हैं गोवर्धन महाराज की पूजा करने बात कहते हैं इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं जिसको देखकर समस्त बृजवासी परेशान हो जाते हैं भारी वर्षा को देख भगवान कृष्ण गोविंद पर्वत को अपनी कनिष्ठ कुंडली पर उठाकर पूरे नगर वासियों को पर्वत के नीचे बुला लेते हैं जिसको हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्ष को बंद कर देते हैं इसके बाद ब्रज में भगवान कृष्णा और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगने लगते हैं और मौके पर छप्पन भोग लगाया जाता है इस अवसर पर भजन गायक ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

## भरतपुर का झंडा निजी संपत्ति नही, पूर्वजों की वीरता त्याग व गौरव का प्रतीक



**नदबई ( हुक्मनामा समाचार )।** नदबई क्षेत्र के गांव गादौली में शुक्रवार को करनसिंह चेयरमैन की अध्यक्षता में सर्व समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्यरूप से 21 सितम्बर को मोती महल पहुंचने व भरतपुर जिले का झण्डा लगाने का निर्णय लिया। इससे पहले बैठक में मौजूद संतोष फौजदार व पंचायत समिति उपप्रधान भूपेन्द्र फौजदार ने भरतपुर झण्डे को किसी भी परिवार की निजी सम्पत्ति नही होना बताते हुए भरतपुर झण्डे को पूर्वजों की वीरता, त्याग व गौरव का प्रतीक बताया। साथ ही 21 सितम्बर को प्रस्तावित मोती महल पर भरतपुर झण्डारोहण में अधिक से अधिक सर्वसमाज के लोगों को शामिल होने का संदेश दिया। बैठक दौरान उपस्थित वक्ताओं ने समाज की एकजुटता को लेकर भी संकल्प दिलाया। बैठक में सुरेशपाल, दिनेश सिनसिनी, सौरभ सोलंकी, मानवेन्द्र सिंह, हरि पहलवान, पंकज नम्बरदार आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन विक्रम फौजदार ने किया।

## मुकुंदगढ़ में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की जयंती मनाई



**मुकुंदगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे में मंडावा रोड स्थित भगवान देवनारायण मंदिर परिसर में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की जन्म जयंती मनाई गई। इस मौके पर बैंसला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। गुर्जर महासभा झुंझुनूं जिला अध्यक्ष राकेश गुर्जर ने कहा कि समाज में शैक्षिक, राजनीतिक एवं सामाजिक चेतना जागृत करने में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला का अहम योगदान रहा है। समाज के उत्थान और जनसेवा के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे। कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि प्रेम गुर्जर, एडवोकेट कृष्णा गुर्जर, गुमान गुर्जर, राहुल गुर्जर, विक्की गुर्जर, विक्रम गुर्जर, दीपक गुर्जर, सत्यनारायण गुर्जर आदि समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री युवा संबल योजनाः औचक निरीक्षण में अनुपस्थित मिले पांच इंटर्न

# लम्बे समय से अनुपस्थित रहने के बावजूद एक इंटर्न की फर्जी उपस्थिति अपलोड वसूली के साथ कानूनी कार्यवाही प्रस्तावित

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के तहत बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले इंटर्स के कार्यस्थल का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पांच इंटर्न अनुपस्थित मिले। एक इंटर्न लम्बे समय से अनुपस्थित रहने के बावजूद फर्जी तरीके से उपस्थित अपलोड करना पाया गया। इसके मद्देनजर संबंधित का बेरोजगारी भत्ता बंद करते हुए वसूली अथवा अन्य नियम संगत कानूनी कार्यवाही प्रस्तावित की गई। उपक्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के उपनिदेशक



हरगोबिंद मित्तल ने बताया कि योजना के तहत बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले प्रार्थियों को सरकारी विभागों में प्रतिदिन चार घंटे की इंटर्नशिप करनी होती है। शुक्रवार को श्रीडूंगरगढ़ ब्लॉक स्थित राजकीय विद्यालयों में इसका औचक भौतिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सात में से पांच इंटर्न अनुपस्थित मिले। इनमें भरत राम पुत्र केशरा राम के कई माह से अनुपस्थित होने के बावजूद फर्जी उपस्थिति बनाकर अपलोड किया जाना पाया गया। निरीक्षण के दौरान भरत राम का बेरोजगार भत्ता अविलम्ब बंद कर दिया गया। पूर्व में भत्ते के रूप में भुगतान की गई राशि की वसूली अथवा कानूनी कार्यवाही नियमानुसार प्रस्तावित की जाएगी। मित्तल ने बताया कि संबंधित कार्यालय अध्यक्षों द्वारा इंटर्स की प्रतिदिन चार घण्टे की उपस्थिति, दैनिक डायरी तथा उपस्थिति पंजिका का संधारण एवं अन्य दस्तावेजों की जांच करने के बाद ही उपस्थिति प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। रोजगार विभाग द्वारा नियमित रूप से इंटर्स की उपस्थित एवं अन्य दस्तावेजों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान सत्यापन में पाई गई अनियमितताओं में यदि किसी भी राजकीय कार्मिक की संलिप्तता हुई, तो उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्रकरण, सम्बन्धित उच्चाधिकारियों तथा योजना के नोडल अधिकारी जिला कलक्टर के ध्यान में लाया जाएगा।मित्तल ने बताया कि इससे पहले चार घंटे की इंटर्नशिप किए बिना फर्जी उपस्थिति प्रमाण पत्रों से बेरोजगारी भत्ते लेने वाले प्रार्थियों से गत वर्षों में आठ लाख रुपए वसूली की गई है।

## पीबीएम अस्पताल में हंगामा, नर्सिंग एसोसिएशन अध्यक्ष पद से कार्यमुक्त

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर संभाग के सबसे बड़े अस्पताल पीबीएम में आए दिन मरीजों और डॉक्टरों के बीच विवाद सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन इस बार मामला नर्सिंग स्टॉफ तक पहुंच गया। गुरुवार को बच्चा अस्पताल में ड्यूटी लगाने को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि नर्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार पर ही मारपीट और अभद्रता के आरोप लग गए। आरोपों के बाद नर्सिंग स्टाफ के एक पक्ष ने पीबीएम अधीक्षक सुरेन्द्र वर्मा से मुलाकात कर रविन्द्र कुमार को पद से हटाने की मांग रखी। वहीं नर्सिंग कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार और धरने की चेतावनी भी दी।



बढ़ते विवाद को देखते हुए शुक्रवार को प्राचार्य एसपी मेडिकल कॉलेज डॉ. गुंजन सोनी के साथ वार्ता हुई और बड़ा फैसला सामने आया। सूत्रों के अनुसार, एसोसिएशन अध्यक्ष एवं यूटीबी नर्सिंग ऑफिसर रविन्द्र कुमार को कार्यमुक्त कर दिया गया है। हालांकि जब इस पर प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी से बातचीत की गई तो उन्होंने सिर्फ जांच चलने की बात कही और कार्यमुक्ति पर टिप्पणी करने से बचते रहे। दूसरी ओर नर्सिंग स्टॉफ का कहना है कि रविन्द्र कुमार को पद से हटा दिया गया है और यही कारण है कि स्टॉफ का आंदोलन अभी भी जारी है।

## विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताहः जागरूकता सेमिनार आयोजित

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के तीसरे दिन शुक्रवार को सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग एवं नशा मुक्ति विभाग की ओर से सिंथेसिस कोचिंग संस्थान के विद्यार्थियों के बीच जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। मानसिक रोग विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ श्री गोपाल गोयल ने बताया कि विद्यार्थियों को आत्महत्या रोकथाम के उपाय, मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल तथा तनाव प्रबंधन पर जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान विद्यार्थी तनाव, दबाव और असफलता से टूट जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में धैर्य और सकारात्मक सोच ही रास्ता दिखाती है। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, योग, समय प्रबंधन, पर्याप्त नींद और परिजनों तथा मित्रों से विचारों को साझा करना तनाव कम करने में सहायक है। डॉ मनीषा चौधरी ने आत्महत्या रोकथाम के क्पीआर मॉडल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह मॉडल एक गेटकीपर प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो आम लोगों से लेकर पेशेवर तक को आत्महत्या की आशंका वाले व्यक्ति की मदद करना सीखता है। इस दौरान एनएमएचपी के सीआरए विनोद कुमार पंचारिया, नर्सिंग स्टाफ राजीराम ने भी विचार रखें तथा विद्यार्थियों को जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने तथा कठिन परिस्थितियों में निराश न होकर मदद लेने के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान के प्रवीण शर्मा ने आभार जताया।

## बीडीए की अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही आई हॉस्पिटल के आगे से लगी रेडिया व खोखे हटाए

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में हो रखे अतिक्रमण को हटाने का अभियान फिर से शुरू हो गया है। शहर चलो अभियान में मिल रही शिकायतों के आधार पर बीडीए ओर निगम अतिक्रमण हटा रहे है।इसी कड़ी में बीडीए की ओर से आज नेत्र चिकित्सालय के आगे रखी रेडिया ओर खोखे हटाए गए।इस दौरान कुछ विरोध भी हुआ। लेकिन उसे दरकिनार कर अतिक्रमण हटा छेतावनी दी गई की फिर से गाड़े ना लगावे।

## 11 थानों के बदलेंगे थानाधिकारी, जिले में तैनात 27 सब इंस्पेक्टर बने सीआई

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के नौ थानों के थानाधिकारी जल्द ही बदलने वाले हैं। आगामी डेढ़ माह के अंदर बीकानेर जिले के थानों में बड़ा परिवर्तन होगा। दरअसल, बीकानेर जिले में तैनात नौ थानाधिकारियों सहित जिले से संबंधित करीब 27 सब इंस्पेक्टर अब सीआई पद पर प्रमोट हो गये हैं। अब इनके कांधे पर तीन स्टार चमकेंगे। हालांकि अभी डेढ़ महीने की पीसीसी होनी बाकी है। पीसीसी के बाद इनके दो सितारे तीन में बदल जाएंगे। इस प्रमोशन की वजह से गंगाशहर, कोतवाली, नयाशहर, रणजीतपुरा, गजनेर, कोलायत, पूगल, जसरासर, देशनोक, महाजन, छत्तरगढ़ थानों के थानाधिकारी बदल जाएंगे। इसके अलावा एसपी का रीडर, विद्युत थाना प्रभारी, जीआरपी, डीएसटी सहित विभिन्न थानों के सेकंड अफसर भी बदल जाएंगे। ये बने सीआई- गंगाशहर थानाधिकारी परमेश्वर सुथार, कोतवाली थानाधिकारी जसवीर कुमार, नयाशहर थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी, रणजीत पुरा थानाधिकारी राकेश स्वामी, गजनेर थानाधिकारी चंद्रजीत सिंह, कोलायत थानाधिकारी लखवीर गिल, पूगल थानाधिकारी पवन सिंह, जसरासर थानाधिकारी संदीप पूनिया, देशनोक थानाधिकारी सुमन शेखावत, महाजन थानाधिकारी कश्यप सिंह, छत्तरगढ़ थानाधिकारी भजनलाल, डीएसटी के संदीप खीचड़, एसपी के रीडर जगदीश सिंह, एसीबी में तैनात आनंद मिश्रा, पिंकी गंगवाल व श्रवण विश्नोई, सदर के राजीव रॉयल, विद्युत थाने की विजयश्री, रेणुबाला, लाइन पुलिस के प्रताप, बीछवाल की सुशीला, सुरेंद्र बारूपाल, विशु शर्मा, जीआरपी की नेहा राजपुरोहित, रमेश बिद्धु, सुषमा शेखावत , महेंद्र सेन व संध्या।

## बीकानेर कोर्ट परिसर में हंगामा, बिना तलाक पत्नी ने कर ली दूसरी शादी

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** पहली शादी के बाद बिना तलाक लिए दूसरी शादी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बीकानेर शहर के आचार्यो की बगेची निवासी महावीर ने सदर थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि उसकी पत्नी ने कानूनी रूप से तलाक लिए बिना ही दूसरे व्यक्ति से विवाह कर लिया। परिवादी ने आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष न केवल उसके गहने लेकर चले गए, बल्कि शिकायत करने पर उसे फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी। यह पूरा घटनाक्रम कोर्ट परिसर में होने की जानकारी सामने आई है। सदर थाना पुलिस ने महावीर की रिपोर्ट के आधार पर ललिता, मदनलाल, मसिया, ज्योति समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस युवा नेता रामनिवास कूकणा ने काली पट्टी बांध कर आक्रोश का पैदल मार्च निकाला

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर के सादुल गंज स्थित आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर में पिछले दिनों हुई एक मरीज की मौत को लेकर उपजे विवाद को लेकर पिछले दो दिन से पुलिस और प्रदर्शनकारियो के बीच धरना लगाने को लेकर चल रहा विवाद शुक्रवार को शांत हो गया। कांग्रेस नेता रामनिवास कूकणा के नेतृत्व में आज तीसरे दिन भी डूंगर कॉलेज से सादुलगंज स्थित सेंटर तक काली पट्टी बांधकर आक्रोश रैली निकली गई। पुलिस ने आज सेंटर से कुछ दुरी पर धरना लगाने की अनुमति दी। जिस के बाद प्रदर्शनकारी धरने पर बैठ गए। गौरतलब है कि सेंटर में पखवाड़े भर पहले एक



मरीज की मौत हो गई थी। परिजनों व अन्य लोगों ने अस्पताल में हंगामा किया था। जिसके बाद कांग्रेस नेता रामनिवास कुकणा ने निजी अस्पताल में हुई मौत के मामले में डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका रजिस्ट्रेशन रद्द करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन दो दिन से पुलिस ने आम रास्ता अवरुद्ध नहीं करने की गुहार लगाई लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। इस पर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों को पुलिस को खदेड़ना पड़ा। पुलिस ने पहले प्रदर्शनकारियों से समझाइश की। बाद में उन्हें जबरन उठाया।

# सपने वही देखते है जिनके सपनो मे जान होती है : विश्राम मीणा

### सी एम मूंधड़ा फाउंडेशन ने किया अध्यापको का सम्मान

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में नापासर कस्बे के मुख्य बाजार स्थित गीता देवी बागड़ी बालिका विद्यालय मे विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम बीकानेर संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा की अध्यक्षता में तथा मुंधड़ा फाउंडेशन के श्रीकिशन मुंधड़ा एवं बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वाराका प्रसाद पचीसिया के मुख्य



आतिथ्य मे किया गया द्य विद्यालय की छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक मॉडल बनाये गए । विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए संभागीय आयुक्त ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हुई की बालिकाएं आगे बढ़ रही है और मै पहली बार इस स्कूल मे आया हुँ यह राजस्थान की वास्तव मे मॉडल स्कूल है यहाँ की छात्राऐं दिन प्रतिदिन नवाचार कौशल का विकास कर रही है जो की बहुत अच्छा है । बालिकाएं आगे बढ़ेगी तो देश आगे बढेगा द्य भामाशाह श्रीकिशन मूंधड़ा ने बताया कि विद्यालय की नींव अध्यापक होते है उनके योगदान के कारण ही विद्यार्थियों मे बौद्धिक विकास होता है आज नापासर का बालिका विद्यालय न केवल शिक्षा मे बल्कि हर क्षेत्र मे आगे है जो की अपने आप मे बहुत बड़ी उपलब्धि है ।

आज का दिन अध्यापको के द्वारा किये गये योगदान का दिन था गुरु वंदन गुरु देवो और यह सम्मान बीकानेर के संभागीय आयुक्त के हाथो सम्मानित होना भी बहुत बड़ी उपलब्धि है द्य मुख्य अतिथि द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि मूंधड़ा परिवार द्वारा बालिका शिक्षा में किये गए कार्य अतुलनीय है । मूंधड़ा परिवार का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा, शिक्षा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में समाज को पुनः लौटाने का रहा है । अध्यापक सम्मान कार्यक्रम एवं विज्ञान प्रदर्शनी मे कस्बे के कालूराम जी मुंधड़ा, दामोदर प्रसाद झंवर, द्वारका प्रसाद पचीसिया, अनंतवीर जैन, राजेश लदरेचा, भगवान महावीर चाइल्ड वेलफेयर सचिव संजय आदि उपस्थित हुए ।

## एक नजंर

### एमजीएसयू में करियर काउंसलर भर्ती पर सवाल, भाजपा नेता ने उठाए गंभीर सवाल

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर की महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में करियर काउंसलर की नियुक्ति हेतु जारी विज्ञापन विवादों में घिर गया है। भाजपा नेता डॉ. भगवान सिंह मेड़तिया ने कुलगुरु को ज्ञापन सौंपते हुए विज्ञापन की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाए।डॉ. मेड़तिया ने कहा कि - 2025-26 के लिए जारी इस विज्ञापन पर न तो क्रमांक अंकित है और न ही दिनांक। आवेदन के लिए अत्यंत अल्प समय दिया गया। वहीं व्यापक प्रचार-प्रसार का भी अभाव रहा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय अधिनियम के अंतर्गत संबंधित निकाय से पद व योग्यता निर्धारण की कोई प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। विज्ञापन में करियर काउंसलिंग में डिप्लोमा और दो साल का अनुभव अनिवार्य किया गया है। जबकि न तो यूजीसी और न ही किसी नियम अध्यादेश में ऐसी शर्तों का उल्लेख है। डॉ. मेड़तिया ने आरोप लगाया कि यह योग्यता किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए गढ़ी गई प्रतीत होती है, जो उच्च शिक्षा संस्थान की गरिमा के विपरीत है। उन्होंने मांग की है कि सक्षम निकाय—विद्या परिषद व प्रबंध समिति—के माध्यम से योग्यता निर्धारण कर इस पर पुनर्विचार किया जाए।

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** देशभर सहित बीकानेर जिले में दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा जिसमें महिलाओं, बच्चों व किशोरी बालिकाओं के लिए शहर से लेकर गांव तक विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के साथ असंक्रामक रोग स्क्रीनिंग, एनीमिया, टीबी इत्यादि की जांच तथा आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने जैसी सेवाएं उपलब्ध होगी। इसी के साथ विभिन्न रक्तदान शिविरों का आयोजन कर नए रक्तदाताओं को जोड़ा जाएगा। अभियान की पूर्व तैयारी को लेकर शुक्रवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौर की अध्यक्षता में राज्य स्तर से वीडियो कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। वीसी में राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ अमित यादव, अतिरिक्त मिशन निदेशक डॉ टी शुभमंगला, निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ रवि प्रकाश शर्मा सहित आल्हा अधिकारी शामिल हुए। वहीं जिला स्तर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पुखराज साध, उपनिदेशक डॉ राहुल हर्ष, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता, डिप्टी सीएमएचओ डॉ योगेंद्र तनेजा, डॉ लोकेश गुप्ता, डॉ मुकेश जनागल, ब्लॉक सीएमओ डॉ मुकेश मीणा, डॉ सुनील जैन, डीपीएम सुशील कुमार, राजेश सिंगोदिया, रेनू बिस्सा, मालकोश आचार्य, योगेश पवार सहित जिला स्तरीय अधिकारी जुड़े। वीसी में आगामी उद्घाटन कार्यक्रम व आयोजित होने वाले शिविरों के माइक्रो प्लान का निर्धारण किया गया व सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। सीएमएचओ डॉ साध ने बताया कि अभियान का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी इंदौर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम से करेंगे जबकि राज्य स्तर, जिला स्तर तथा समस्त ब्लॉक स्तर पर भी उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला व ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों में राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट भी किया जाएगा।

## महिला समाधान समिति की बैठक आयोजित

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला स्तरीय महिला समाधान समिति की बैठक शुक्रवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संस्थाओं का कार्य असंतोषजनक होने एवं सेवाप्रदाता में पंजीकृत ना होने पर उनका अनुबंध समाप्त किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में संस्थाओं द्वारा संचालित सात महिला सुरक्षा व सलाह केंद्र के अवधि विस्तार पर चर्चा हुई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि महिलाओं के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र का संचालन किया जा रहा है। जो संस्थाएं यह कार्य पूर्ण जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ नहीं कर रही हैं। उन संस्थाओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

### राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस श्री जी.आर. मूलचन्दानी एक दिवसीय टोंक दौरे पर रहे



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस श्री जी.आर. मूलचन्दानी शुक्रवार को एक दिवसीय टोंक दौरे पर रहें। इस दौरान उन्होंने जिला कारागृह का निरीक्षण किया तथा जेल अधीक्षक जयसिंह से बंदियों की संख्या, परिजनों से मुलाकात करने का दिन व समय, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं संधारित रिकार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जस्टिस श्री मूलचन्दानी ने ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक जसवंत चौधरी को कारागृह में प्रतिदिन की ओपीडी, दवाईयों एवं आवश्यक मेडिकल संसाधनों की उपलब्धता समेत बंदियों के स्वास्थ्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के समय उन्होंने एक-एक बंदी से बात कर उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और जेल अधीक्षक को समाधान के निर्देश दिए। जस्टिस श्री मूलचन्दानी ने बंदियों को उनकी आगामी पेशी की जानकारी देने, विधिक सहायता उपलब्ध कराने, परिजनों से मिलवाने एवं दूरभाष पर बात कराने के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की मानवीय दृष्टीकोण रखते हुए बंदियों से मिलने के लिए आने वाले परिजनों को लम्बा इंतजार नही कराएं। उन्होंने बंदियों को दिये जाने वाले नाश्ते व भोजन की गुणवत्ता पर जोर दिया। साथ ही शौचालय की साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सेंशन न्यायाधीश टोंक दिनेष कुमार जलुथरिया, उपखण्ड अधिकारी निवाई रामकरण सिंह समेत जिला कारागृह स्टॉफ मौजूद रहा। इसके बाद जस्टिस श्री मूलचन्दानी ने सर्किट हाउस में जिला अधिकारियों के साथ मानव अधिकार संबंधी लम्बित प्रकरणों पर चर्चा की। इस दौरान जिला मजिस्टेªट कल्पना अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना, एडीएम रामरतन सौंकरिया, सीएमएचओ शैलेन्द्र सिंह चौधरी मौजूद रहें

# 'गौरव गाथा' माली सैनी समाज रत्न सम्मान समारोह का हुआ आगाज, नवाचार व एकजुटता ही समृद्ध समाज की पहचान : भागचन्द सैनी

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** माली सैनी समाज बीकानेर द्वारा तीन दिवसीय गौरव गाथा माली सैनी समाज रत्न सम्मान समारोह का आगाज शुक्रवार को गोपेश्वर बस्ती स्थित शिव पार्वती मंदिर में हुआ। माली सैनी सामूहिक विवाह संस्थान अध्यक्ष कन्हैयालाल भाटी ने बताया कि समारोह में बांदीकुई विधायक भागचन्द सैनी का मुख्य आतिथ्य रहा। उद्घाटन समारोह में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी, बीसूका चूरू अध्यक्ष आशाराम सैनी, कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण




पंवार, कालूराम भाटी, कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष यशपाल गहलोत एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनोद गढ़वाल का विशिष्ट आतिथ्य रहा। तीन दिवसीय गौरव गाथा' माली सैनी समाज रत्न सम्मान समारोह के प्रथम दिन योगी शिवसत्यनाथजी महाराज एवं श्रीश्यामसुंदरदासजी महाराज का सान्निध्य रहा। अध्यक्ष कन्हैयालाल भाटी ने बताया कि दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ तथा समाज के बालक-बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक भागचन्द सैनी ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं एवं समाजरत्नों का सम्मान करना समृद्ध समाज की पहचान है। हम सभी सामाजिक बंधुओं का दायित्व है कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें मंच प्रदान करें। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी ने कहा कि तीन दिवसीय गौरव गाथा माली सैनी समाज रत्न समारोह समाज में प्रेरणा बने तथा शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में भी समाज एकजुटता के साथ कार्य करे तो निश्चित रूप से समाज और भी सुदृढ़ बनेगा। इस दौरान मंचासीन अतिथियों ने भी प्रेरक उद्बोधन से प्रतिभाओं का उत्साह बढ़ाया। प्रथम दिवस समाजसेवा रत्न सम्मान प्रदान किए गए तथा दिवंगत समाजसेवियों का भी स्मरण कर उनके परिजनों को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन मेघराज टाक, नंदकिशोर गहलोत एवं राघव सोलंकी द्वारा किया गया। प्रतिभा रत्न श्रेणी सम्मान 13 सितम्बर को में वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 में 10वीं 12वीं में 75त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं। कॉलेज व यूनिवर्सिटी स्तर पर टॉपर। राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी। महिलाएं व युवा जिन्होंने हैंडीक्राफ्ट, ब्यूटी पार्लर, डिजाइनिंग, कंप्यूटर शिक्षा आदि क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता हासिल की है। वे व्यक्ति जो वर्तमान में सरकारी सेवाओं, डॉक्टरी, वकालत या अन्य पेशेवर क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। ऐसे व्यक्तित्व जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समाज और देश का गौरव बढ़ाया है।

## एक नजर

### बीजेपी शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड की अध्यक्षता में सेवा पखवाडा की जिला कार्यशाला की तैयारी बैठक हुई

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड की अध्यक्षता में सेवा पखवाडा की जिला कार्यशाला की तैयारी बैठक हुई। जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड ने बताया कि 13 सितंबर को होने वाली कार्यशाला में प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया मुख्य वक्ता रहेंगे, संभाग प्रभारी सी.आर. चौधरी, जिला संगठन प्रभारी दशरथ सिंह शेखावत, विधायक सुश्री सिद्धी कुमारी, विधायक जेठानंद व्यास का सान्निध्य मिलेगा। सेवा पखवाड़ा अभियान के जिलासंयोजक श्याम सिंह हाडला ने बताया कि कार्यशाला में जिला और मंडलों के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

मीडिया संयोजक कमल गहलोत बताया कि कार्यशाला की तैयारी बैठक में जिलामहामंत्री कौशर शर्मा, जिला मंत्री सुमन शेखावत, विनोद करोल, मंजूषा भास्कर, गोपाल अग्रवाल, रामकुमार व्यास, सुशील आचार्य उपस्थित रहे।

### उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति एवं तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा सर्तकता समिति की बैठक आयोजित



**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति एवं तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा सर्तकता समिति की बैठक का आयोजन जिला रसद अधिकारी कल्याण सहाय करोल की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें समस्त प्रर्वतन स्टाफ सहित उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति एवं तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा सर्तकता समिति उपस्थित आये। बैठक में जिला रसद अधिकारी ने हाल ही में जारी उचित मूल्य दुकान आवंटन विज्ञप्ति के बारे में संक्षिप्त जानकारी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा सर्तकता समिति के सदस्य अपने क्षेत्र में उचित मूल्य दुकानों में खाद्य ान्न का समय पर नियमानुसार सही मात्रा एवं गुणवत्तापूर्ण वितरण कराया जाना सुनिश्चित करें। उपभोक्ता पखवाडा माह की 1 तारीख से 15 तारीख तक समय प्रात: 9.00 बजे से 5. 00 बजे तक (मध्यान अवकाश छोडकर) के दौरान राशन का वितरण किया जाना एवं दुकान के बाहर विभागीय सूचनाओं एवं योजनाओं को प्रर्दशित किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सर्तकता समिति के सदस्य यह भी ध्यान देवें कि उचित मूल्य दुकानों के बाहर पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के बैनर लगे हों। ई-केवाईसी के अभाव में कटे हुये राशन कार्ड धारक आधार कार्ड को अपडेट करा कर केवाईसी कराया जाना सुनिश्चित करें। जिला रसद अधिकारी ने प्रर्वतन स्टाफ को अपने स्तर से राशन डीलरों को नियमानुसार उचित मूल्य दुकान खोलने एवं विभागीय नियमों के पालन कराये जाने के निर्देश दिये।

## राज्य सरकार द्वारा मनोनित तहसील स्तरीय सलाहकार समिति एंव तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा एंव सतर्कता समितियो सदस्यों की बैठक आयोजित



**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** नागरिक एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के अतिरिक्त खाद्य आयुक्त के निर्देशानुसार 12 सितम्बर को जिले में राज्य सरकार द्वारा मनोनीत तहसील स्तरीय सलाहकार समिति एंव तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा एंव सतर्कता समिति के सदस्यों की जिला रसद अधिकारी टोंक इन्द्रपाल मीना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिला रसद अधिकारी द्वारा गठित समिति के सदस्यो को उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो एंव अधिकार के संबंध में जानकारी दी। बैठक के दौरान दोनों समितियों के सदस्यो को विभाग के प्रमुख कार्य गिवअप अभियान के बारे में बताया। साथ ही उनको सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए कहा गया। सतर्कता समितियों के सदस्यों को उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाली उचित मूल्य दुकानों के अधिक से अधिक निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया।

## 2 अक्टूबर से सहकार सदस्यता अभियान

## 15 सितम्बर से जिले में चलेंगे 'शहर चलो अभियान' 17 सितंबर से ग्रामीण सेवा शिविर

**झुंझुनूं (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में 15 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले 'शहर चलो अभियान' और 17 सितंबर से 'ग्रामीण सेवा शिविर' व 2 अक्टूबर से शुरू हो रहे सहकार सदस्यता अभियान की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार आयोजित हुई। बैठक में ब्लॉक स्तर पर सभी उपखंड अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविरों में अधिकतम



लाभार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही पेंशन, खाद्य सुरक्षा, श्रम, चिकित्सा, सामाजिक न्याय, उद्योग, राजस्व सहित सभी विभाग मौके पर उपस्थित रहकर समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें।

डॉ गर्ग ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी तय कर समयबद्ध काम करें। शिविरों की नियमित प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए।बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर अजय कुमार आर्य, जिला परिषद एसीईओ रामनिवास, उपखंड अधिकारी कौशल्या बिश्नोई समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान जिला कलेक्टर गर्ग ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक भी लेते हुए विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में रिपोर्ट लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

अभियान का उद्देश्य आमजन को योजनाओं का वास्तविक लाभ उपलब्ध कराना और समस्याओं का मौके पर समाधान करना है।

## अंबिकेश्वर महादेव मंदिर आमखोल में वार्षिकोत्सव को लेकर निकाली कलशयात्रा

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** अम्बकेश्कर महादेव मंदिर का सत्रहवां विशाल वार्षिकोत्सव शनिवार को आयोजित होगा। अम्बकेश्वर महादेव मंदिर में सत्रहवे विशाल वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में शुक्रवार को कस्बे के पश्चिम दिशा में स्थित नाथ सम्प्रदाय की गद्दी जोगी आसन के प्राचीन धर्मेश्वर मंदिर से विशाल कलश यात्रा शिव सेवा समिति जमवारामगढ़ की ओर से निशान व ध्वज पूजन के बाद रवाना हुयी। पंडितो ने समिति अध्यक्ष राजेंद्र आंकड, राजेंद्र कुमार सैनी, मुकेश सैनी, रामकिशन मीना व समिति पदाधिकारियों ने पूजा अर्चना



करवायी। विशाल कलश यात्रा को जमवारामगढ़ विधायक महेंद्रपाल मीना ने रवाना किया। समिति के उपाध्यक्ष शंकर लाल गुर्जर ने बताया कि कलश यात्रा बैंडबाजे के साथ देवादिदेव महादेव के भजनो के साथ रवाना हुयी। विशाल कलश यात्रा का कस्बावासियों ने पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। आमखोल में समिति संरक्षक जगदीश शर्मा खवारानी जी, कालूराम मीना, महामंत्री बुद्धि प्रकाश सैनी, पुरण बैंदाडा सहित बडी संख्या में समिति सदस्यों ने जोरदार अभिनन्दन किया। इसके बाद अम्बकेश्वर महादेव का कलश जल, गंगाजल व विभिन्न तीर्थो के जल से जलाभिषेक किया। सत्रहवा वार्षिकोत्सव शनिवार को अम्बकेश्वर महादेव मंदिर परिसर, आमखोल में सत्संग स्थल पर विशाल भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित होगा। शिव सेवा समिति जमवारामगढ़ अध्यक्ष राजेंद्र आंकड़ ने बताया कि भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक संजय पारीक जयपुर, सुभाष तिलकधारी, रामवतार शर्मा व सुरभि चतुर्वेदी भजन प्रस्तुत करेंगे।

भजन संध्या के साथ सुप्रसिद्ध झांकिया नृसिंह अवतार, विष्णु अवतार, बाहुबली हनुमान जी, काली अवतार व शिव तांडव की निकाली जाएगी। वार्षिकोत्सव का समापन रविवार को भंडारे के साथ होगा।

## जीतो का सराहनीय प्रयास : एक ही छत के नीचे मिल रहे बेहतरीन वेडिंग कलेक्शन

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) बीकानेर चेप्टर, लेडिज विंग व यूथ विंग द्वारा तीन दिवसीय द ब्राइडल स्टोरी का शुभारम्भ शुक्रवार को पार्क पैराडाइज में हुआ।

जीतो प्रेजीडेंट जयचंदलाल डागा ने बताया कि बैंगलोर के उद्योगपति शांतिलाल सांड व मुम्बई के उद्योगपति सुरेन्द्र दस्साणी के मुख्य आतिथ्य में एक्जीबिशन का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान हरबंशलाल जैन, रिद्धकरण सेठिया, अशोक धारीवाल तथा युवरागी राठौड़ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे। कार्यक्रम में महावीर रांका, विजय कोचर, इंद्रमल सुराना, चम्पालाल डागा, चम्पकमल सुराना आदि का सान्निध्य रहा।

जीतो महिला विंग अध्यक्ष ममता रांका ने बताया कि अतिथियों ने रिबन खोलकर तथा आसमान में गुब्बारे उड़ाकर द ब्राइडल स्टोरी एक्जिबिशन का उद्घाटन किया। ए वेडिंग एंड लाइफ स्टाइल एक्जीबिशन के तहत उच्च क्वालिटी के प्रॉडेक्ट वाजिब दरों में उपलब्ध रहेंगे। एक्जीबिशन में 60 स्टॉल्स ज्वैलरी, डिजाइनिंग कपड़े, वेडिंग कार्ड्स, इवेंट प्लानर तथा ब्यूटीशियन आदि वेडिंग से संबंधित विक्रेताओं के लिए है तथा 5 स्टाल्स फूड्स के लिए उपलब्ध करवाई गई है। आयोजन के मुख्य प्रायोजक सुरेन्द्र दस्साणी (दस्साणी ब्रदर्स, मुम्बई) तथा प्रायोजक हनुमान रांका महावीर रांका (दिव्या प्रॉपर्टीज), सुशील रेखा रांका (रंगोली), विजयचंद, ललिता देवी, मोहित, रोहित डागा हैं।

सहप्रायोजक हरिश कुमार प्रभात नाहटा, हंसराज डागा (हंशा गेस्ट हाउस), धारीवाल ज्वैलर्स, एवं अशोक रामपुरिया (शाही ज्वैलर्स), इवेंट पार्टनर एम स्क्वायर प्रॉडेक्शनी कम्पनी एवं मीडिया पार्टनर पिंटू राठी हैं।

मंच संचालन हेमन्त सिंघी द्वारा किया गया।

## बंन्दरों के आंतक से परेशान भय के साये में जी रहे हैं लोग

**कामां (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बा के खारी कुआं मौहल्ला में बंन्दरों के आंतक से भय के साये में जी रहे है लोग बंन्दरों के कारण लोग घर से बाहर निकलने से डर रहे हैं गलियों में बंन्दरों के झुंड बैठे रहते हैं और जैसे ही कोई बाहर जाता है बंदर तुरंत हमला कर देते है घरों की छत्तों पर बंन्दरों का जमावड़ा लगा रहता है और मौहल्ले में आने जाने वाले स्कूलों के बच्चों व राहगीरों पर झपट पड़ते हैं यहां तक सामान व मौवाईल को भी जबरन छीन कर भाग जाते हैं और बार बार शिकायत के बाबजूद नगरपालिका प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है खारी कुआं मौहल्ला के स्थानीय निवासियों ने नगरपालिका प्रशासन से बंन्दरों की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है इनका कहना है टेन्डर पास कर दिया गया है दो चार रोज में जाल डालवा कर बंन्दरों को पकड़वा कर समस्या से निजात दिलवा दिया जाएगा ईओ नटवरलाल वसबाल अधिषासी अधिकारी नगरपालिका कामां।

## मुकुंदगढ़ के राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को बताएं प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग से स्वस्थ रहने के तरीके



**मुकुंदगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के राजकीय कन्या महाविद्यालय में शेखावाटी इंस्टीट्यूट ऑफ नेचरोपैथी योग, झुंझुनूं के सहयोग से जीवन जीने की कला आर्ट ऑफ लिविंग विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना के पश्चात् सेमिनार का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य डॉ मंजू लाडला ने बताया कि प्रथम सत्र में डॉ. राजेन्द्र सिंह भाटी द्वारा रोग प्रतिरोधक क्षमता अम्लीय एवं क्षारीय आहार पोषक तत्व पाचन, निष्क्रमण, वात, पित्त, कफ इत्यादि के बारे में बताया। उन्होंने उपचार की एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, प्राकृतिक, यूनानी, होम्योपैथिक पद्धतियों के बारे बताते हुए प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में विस्तार से समझाया। डॉ. भाटी ने बताया कि बीमारी को जड़ से खत्म करना ही प्राकृतिक चिकित्सा का उद्देश्य होता है। साथ ही छात्राओं को हरी सब्जी मौसमी फल, सलाद खाने तथा पानी पीने की सलाह दी। उन्होंने शरीर के आंतरिक शुद्धीकरण की बात कही। इसके साथ-साथ फास्ट फूड नहीं खाने, तला हुआ खाना नहीं खाने, रिफाइंड तेल का इस्तेमाल कम करने पर जोर दिया। द्वितीय सत्र में आकाश कुमार, योग शिक्षक द्वारा छात्राओं को योग के बारे में बताते हुए कहा कि योग हमारे चित की वृत्तियों को संतुलित रखता है।

## कोतवाली थाना क्षेत्र में युवक का रात में किया अपहरण, पैसे नहीं देने पर बदमाशों ने मारपीट कर सड़क पर पटक हुऐ फरार

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** भले ही भजनलाल सरकार की खाकी अपराधों पर रोकथाम लगाने की बात कर रही हो लेकिन दौसा शहर के अंदर बदमाश खुले आम वारदात को अंजाम देकर जा रहे हैं और पुलिस अपराधियों को पकड़ने की बात कह रही है मामला जुड़ा हुआ है कि जहां ट्रेन से सफर कर अपने घर लौट रहा एक युवक सांवल राम मीणा निवासी डोब लाडली का बास का गुरुवार की रात अपहरण हुआ। जिसकी सूचना कंट्रोल रूम को लगने के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने पीछा कर हालांकि युवक को तो



बरामद कर लिया। लेकिन युवक के अपहरण को लेकर अब पूरी तरह से दोसा पुलिस की पूरे जिले भर के अंदर किरकिरी हो रही है । कोतवाली थाना इलाके का पूरा घटनाक्रम है जहां पर सांवरमल मीना नामक युवक बीकानेर से दौसा पहुंचा था देर रात अपने घर लौट रहा था कि रास्ते में अचानक पांच कार में सवार होकर आए बदमाशों ने उसका जबरन अपहरण कर ले गए। सूचना पर पीछे पहुंचे कोतवाली थाना पुलिस ने हालांकि युवक को तो बरामद किया है साथ अपहरण में एक आरोपी को भी डिटेन किया है। पीड़ित युवक सांवरमल मीणा का कहना है कि बीकानेर से देर रात वह दौसा पहुंचा था जहां रास्ते में जा रहा था कुछ अज्ञात बदमाशों ने स्विफ्ट कार के अंदर अपहरण कर ले गए जबरन पैसों की मांग करते हुए पीड़ित सांवरमल के साथ बेरहमी से मारपीट की जहां पुलिस को आप बीती सुनते हुए सांवरमल ने मुकदमा दर्ज कराया ।जहां पर कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कर थाना अधिकारी सुधीर उपाध्याय ने इस मामले की जांच शुरू की है। उन्हें प्रथम निष्ठा अपहरण कर युवक के साथ मारपीट का मामले की जानकारी देते हुए बताया कि एक युवक को पुलिस ने रिटर्न किया है पूछताछ जारी है अन्य पांच की तलाश के अंदर पुलिस की टीम लगी हुई है। वही अप्रैल में काम मिलेगी स्विफ्ट दजीरे को भी बरामद करने की बात सामने आई है।

वही अपहरण की सूचना पर पीड़ित सावल राम मीणा के परिजन और ग्रामीण भी दिनभर कोतवाली के इधर-उधर आरोपी को गिरफ्तार करने सूचना के इंतजार में मंडराते रहे। बदमाशों को देखकर पीड़ित ने लगाई आधा किलोमीटर की दौड़ पीड़ित सांवरमल का कहना है कि बदमाशों ने रात करीब 10ः00 बजे रास्ता रोक कर जबरन गाड़ी में बैठने के लिए कहां यस गाड़ी में नहीं बैठने पर इनकार किया तो आधा किलोमीटर पीछे कर से दौड़कर जबरन मारपीट करते हुए डिक्की के अंदर स्विफ्ट कर के अंदर अपरण कर बदमाश ले गए जहां पर मुझे पैसों की मांग की पीड़ित ने अपने परीक्षित को फोन कर ?5000 फोनपे में डालने की बात कही जहां पीड़ित का परीक्षित ने मोबाइल डिस्कनेक्ट कर दिया जिस पर मेरे में से बदमाशों ने मारपीट कर लाल सूट रोड दौसा शहर में पुलिया के पास छोड़कर मौके से फरार हो गए।

## प्रतियोगिता में मिले मेड़ल तो शिक्षकों ने विद्यार्थियों का किया अभिनंदन

**नदबई (हुक्मनामा समाचार)।** नदबई क्षेत्र में गांव नाम के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मेडल



हासिल करने के बाद राजकीय महात्मा गांधी सीनियर विद्यालय में प्रधानाचार्य रामबाबू शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने विद्यार्थियों का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। बॉक्सिंग टीम प्रभारी सुरेशचंद शर्मा ने जिलास्तरीय प्रतियोगिता में शुभम चौधरी, देवांग सिंह व चंचल को स्वर्ण पदक, दीपक सिंह व जतिन शर्मा को रजत पदक एवं विकास व ओमवीर को कास्य पदक विजेता होने के बारे में बताया। इस दौरान व्याख्याता डॉ दिगम्बर सिंह, ओमप्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।